3 | बस्तर संभाग
'गोबर पेंट में ढूंढा' रोजगार का रास्ता

6 | अभिमत
दो हजार रुपये के नोट की वापसी

10 | संस्कारधानी
एनीकट से पांच घंटे में 90 हजार क्यूबिक मीटर पानी बहा...

11 | छत्तीसगढ़
बीजेपी के दौरान कागजों में बनीं सालेकेरा पुलिया का...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 3 जून 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 280 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सीएम बघेल आज 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव' के समापन होंगे शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायगढ़ में आयोजित 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023' के समापन समारोह और 'केलो महाआरती' में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल 4.30 बजे रायगढ़ पहुंचेंगे और जहां सर्किट हाऊस में शाम 5.45 बजे से विभिन्न प्रतिनिधि मंडलों से मुलाकात करेंगे। शाम 6.30 बजे रायगढ़ में 'केलो महाआरती' में शामिल होंगे। श्री बघेल इस कार्यक्रम के बाद रामलीला मैदान में 'राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023' के समापन समारोह में शामिल होंगे।

### मणिपुर में लोगों ने बड़ी संख्या में हथियार सुरक्षा बलों को सौंपे

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में शुक्रवार को लोगों ने बड़ी संख्या में अपने हथियार सुरक्षा बलों को सौंपे। मणिपुर पुलिस के अनुसार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अपील पर लोगों ने विभिन्न तरह के अत्याधुनिक 140 हथियार सुरक्षा बलों को सौंपे हैं। ये हथियार राज्य भर में अलग अलग जगहों पर जमा कराये गये हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में जातीय गुटों में हिंसा के बाद शाह ने इस सप्ताह राज्य का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की थी। अपने दौरे के अंतिम दिन उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के लोगों से अपने हथियार सुरक्षा बलों के पास जमा कराने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने लोगों के पास से हथियारों की बरामदगी के लिए पुलिस को तलाशी अभियान चलाने का भी निर्देश दिया था। पुलिस के अनुसार गृह मंत्री की अपील का असर हुआ है और विभिन्न जगहों पर लोगों ने 140 हथियार सुरक्षा बलों के पास जमा कराये हैं।

### देश में कोरोना के 267 नये मामले

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 267 नए मामले दर्ज किए गए हैं और इसी अवधि में दो मरीजों की मौत हुई है। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और पिछले 24 घंटों में 359 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,67,12,228 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,49,91,143 हो गयी है।


# ओडिशा में बड़ा ट्रेन हादसा, मालगाड़ी से टकराई कोरोमंडल एक्सप्रेस

एजेंसी < ओड़िशा
www.dailypioneer.com





ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। जानकारी अनुसार बहनागा स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ी आपस में टकरा गई। तलाशी और बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर जुटी हुई हैं। वहीं बालासोर कलेक्टर को भी सभी जरूरी व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को भी सूचना दे दी गई है। टक्कर इतनी भयंकर थी की कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी गई। ट्रेन के कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए। कोरोमंडल की 4 बोगियां पटरी से बाहर उतर गई हैं। कई लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक अभी तक कोई पुष्टी नहीं हो पाई है। वहीं कई यात्रियों के ट्रेन के पलटे डिब्बों में फंसे होने की बात सामने आ रही है। फिलहाल इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है। वहीं हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय ने जानकारी दी कि हादसे वाली जगह पर तलाशी और बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। वहीं बालासोर कलेक्टर को भी सभी जरूरी व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को भी सूचना दे दी गई है। इसके अलावा ट्रैक को खाली कराने का भी काम शुरू कर दिया गया है। डीजीपी फायर सर्विसेज डॉ. सुधांशु सारंगी की भी दुर्घटनास्थल पहुंचे। दूसरी ओर राज्य सरकार बचाव कार्यों के लिए मौके पर जनरेटर और रोशनी की व्यवस्था की है। एडिशनल डीएमईटी ने बताया- हमने 15 एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेजा है। घायलों को सोरो सीएचसी में शिफ्ट करना शुरू कर दिया गया है। कुछ को बेहतर इलाज के लिए रिफर भी किया जा सकता है। खबर लिखी जाने तक बालासोर मेडिकल कॉलेज में 10 यात्रियों को भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक ही ट्रैक पर दोनों गाड़ियों के आ जाने से यह भीषण हादसा हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि सिग्नल वीक होने के कारण दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आ गई। हालांकि हादसे को लेकर अभी तक रेलवे की तरफ से कोई आधिकारिक बयान समाने नहीं आया है। कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन चेन्नई से चलकर ओडिशा होते हुए पश्चिम बंगाल के हावड़ा तक जाती है।




**रायगढ़।** इन दिनों समूचा छत्तीसगढ़ राम भक्ती में लीन है। रायगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय रामायण महोत्सव में देश-विदेश से आए कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शुक्रवार को कलाकारों ने बेहतर प्रस्तुति देते हुए शबरी के धैर्य की गाथा सुनाई। शबरी ने बरसों प्रभू श्रीराम का इंतज़ार किया और जितनी बड़ी उनकी तपस्या रही उनका पुण्य उतना ही जागृत हुआ। भगवान राम उनकी कुटिया में पधारे। सबके हिस्से में शुभ हो, मीठा हो। सर्वे भवन्तु सुखिनः के वैदिक विचार से शबरी ने मीठे बेर खिलाये।

## अनवर ढेबर, ढिल्लन, नितेश और त्रिपाठी फिर हुए कोर्ट में पेश, रिमांड 13 जून तक बढ़ी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शराब घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में शुक्रवार को अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ़ पप्पू के अलावा आबकारी विभाग के अफसर अरुणपति त्रिपाठी की रिमांड बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को सभी आरोपियों को एक साथ स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। यहां पर दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने और आरोपियों के बेल आवेदन पर विशेष न्यायाधीश ने 13 जून को फैसला देने का आदेश दिया। साथ ही इस दौरान पुनः सभी चारों को न्यायिक अभिरक्षा में 13 जून तक जेल भेजने का आदेश जारी किया। जानकारी अनुसार वकीलों ने कोर्ट में अनवर ढेबर की बेल आवेदन प्रस्तुत किया है। इस पर भी विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 13 जून को निर्णय लेंगे। ईडी द्वारा कोर्ट के सामने मामले की न्यायिक जांच हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। दोनों ही मामलों में अब 13 जून को ही स्थिति स्पष्ट होगी। बता दें कि गत शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में कारोबारी अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, त्रिलोक ढिल्लों समेत आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी को अदालत में पेश किया। रायपुर की विशेष अदालत में दिनभर चली सुनवाई के बाद कारोबारी ढेबर और नितेश पुरोहित को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया था और ईडी के पास त्रिपाठी, ढिल्लन थे। बाद में 4 दिन की ईडी की रिमांड में रहने के बाद उन्हें फिर से अदालत में पेश कर जेल अभिरक्षा में भेजा गया था। शुक्रवार को फिर चारों आरोपियों को एक साथ रायपुर जिला न्यायलय में स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया।

## पहलवानों के साथ बदसलूकी 'व्यथित' करने वाली, जल्द समाधान की उम्मीद

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत को 1983 में विश्व चैंपियन बनाने वाली क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को कहा कि वे प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ मारपीट की तस्वीरों को देखकर व्यथित और व्याकुल हैं और उनकी समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मई को प्रदर्शनकारी पहलवानों ने नवनिर्मित संसद भवन की ओर मार्च करने और वहां महिला महापंचायत आयोजित करने की योजना बनायी थी। दिल्ली पुलिस ने कथित रूप से उन पहलवानों के साथ मारपीट की और उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जंतर-मंतर पर धरना स्थल को भी खाली करा दिया और साफकर दिया कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक , विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों को वापस नहीं जाने दिया जाएगा। पहलवान मंगलवार को अपना विरोध हरिद्वार ले गये जहां उन्होंने अपने पदक गंगा नदी में विसर्जित करने का प्रयास किया। किसान नेता नरेश टिकैत ने पहलवानों को रोककर उनसे पांच दिन का समय मांगा था। दिग्गज क्रिकेटरों ने एक संयुक्त बयान में पहलवानों से पदक न बहाने की भी अपील की। टीम ने बयान में कहा, हम अपने चैंपियन पहलवानों के साथ बदसलूकी के अशोभनीय दृश्यों से व्यथित और परेशान हैं। हम इस बात से भी सबसे ज्यादा चिंतित हैं कि वे अपनी मेहनत से कमाये हुए पदकों को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं। बयान में कहा गया, उन पदकों में वर्षों का प्रयास, बलिदान, दृढ़ संकल्प और धैर्य शामिल है और न केवल उनका बल्कि देश का गौरव और आनंद है। हम उनसे आग्रह करते हैं कि वे इस मामले में जल्दबाजी में कोई फैसला न लें और साथ ही उम्मीद करते हैं कि उनकी शिकायतों को सुना जाएगा और उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

## भारत का पुराना गौरव लौटाकर वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाना है : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत को उभरती हुई सुपरपॉवर बताते हुए कहा है कि यह पुनर्जागरण का दौर है और हम सब को मिलकर देश का पुराना गौरव लौटाकर उसे वैश्विक शक्ति बनाना है। सिंह ने कहा, यह पुनर्जागरण का दौर है, यह एक ग्लोबल सुपरपावर के रूप में भारत की पुनर्स्थापना का समय है। अँधेरा छट चुका है, और नए भारत का नया सूर्योदय हो रहा है। इसलिए मैं इमेर्जिंग सुपरपावर से इत्तेफाक नहीं रखता, बल्कि मैं भारत को एक रिसर्जेंट सुपरपावर के रूप में देखता हूँ। संबोधन की शुरुआत कहते हुए उन्होंने कहा कि 17 वीं शताब्दी तक, भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था थी, जो दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का एक चौथाई से अधिक थी, लेकिन कमजोर सैन्य और राजनीतिक दासता के कारण इसने अपना गौरव खो दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए इन दोनों मोर्चों पर काम कर रही है जिससे कि भारत अपनी पुरानी गौरवशाली स्थिति को फिर से हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि मजबूत रक्षा उद्योग के आधार पर सेना को ताकतवर, युवा और तकनीक से लैस सशस्त्र बल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। इसके साथ ही देश में अत्याधुनिक हथियारों तथा उपकरणों के विनिर्माण और औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा पाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। मजबूत सेना न केवल सीमाओं की सुरक्षा करती है, बल्कि किसी देश की संस्कृति और अर्थव्यवस्था की भी रक्षा करती है। लक्ष्य एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है, जो अपनी जरूरतों के साथ-साथ मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करेगा। यह पुनर्जागरण का युग है। यह भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में फिर से स्थापित करने का समय है। साख निर्धारण संस्था मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 2013 में उसने भारत को 'फ्रेजाइल 5' अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया था लेकिन हाल ही में उसने कहा है कि भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा, 'उभरती हुई शक्ति' वाक्यांश का इस्तेमाल भारत के लिए तात्कालिक परिप्रेक्ष्य में किया जा सकता है, लेकिन लंबी अवधि के लिए, वह इसे एक उभरती हुई शक्ति के रूप में देखते हैं, जो विश्व आर्थिक मानचित्र पर अपना स्थान फिर से हासिल कर रही है। सिंह ने देश के आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए कई सुधारों का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष कर सुधार, वस्तु एवं सेवाकर और कारोबार सुगमता बढ़ाने के कदमों का जिक्र किया।

**मैं 1947 के बाद के इतिहास में भारत का पहला व्यक्ति हूं, जिसे सबसे बड़ी सजा मिली**

# मानहानि मामले में मुझे ही मिली सबसे बड़ी सजा : राहुल गांधी

वार्ता < वाशिंगटन/नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि आज़ाद भारत के इतिहास में मानहानि के मामले में उन्हें ही अब तक सबसे बड़ी सजा मिली है। अमेरिका के छह दिन के दौरे पर गए गांधी ने वाशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने संबंधी सवाल पर कहा, मैं 1947 के बाद के इतिहास में भारत का पहला व्यक्ति हूं, जिसे मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिली है। उन्होंने कहा, आज़ाद भारत के इतिहास में अब तक किसी को भी इस तरह के मामले में इतनी अधिक सजा नहीं दी गई है, और वह भी पहले अपराध पर। मेरा मानना है कि मैंने संसद में अडानी को लेकर जो भाषण दिया, उसके बाद मेरी अयोग्यता का मामला सामने आया है। इससे पता चलता है कि भारत में क्या चल रहा है। गांधी ने आगे कहा, मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि मेरे साथ ऐसा कुछ होगा, लेकिन मुझे लगता है कि इससे मुझे एक बड़ा अवसर मिला है। मेरे पास जो अवसर होता, शायद उससे बहुत बड़ा अवसर। राजनीति इसी तरह काम करती है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में पूरा विपक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष कर रहा है और इसीलिए उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा करने करने का निर्णय लिया। प्रेस की आजादी और संस्थाओं की स्वायत्तता संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा भारत में संस्थाओं और प्रेस पर निश्चित कब्जा है। मैं कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पूरे भारत में घूमा और लाखों भारतीयों से सीधे बात की। वे मुझे खुश नहीं लग रहे थे। भारत में बढ़ती बेरोजगारी और मुद्रास्फीति दो महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दे हैं, जिनको लेकर लोगों में आक्रोश है। गांधी से जब चीनी अतिक्रमण को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह सच्चाई है कि चीन ने हमारे बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। उसने हमारी 1500 वर्ग किमी जमीन कब्जाई हुई है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। यह एकदम अस्वीकार्य है, भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मत इसको लेकर भिन्न हो।

### बृजभूषण पर कार्रवाई न होने की वजह बतायें मोदी : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों को लेकर छपी एक खबर के हवाले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया है कि आखिर आरोपी को क्यों बचाया जा रहा है और उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। वाड्रा ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर लगे आरोपों को ट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री से सीधा सवाल किया, 'नरेंद्र मोदी जी इन गंभीर आरोपों को पढ़िए और देश को बताइए कि आरोपी पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इसके साथ ही उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक में इस बारे में विस्तार से छपी खबर को भी पोस्ट किया है जिसमें कहा गया है कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें छेड़छाड़ के कम से कम 10 मामलों का विस्तार से उल्लेख है।

### दुरुपयोग के लिए राजद्रोह कानून सख्त कर रही है सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि सरकार राजद्रोह कानून को सख्त बनाकर औपनिवेसिक मानसिकता का परिचय दे रही है और चुनाव में विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इसके इस्तेमाल को आसान बना रही है। कांग्रेस प्रवक्त ा अभिषेक मनु सिंघवी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार विधि आयोग के जरिए कानून को उच्चतम न्यायालय की भावना के प्रतिकूल मजबूत करके इस कानून के तहत तीन साल की न्यूनतम सजा को सात साल कर रही है। उन्होंने कहा 'सरकार उच्चतम न्यायालय की भावना के प्रतिकूल राजद्रोह कानून को सख्त करके सजा के प्रावधान को बढ़ा रही है और विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस कानून को भयानक, खतरनाक और दर्दनाक बनाने में लगी है। सरकार ने प्रस्ताव के जरिए इस कानून के तहत तीन साल की सजा को सात साल न्यूनतम किया है। राजद्रोह कानून से विपक्ष की आवाज दबाने की तकनीक पर काम करके सरकार इसके जरिए औपनिवेशिक मानसिकता को थोपने का प्रयास कर रही है।'

## पांच साल में रेल्वे के पटरियों की क्षमता बढ़ेगी, होगी 180 की रफ्तार

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे अगले पांच से सात वर्ष के भीतर 30 हजार किलोमीटर से अधिक के मार्गो पर सेमी हाईस्पीड यानी 160 से 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से गाड़ियां चलाने लगेगी और इससे दो सौ से अधिक महानगरों के बीच यात्रा का समय कम होगा। रेल, संचार, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केन्द्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में अपने मंत्रालयों के कामकाज की जानकारी देते हुए पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह बात कही। वैष्णव ने कहा कि बीते नौ साल में भारतीय रेलवे की तस्वीर काफी बदल गयी है। देश में 140 करोड़ की आबादी के मध्य वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए रेल यातायात का प्रमुख साधन है। हर साल रेल में 800 करोड़ यात्री चलते हैं और उन्हीं की आकांक्षाओं के अनुरूप रेलवे स्टेशन, ट्रेनें और रेलवे के सभी परिसरों में साफ सफाई से तस्वीर बदल गयी है। तकरीबन सभी गाड़ियों में बायो शौचालय लगाये जा चुके हैं। गाड़ियां समय पर चलने लगीं हैं। आईटी सिस्टम में व्यापक बदलाव से टिकट मिलने में आसानी होने लगी है। उन्होंने कहा कि देश में नौ वर्षों में 37 हजार किलोमीटर लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। देश में रेल नेटवर्क का 90 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। इससे लाखों लीटर डीज़ल की बचत हुई है और गाड़ियों की गति बढ़ी है। नये ट्रैक बिछाने की गति भी चार किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर 14 किलोमीटर प्रतिदिन हो गयी है। नौ वर्षों में करीब 5200 किलोमीटर नयी लाइनें बिछायीं गयीं हैं जिनमें से करीब सात हजार किलोमीटर लाइनें बीते वर्ष बिछायीं गयीं हैं। यही नहीं, रेलवे मालवहन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर देश में लॉजिस्टिक लागत घटाने के लिए भी प्रयास कर रही है। रेल मंत्री ने कहा कि नौ वर्षों में भारतीय रेलवे ने आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित अंतरराष्ट्रीय स्तर का ट्रेन सेट वंदे भारत बनाने में कामयाबी हासिल की। यह ट्रेन 160 से 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने में सक्षम है। दुनिया के केवल आठ देशों के पास यह क्षमता है।

# डॉ. जे के उपाध्याय ने फार्मेसी के टॉपर छात्रों को कॉलेज में किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर संस्था के वाईस चेयरमैन डॉ जे के उपाध्याय द्वारा फार्मेसी के टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रिंसपल डॉ. अलंकार श्रीवास्तव के स्वागत भाषण के साथ हुई, पूरे शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए टॉपर छात्रों को बधाई दी, साथ ही कहा कि इस सफलता में निश्चित रूप से छात्रों, अभिभावकों, संकायों और कॉलेज सभी का सहयोगात्मक प्रयास है। उन्होंने छात्रों को उसी गति को बनाए रखने और उच्च हासिल करने की भी सलाह दी। डॉ. जे.के. उपाध्याय, वाइस चेयरमैन- एसआरजीओआई, डॉ. प्रीति गुरनानी, निदेशक- एसआरआई कुम्हारी ने परीक्षाओं में छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और बी फ ार्मा सेमेस्टर सेवन के टॉपर छात्र नीरज साहू, प्रियंका साहू बी फार्मा सेमेस्टर फाइव से सृष्टि कीर्ति बीसी, भोलेश्वर, आशीष डी फार्मा फ र्स्ट ईयर से जितेंद्र सोनकर, रितु साहू और सरोज साहू को प्रमाण पत्र के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

बी फार्मा सेमेस्टर आठवें के छात्र रौशन कुमार झा को वर्ष 2022-23 के छात्र कलाकार के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम छात्रों के लिए गर्व का क्षण था और निश्चित रूप से उनकी आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरणा का काम करेगा।कार्यक्रम का सफल संचालन विनीता गोटी ,आंचल वर्मा एवं आस्था वर्मा ने किया। इस मौके पर डी फार्मा, बी फार्मा और एम फार्मा कोर्स के छात्र -छात्राये उपस्थिति थे।

## 12 ग्रामों के लगभग 1800 उपभोक्ताओं को मिलेगी पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध बिजली



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के तहत विभागीय संचारण-संधारण संभाग बेमेतरा के अंतर्गत नांदघाट वितरण केंद्र के ग्राम मल्दा (खपरी) में 3.15 एम.व्ही.ए. क्षमता के नये 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र को ऊर्जीकृत किया गया। ग्राम मल्दा (खपरी) में नया उपकेंद्र बन जाने से लगभग 1800 उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत की आपूर्ति होगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि उक्त विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से संबंधित क्षेत्र के 12 ग्रामों के लगभग 1800 उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं विद्युत व्यवधान की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नांदघाट के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम खपरी, केशला, चिरैया, भदरली, घोघराली, सेनगांव, कंहरपुर, मल्दा, खमरिया, मूठपुरी और आसपास के क्षेत्र को अब निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा है कि कंपनी अपने कार्यक्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। इसी दिशा में पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में निरंतर उपभोक्ता सुविधाओं का विस्तार और विद्युत प्रणाली सुदृढ़ीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। जामुलकर ने निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के लिए अधीक्षण अभियंता सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता जलालुद्दीन, जे. जगन्नाथ प्रसाद एवं जे.एस. भटनागर, सहायक अभियंता मनीश अग्रवाल, सी.एल.वर्मा, भानुप्रताप पटेल एवं जयकुमार ठाकुर तथा कनिष्ठ अभियंता अनिल चन्द्राकर सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

## बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत जिले के 3940 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय रायपुर से वर्चुअली कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 1 लाख 5 हजार 395 हितग्राहियों के खाते में दूसरी किस्त 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रूपए की राशि का आंतरण किया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के युवा एवं युवतियां ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े रहे। बेमेतरा जिले में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के एन.आई.सी. कक्ष में किया गया। जिसमें कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र जोशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय सहित शिक्षित बेरोजगार युवक उपस्थित थे। बेमेतरा जिले के कुल 3940 हितग्राहियों के खाते में बेरोजगारी भत्ते की कुल राशि 98.50 लाख रुपये अंतरित की गई।

प्रदेश में बेरोजगारी भत्ते की अब तक कुल 48 करोड़ 89 लाख 87 हजार 500 रुपये की राशि अंतरण किया जा चुका है। हितग्राहियों ने राशि मिलने पर इस राशि का उपयोग अपने आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं सहित अन्य जरूरी कार्यों में व्यय करने की बात कही। जिले के के शिक्षित बेरोजगार युवकों ने द्वितीय किस्त की राशि प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

## एडमिशन के समय सभी विद्यार्थियों को दे इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जानकारी : अशोक अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

न्यू सर्किट हाउस बेमेतरा में इंडियन रेडक्रास सोसायटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एम.के.राउत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव एवं अशोक अग्रवाल चेयरमेन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गणेश लाल टण्डन, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतराम चुरेन्द्र की उपस्थिति में हुआ। उक्त बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव ने निर्देशित किया कि समस्त स्कूलों एवं कॉलेजों में एडमिशन के समय सभी विद्यार्थियों को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के बारे मे जानकारी एवं सदस्यता ग्रहण करने हेतु कॉलेज के प्राचार्य व शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने समय समय पर रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों का प्रशिक्षण कराया जाना चाहिए। बेमेतरा जिला को टी.बी. मुक्त करने हेतु टी.बी. के मरीजों को एडाप्ट कर फुड सेप्लीमेंटी प्रदाय करने के लिए 2024 तक लक्ष्य रखा गया है। साथ ही साथ समाज कल्याण के उप संचालक बरखा कासू को वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों की सेवा, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय में करने को कहा। उन्होंने आधिकारियों से कहा कि अधिक से अधिक ब्लड डोनेशन करने के लिए लोगों को जागरूक करें एवं स्कूलों व कॉलेज में ब्लड डोनेशन कैम्प के साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करें। इंडियन रेडक्रास सोसायटी में लोगो को जुड़ने के लिए जागरूक करें।

## ग्राम पंचायत नरी में हुआ पोट्ठ लईका अभियान का आयोजन

### एसडीएम ने कुपोषित बच्चों के अभिभावक, मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से की चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य, बच्चों को कुपोषण से बचाने और अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुरुचि सिंह द्वारा ग्राम पंचायत नरी के आंगनबाड़ी केन्द्र 1 में पोट्ठ लईका अभियान का आयोजन किया गया । इस दौरान आंबा में उपस्थित सहायिकाओं एवं माताओं को बताया गया कि अभियान के प्रारंभ में इस आंबा केन्द्र में 17 मध्यम कुपोषित एवं 3 गंभीर कुपोषित बच्चे थे जिसमें से अभी वर्तमान में 7 मध्यम कुपोषित बच्चे सामान्य में आए हैं तथा 2 गंभीर कुपोषित बच्चे मध्यम कुपोषित वर्ग में आए हैं। नरी में अभियान के तहत एसडीएम ने कुपोषित बच्चों के अभिभावक, मितानीन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परामर्श बैठक ली। बैठक में बताया गया कि गांव के कुपोषित बच्चों में ग्रेड परिवर्तन हुआ है। एसडीएम ने बच्चों के माताओं, मितानीनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उनको आवश्यक जानकारी दी एवं खाने में तिरंगा भोजन को सम्मिलित करने को कहा तथा संतुलित और पौष्टिक भोजन करने को कहा। उन्होंने कहा कि बाहरी खाद्य पदार्थ का उपयोग बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है बच्चो को घर पर बना साफ़सुथरा, गरम व ताजा खाना ही खिलाना चाहिए।

## पटवारियों की हड़ताल से जनता हो रही है परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पटवारियों के हड़ताल से किसान आम नागरिक परेशान हो रही है यह कहना है बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा का है सिंहा ने भूपेश बघेल को लिया आड़े हाथ लेते हुए कहा यह सरकार अपनी वादों से मुकर रही है किसान आम नागरिक परेशान सरकार मदमस्त है 40- 45 तापमान में घर परिवार छोड़ पटवारी बैठे है अपने 8 विभिन्न माँगो को लेकर हड़ताल में उन्होंने कहा कि सरकार अपनी वादा से मुकर रही है पटवारियों की मांग को भूपेश बघेल सरकार को पूरा करना चाहिए आज हड़ताल से पुरा किसान परेशान है आम नागरिक भटक रहे है वर्तमान में किसानी के दिन समस्या खड़ी है प्रशासन मुख दर्शक बनी हुई है जल्द ही निराकरण कर आम जनता को राहत दे तहसीलदारों को नकल जारी करने के लिए अधिकार दे जिससे आम नागरिक हो रही परेशानी से राहत मिले पूर्व नग़र पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा की भूपेश सरकार से हर वर्ग परेशान है कोई भी योजना धरातल में दिखाई नही दे रहां है हवा हवाई कागज़ों पर सिमट गई है अख़बारो के सुर्ख़ियों में केवल पैकेज बनकर दिखाई दे रही है अब चुनाव नज़दीक है सपनो के सब्ज़बाग़ दिखाए जाएँगे जनता को फिर गुमराह किया जाएगा जितना लूटना है लुट लो वाली कहावत यही दिखाई दे रही है अब जनता जान चुकी है इस लुटेरे सरकार की हक़ीक़त को अब इनके मकड़ी के जाल में फ़सने वाले नही अभी भी समय है सरकार अपना वादा पुरा करें और जनता का अभिमत हासिल करें नही तो जनता सबक़ सिखाएगी।

## शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से लगभग 05 करोड़ 43 लाख 79 हजार रुपये के सड़को के निर्माण कार्य की मिली भाटापारा विधानसभा को स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़,भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास व अनुशंसा से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में मार्गो के संधारण कार्य हेतु लगभग 05 करोड़ 43 लाख 79 हजार रुपये के सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसमे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरेंगा से कुलीपोटा मार्ग 3.60 किलोमीटर 48.25 लाख,मटिया से सेमरिया मार्ग 4.30 किलोमीटर 87.46 लाख, मुख्यमार्ग से मोपका भरतपुर निपानिया मार्ग 2.20 किलोमीटर 117.55 लाख, बोडतरा से दावानबोड़ मार्ग 2.95 किलोमीटर 61.34 लाख, पेंड्री से टिकुलिया दावानबोड मार्ग 4.68 किलोमीटर 83.53 लाख, गुड़ाघाट मुख्यमार्ग से फरहदा मार्ग 2.43 किलोमीटर 23.55 लाख,केशला रमदईया लच्छनपुर मार्ग 3.90 किलोमीटर 71.02 लाख, सेमरियाघाट से दतरेंगी मार्ग 3.32 किलोमीटर 51.09 लाख रुपये की राशि की स्वकृति प्राप्त हुई है। विधायक शिवरतन शर्मा की सतत प्रयास व अनुशंसा से उक्त मार्गो के निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है, और शीघ्र ही इसकी निविदा आमंत्रित कर निर्धारित औपचारिकता पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने हेतु विभाग को आदेशित किया गया है। विधायक शर्मा ने बताया कि इन सब मार्गो के निर्माण से आसपास के क्षेत्रवासियों को आने जाने में आसानी होगी एवं आवागमन भी सुगम बनेगा। जिससे समय की बचत होगी और लोगो को अपने विभिन कार्यो के लिए शहर आने में सुविधा मिलेगी जिसका लाभ सभी वर्ग को होगा। इस से पूर्व के वर्षो में भी विधायक शिवरतन शर्मा की सक्रियता के कारण भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक तरह से विकास कार्य किये गए है,, पूरे विधानसभा क्षेत्र में मानो सड़को का जाल सा बिछ गया है जिससे क्षेत्रवसियो को आवागमन में सुविधा मिल रही है.. विधायक शर्मा ने सेंट्रल फंड की राशि से भी भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का काम अपनी दुर्गामी सोच और सक्रियता से करवाया है जिससे जानता को आवागमन में सरल और सुविधा युक्त मार्ग मिल रहे है,और उनको आने जाने में समय की भी बचत हो रही है। उक्त स्वीकृति के लिए क्षेत्र वासियो एवं कार्यकर्ताओं ने उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

**तंबाकू दिवस का मतलब तम्बाकू से जुड़े खतरे को उजागर करना**

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में नि :शुल्क विधिक


पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सालसा द्वारा संचालित ''स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2023'' माह मई 2023 अनुसार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स चंद्र किशोर सिंह, देवेंद्र यादव, टुवेंद्र वर्मा, खेतहा घृतलहरे चेतन साहू, सोनिया सिंह, प्राची तिवारी, पवन साहू द्वारा जिला अस्पताल बेमेतरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगों को बताया गया 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। तम्बाकू का उपयोग शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। तंबाकू दिवस का मतलब तम्बाकू से जुड़े खतरे को उजागर करना है। तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्य जोखिम से लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन जीने के लिये प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर महिलाओं के संबंध में महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, वाहन चालान संबंधी महत्वपूर्ण कानून, नालसा की योजनाएं, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलओं के लिए संचालित हमर अंगना योजना, निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता एवं सहयोग हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नेशनल हेल्पलाईन सेंटर का टोल फ्री नंबर 14567 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

## ललित मिश्रा विप्र अलंकरण सम्मान से सम्मानित

**रायपुर।** विश्व ब्राह्मण दिवस अवसर पर राष्ट्रीय मासिक पत्रिका मैथिल प्रवाहिका के 15 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित अलंकरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाजसेवी एवं साहित्यकार ललित मिश्रा को विप्र अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में आयोजित समारोह के अतिथि डॉक्टर बुद्धिनाथ मिश्र , इतिहासकार डॉ रमेंद्र नाथ मिश्र एवं कार्यक्रम संयोजक साहित्यकार मनीष झा ने श्री मिश्रा को उनके सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल ,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया।




**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विकय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060717685614, दोमेश्वर साहू ( ऋणी ), देव कुमार साहू ( सहऋणी ), लाकेश्वर साहू ( सहऋणी ) | 08-मई-23 ₹ 31,23,922/- इकत्तीस लाख तेइस हजार नौ सौ बाईस रूपये मात्र 06-मई-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1218/1, 1220/1 का भाग, ग्राम बलोदाबाजार, तहसील बलोदाबाजार, जिला बलोदाबाजार, भाटापारा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.022 हैक्टैयर |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117919222, गुडिया रेडीमेड ( ऋणी ), क्लासिक गारमेन्ट्स ( सहऋणी ), बृज लाल प्रप्यानी ( सहऋणी ), अमित प्रप्यानी ( सहऋणी ) | 08-मई-23 ₹ 30,09,019/- तीस लाख नौ हजार उन्नीस रूपये मात्र 06-मई-23 तक | संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 21, शीट नं. 09, ग्राम भाटापाडा, स्टेशन वार्ड, पीएच नं. 11, आर. आई. सी, एवं तहसील भाटापाडा, जिला बलोदाबाजार, भाटापाडा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 2223 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001061121456873, गुडिया रेडीमेड ( ऋणी ), विजय कुमार परप्यानी ( सहऋणी ), बृज लाल प्रप्यानी ( सहऋणी ), क्लासिक गारमेन्ट्स ( सहऋणी ), कपिल परप्यानी ( सहऋणी ) | 08-मई-23 ₹ 3,89,307/- तीन लाख नवासी हजार तीन सौ सात रूपये मात्र 06-मई-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम स्टेशन वार्ड भाटापाडा, बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 378.88 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060113237287, युधिष्ठिर पाटवा ( ऋणी ), हुबलाल पाटवा ( सहऋणी ), चन्द्रमान पाटवा ( सहऋणी ), श्रीमती सुनीता बाई पाटवा ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 8,92,842/- आठ लाख बानवे हजार आठ सौ बयालीस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 26/32, खसरा नं. 1761/2, मौज मार तहसील नावागढ, जिला बेमेतरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2232 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117021812, महेन्द्र कुमार बर्मन ( ऋणी ), श्रीमती केकरी बाई ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 8,55,029/- आठ लाख पचपन हजार उनतीस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 694 5, पीएच नं. 30, ब्लॉक जईजई पुर, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1114.2 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001061121270509, महेन्द्र कुमार बर्मन ( ऋणी ), श्रीमती केकरी बाई ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 1,25,771/- एक लाख पच्चीस हजार सात सौ इकहत्तर रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत 694/5, मीडियम जांजगीर चम्पा जईजेपुर जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1112 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060719546520, बालाजी फैन्सी ( ऋणी ), बाला साहू ( सहऋणी ), उमेश साहू ( सहऋणी ), श्रीमती राधा बाई साहू ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 12,59,859/- बारह लाख उनसठ हजार आठ सौ उनसठ रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 21, खसरा नं. 666 10 मिडीयम क्लास राजनंदगांव, डूंगरगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 484 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119521828, सलीम कंवर ( ऋणी ), श्रीमती मीना कंवर ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 7,74,828/- सात लाख चौहत्तर हजार आठ सौ अट्ठाईस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में मेट्रो एवं शहरी 558 460 सांकरा महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2152 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060120706710, सत्तार खान ( ऋणी ), श्रीमती जरिना बेगम ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 2,52,490/- दो लाख बावन हजार चार सौ नब्बे रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम 714 मरारपाडा दुर्ग, जिला बलोद दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 58.22 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060122049470, विनोद चंदवानी ( ऋणी ), श्रीमती पूजा चंदवानी ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 3,99,223/- तीन लाख निन्यानवे हजार दो सौ तेईस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 20, खसरा नं. 25, 9 वार्ड नं. 15 खैरागढ, जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 96.88 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123888292, गजेन्द्र कुमार ( ऋणी ), राधेश्याम कर्ष ( सहऋणी ), गिरीश कुमार ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 14,71,523/- चौदह लाख इकहत्तर हजार पांच सौ तेइस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 146 23, खसरा नं. 177/1, चा राजादेवरी, बलोदा बाजार कसदोल, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3385.88 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060826895052, गजेन्द्र कुमार ( ऋणी ), गिरीश कुमार ( सहऋणी ), राधेश्याम कर्ष ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 9,93,913/- नौ लाख तिरानवे हजार नौ सौ तेरह रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत बिलारी, पोस्ट राजादेवरी, तहसील कसदोल, बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 3381.17 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060127547293, गौरी शंकर चौधरी ( ऋणी ), श्रीमती संतोषी चौधरी ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 10,62,643/- दस लाख बासठ हजार छः सौ तेतालीस रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1525/12 एवं 1225/1 ग्राम भंवरपुर, पलसापाली, तहसील बंसा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.06 हैक्टेयर |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126901960, नारायण वर्मा ( ऋणी ), श्रीमती मिलन बाई वर्मा ( सहऋणी ), रमेश वर्मा ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 2,96,966/- दो लाख छियानवे हजार नौ सौ छियासठ रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत वार्ड नं. 03, ग्राम धूराबंधा, बिजरादीह, बलोदाबाजार, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 510 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060130605807, ललिता बाई सेन ( ऋणी ), बलवंत सेन ( सहऋणी ) | 17-मई-23 ₹ 11,16,763/- ग्यारह लाख सोलह हजार सात सौ तिरेसठ रूपये मात्र 15-मई-23 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत वार्ड नं. 02, सोनासरार जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1875 वर्गफीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060123389043, बाबू लाल ( ऋणी ), श्रीमती सावित्री बाई वर्मा ( सहऋणी ), पवन कुमार वर्मा ( सहऋणी ), माइजी राम ( सहऋणी ) | 19-मई-23 ₹ 8,79,338/- आठ लाख उनयासी हजार तीन सौ अडतीस रूपये मात्र 18-मई-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में शहरी एवं ग्रामीण पीएच नं. 14, आरएनएम देवकार खसरा नं. 1260/4 ग्राम बिरनपुर, तहसील साजा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2510.66 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060827620118, बाबू लाल ( ऋणी ), श्रीमती सावित्री बाई वर्मा ( सहऋणी ), पवन कुमार वर्मा ( सहऋणी ), माइजी राम ( सहऋणी ) | 19-मई-23 ₹ 6,23,859/- छः लाख तेइस हजार आठ सौ उनसठ रूपये मात्र 18-मई-23 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में चोरभाटी, वार्ड नं. 19, कोहकी बोरातारा, बेमेतारा, साजा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2511.5 वर्ग गज |

दिनांक: 02-06-2023
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# 'गोबर पेंट में ढूंढा' रोजगार का रास्ता

## महिलाओं और युवाओं को मिली आर्थिक सुदृढ़ता

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com






पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी एक दिन ऐसा भी आएगा कि गोबर और उससे निर्मित उत्पाद महिलाओं और युवाओं के लिए कमाई का जरिया बनकर उन्हें स्वावलंबी बनाएंगे। गोबर से खाद निर्माण की प्रक्रिया यूं तो ग्रामीण क्षेत्रों में सदैव ही प्रचलित रही है और उसे अब गौठानों में परिष्कृत करके वर्मीकम्पोस्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है। परंतु खाद के अलावा भी गोबर से निर्मित अन्य बहुउपयोगी सामग्री भी बनाई जा रही है। इनमें गोबर पेंट बनाये जाना नवाचार की श्रेणी में आएगा। वर्तमान में तो लगभग हर दूसरे गौठानों में महिला समूहों द्वारा अब गोबर से निर्मित पेंट बनाए जा रहे है। जिनका उपयोग शासकीय कार्यालयों, भवनों में किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय बाजार में भी अब उपलब्ध कराये जा रहे है।

इस क्रम में ब्लॉक दंतेवाड़ा स्थित ग्राम भैरमबंद के मल्टी एक्टिविटी सेंटर में भी गोबर पेंट यूनिट स्थापित कर दिया गया है। यहां युवा मितान एवं महिलाओं के द्वारा माँ दंतेश्वरी प्राकृतिक गोबर पेंट उत्पादक समूह बनाकर गोबर पेंट का निर्माण किया जा रहा है। समूह द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक समूह द्वार निर्मित पेंट का निर्माण प्राकृतिक रूप से किया जाता है। जिसकी सभी शासकीय विभागों स्थानीय दुकानों और अन्य जगहों में बिक्री की जा रही है। इस प्रकार उक्त समूह द्वारा अब तक 65 सौ लीटर पेंट उत्पादन कर 14 लाख 25 हजार रुपए की बिक्री की जा चुकी है। जिसमें समूह द्वारा 2 लाख 92 हजार 500 रुपए का शुद्ध लाभ कमाया गया है। समूह के सदस्यों ने यह भी बताया कि गोबर की पेंट का डिमांड हर जगह से आ रही है और लगभग 36 हजार लीटर की डिमांड पूरे जिले से है। इसी समूह से जुड़े युवा मितान श्यामलाल यादव बताते है कि समूह में जुड़ने से पहले वे खेती किसानी में ही गुजर बसर ही करते थे और आय भी साधारण ही रहती थी। कक्षा 12वीं तक पढ़े श्यामलाल ने बाद में मल्टी एक्टिविटी सेंटर से जुड़कर गोबर पेंट निर्माण की प्रक्रिया सीखनी चाही फिर समूह के माध्यम से उसे राजस्थान के जयपुर गोबर पेंट निर्माण प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। वापस आकर श्यामलाल ने समूह के साथियों की मदद से गोबर पेंट निर्माण कार्यकी शुरुआत की। श्यामलाल ने आगे बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा भी उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध करायी गई। और विभिन्न सरकारी विभागों से उन्हें पेंट हेतु मांग पत्र प्राप्त हो रहें है, और गोबर पेंट की एन्टी बैक्टीरिया, एंटी फंगल, इकोफ्रेन्डली, नेचुरल थर्मल इंसुलेटर, कास्ट इफेक्टिव एवं नान ऑक्सिक विशेषताओं को देखते हुए आने वाले दिनों में इसकी भारी मांग की संभावनाएं है और इस मांग की पूर्तिके लिए उनका समूह पूरी तरह से तैयार है।

राज्य शासन द्वारा स्थापित किये गए ''रीपा'' एवं गौठान के माध्यम से आज ग्रामीण क्षेत्रों में आ रहे सकारात्मक बदलाव से कोई भी इंकार नहीं कर सकता शासन की इस सार्थक पहल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देकर निश्चित ही एक मुकाम तक पहुंचाया है।

# बेहतर कार्य कर जिले का नाम रोशन करें : सांसद मंडावी

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद मोहन मंडावी की अध्यक्षता में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बेहतर कार्यकरते हुए उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रौशन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छे काम हुए हैं, जिसे और बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। जचकी के जटिल केस में ही रेफर करने तथा सामान्य प्रकरण में रिफर नहीं करने की समझाइश दी गई। निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण करते हुए कार्यों में गुणवत्ता सुनिष्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक निर्माण एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मेंटनेस के कार्यबारिष के पूर्वपूरा करने के निर्देष दिये गये। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में कोदो-कुटकी-रागी का रकबा बढ़ाने के लिए भी कहा गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मनरेगा अंतर्गत जिले में वर्तमान में 55 हजार मजदूर काम कर रहे हैं। अब तक 63 लाख 80 हजार मानव दिवस रोजगार सृजित किया गया है। अमृत सरोवर के 141 कार्यपूरे किये जा चुके हैं। बीसी सखियों के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंषन, मनरेगा के मजदूरी भुगतान जैसे कार्यभी किये जा रहे हैं, उनके द्वारा अब तक 07 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष2016-20 तक 18 हजार 580 आवास स्वीकृत किये गये, जिसमें से 17 हजार 63 आवास का निर्माण पूर्णहो चुका है। वर्ष 2020-21 में 07 हजार और 2022-23 में अब तक 3603 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी जा चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालय एवं कचरा शेड का निर्माण भी किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान बताया गया कि 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा तथा स्कूल प्रारंभ होते ही कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदाय किये जायेंगे। राज्य शासन द्वारा पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करा दिये गये हैं। कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक विद्यार्थियों के लिए एक-एक नग गणवेष भी उपलब्ध करा दिया गया है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में जो भी निर्देशन एवं मार्गदर्शन दिये गये हैं उस पर अमल करते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान की जायेगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, जनपद अध्यक्ष कांकेर रामचरण कोर्राम एवं जनपद अध्यक्ष दुगूकोंदल सातोबाई दुग्गा, जनपद अध्यक्ष कोयलीबेड़ा देवली नुरूटी, दिषा समिति के सदस्य सतीष लाटिया, विद्यासागर ध्रुव, पंचूराम नायक, कमलेष उसेण्डी, धीरज नेताम, अनिता रावटे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित

**कांकेर।** भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार 2024 के लिए योग्य, पात्र व्यक्तियों से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। इन पुरस्कारों के लिए महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों जैसे-अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों आदि में ऐसे प्रभावशाली व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास किये जायेंगे, जो पुरस्कार के लिए विचार किये जाने के हकदार हैं। पद्म पुरस्कार देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। वर्ष2024 के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्ताव वेबसाईट www.padmaawards.gov.in में विस्तृत जानकारी के साथ ऑनलाइन अपलोड किया जाना है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में 04 अगस्त 2023 तक संपर्ककिया जा सकता है।

# ग्राम पंचायत मैलावाड़ा तथा गुड़से में धारा 144 लागू

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2023 हेतु दिनांक 29.05.2023 को निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार दिनांक 02.06.2023 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन उपरान्त से 09.06.2023 तक नाम निर्देशन प्राप्त किया जाना, दिनांक 10.06.2023 को संवीक्षा तथा दिनांक 12.06.2023 तक नाम वापसी किया जावेगा। मतदान दिनांक 27.06.2023 तथा सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा दिनांक 30.06.2023 को किया जाएगा। इसके परिपेक्ष्य में जनपद पंचायत कुआकोंडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैलावाड़ा तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण के तहत ग्राम पंचायत गुड़से क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनीत नंदनवार के द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश धारा 144 कर दिया गया है। इसके तहत दिनांक 02.06.2023 से 30.06.2023 तक कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा (भले ही ये अनुज्ञप्तिधारी हो) किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर नहीं चलेगा। निर्वाचन कर्तव्यस्थ पर तैनात सुरक्षा कर्मी, धार्मिक कारणों से छूट प्राप्त व्यक्तियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा तथा वे इस प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभाव से मुक्त होंगे। कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा प्रश्नाधीन अवधि में विस्फोटक सामग्री, अस्त्र-शस्त्र एवं धारदार हथियार लेकर चलने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को प्रेरित नहीं किया जावेगा।

# एफआरए कलस्टर क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया सघन निरीक्षण

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





विगत दिवस कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा दंतेवाड़ा और गीदम ब्लॉक में एफआरए कलस्टर क्षेत्रों के विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। एफआरए कलस्टर के क्रियान्वयन के तहत ग्रामीण परिवारों को शुरूआती प्रशिक्षण तथा रोपित पौधों के रखरखाव के संबंध में दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि एफआरए क्षेत्रों के विकास कार्यग्रामीणों के लिए बेहद अहम है। अतः प्राथमिकता देते हुए निर्धारित कार्यों को पूरा करें। ज्ञातव्य है कि दंतेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत नेटानार में एफआरए के अंतर्गत 102 ऐकड़ भूमि पर फैंसिंग करवाया जा चुका है। जिसमें उन्नत किस्म के आम सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां पर 4 डबरी निर्माण भी किए गये है। जिसमें कृषि उद्यानिकी मत्स्य सहित अन्य संबंधित विभागों की विभागीय योजनाओं का समन्वित क्रियान्वयन कर स्थानीय ग्रामीण समुदाय को सतत लाभान्वित किया जाएगा। इससे नेटानार ग्राम के 72 कृषकों को सीधा लाभ होगा। इसके अलावा ब्लॉक के ही ग्राम पंडेवार में भी एफआरए के तहत मत्स्य पालन के आर्थिक दृष्टिकोण से 5 एकड़ में 6 तालाबों का निर्माण किया गया है जो अभी प्रारंभिक दौर में है इससे यहां के 10 कृषक परिवार लाभान्वित हो रहे है। इसके अलावा गीदम ब्लॉक के जावंगा में भी 100 एकड़ भूमि का फैंसिंग कराया जाकर 100 परिवारों को जोड़ा गया है। यहां पर एफआरए के तहत फलदार पेड़ जैसे उन्नत किस्म के आम, नींबू, अमरूद, हल्दी, अदरक जैसे मसाला पौधों भी रोपण किए जाएंगे। इन क्षेत्रों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि चयनित क्षेत्रों में किए जा रहें पौध रोपण सहित अन्य विकासोन्मुख कार्यका शुरूआती चरण महत्वपूर्णहोता है इसमें समुदायों का सहयोग और सहभागिता के अलावा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित और प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। इसके अलावा पौध रोपण के लिए उन्नत किस्म के पौधों का चयन, स्थानीय वातावरण के अनुरूप शीघ्र वृद्धि करने वाले पौधे, तय मानक अनुसार उनका रोपण, रखरखाव और पौध जिविता दर की भी निरंतर निगरानी और मार्गदर्शन करना सुनिश्चित करें। इस प्रकार लक्ष्यों पर लगातार फोकस करते रहने से बेहतर नतीजे आएंगे। दौरे के दौरान एसडीएम श्री कुमार बिश्वरंजन, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क मरम्मत के लिए किया गया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सी सी सड़क मरम्मत कार्यके लिए शुक्रवार को वार्डक्रमांक 15 पीडीएस दुकान के समीप नगरपालिका अमला एवम वार्डवासियों ने भूमिपूजन किया।बता दें मरम्मत कार्यमद से 06 लाख 10 हज़ार की लागत से 200 मीटर सी सी सड़क मरम्मत कार्यकरवाई जायेगी। इस मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुनील कुमार जैन,उप अभियंता तीरथ राम सिन्हा,राजस्व निरीक्षक डी एस साहू,नरेश साहू,लेखापाल विनीत साव, रवि दुर्गा,सुखदेव पोयाम, किशोर जाल,मंगल भारती,भीषम साहू एवम वार्डवासी मौजूद थे।

# मिशन लाइफ अभियान मृदा हेल्थ, जैविक खेती कृषि अवशेष एवं जैविक खाद के संबंध में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 30 मई से 5 जून तक पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाया जाएगा मिशन लाइफ अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज रूपरेखा के तहत 02 जून को कृषि विभाग द्वारा मृदा हेल्थ एवं जैविक खेती कृषि अवशेषों के उपयोग पशु अपशिष्ट से जैविक खाद के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत लोगों को मृदा हेल्थ, जैविक खेती कृषि अवशेष एवं जैविक खाद के संबंध में जानकारी दी गई, और मृदा संरक्षण तथा जैविक खाद उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। विकासखंड गीदम अंतर्गत कारली, बड़े तुमनार, भैरमबंद में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया था। इस संबंध में 3 जून को शिक्षा विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में ऑनलाईन समर कैम्प कार्यक्रम एवं युवा कानक्लेव सेमिनार का आयोजन होगा। ज्ञात हो कि 5 दिसम्बर को अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में 30 मई से 5 जून तक मिशन लाइफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक दिन पर्यावरण संबंधित सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

# मूल पंचायत में राशन मिलने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत विकासखण्ड भोपालपटनम के ग्राम पंचायत सण्ड्रा, एडापल्ली, बडेकाकलेड अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने एवं सड़क मार्गकी व्यवस्था नहीं होने के कारण उक्त पंचायतों के शासकीय उचित मूल्य दुकानों का संचालन विकासखण्ड मुख्यालय भोपालपटनम में किया जाता था। जहां उक्त क्षेत्र के राशनकार्डधारियों को करीब 60 से 70 किलोमीटर पैदल या बैलगाडी के माध्यम से सफर तय कर अपना राशन लेने जाना पडता था । वषार्काल के दौरान रास्ते में मौजूद नदी, नालों एवं पहाड़ी रास्तों के वजह से ग्रामीणों राशन के लिए आने-जाने में काफी दिक्क तों का सामना करना पड़ता था । किन्तु सण्ड्रा क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा विकासखण्ड भैरमगढ़ के कुटरू क्षेत्र से फरसेगढ़ के रास्ते सडक मार्गकी व्यवस्था किये जाने से सण्ड्रा क्षेत्र में अब राशन वहां के मूल पंचायतों में ट्रैक्टर के माध्यम से भण्डारण किया जाकर राशनकार्डधारियों को वितरण कराया जा रहा है। अपने मूल पंचायतों में ही राशन पाकर वहां के राशनकार्डधारी उपभोक्त ाओं ने काफी खुशी जाहिर की एवं जिला प्रशासन के इस अनूठे पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## कालीमिर्च, सफेद मूसली ऑस्ट्रेलियन टीक, स्टीविया, इंसुलिन पौधा की नई किस्मों पर दीर्घकालिक शोध के लिए दिया गया अवार्ड

# बेस्ट रिसर्चर ऑफ हर्बल कल्टीवेशन का शीर्ष अवार्ड बस्तर के डॉ. राजाराम त्रिपाठी को

पायनियर संवाददाता कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विगत 30 वर्षों से अधिक समय से हर्बल कृषि के क्षेत्र में नित नए नए शोध एवं प्रयोगों की वजह से हर्बल कृषि में वैश्विक स्तर पर लगातार कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए, कृषि को फायदे का सौदा बनाकर उससे लाभ प्राप्त करने वाले बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले के प्रसिद्ध हर्बल कृषक डॉ राजाराम त्रिपाठी को कॉर्पोरेट संचार, जनसंपर्क, मीडिया शिक्षा और पत्रकारिता के राष्ट्रीय संगठन 'मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया' नई दिल्ली ने बेस्ट रिसर्चर ऑफ हर्बल कल्टीवेशन का अवार्ड प्रदान करने हेतु चुना है। उन्हें यह अवार्ड इसी तीन जून को राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ एचीवर्स अवार्ड्स 2023 के भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ त्रिपाठी द्वारा माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर के जरिए विगत तीन दशकों से कई प्रकार के भारी मांग वाली हर्बल फसलों जैसे सफेद मूसली,स्टीविया,काली मिर्च,आस्ट्रेलियन टीक इत्यादि की सफलता पूर्वक खेती की जा रही है। इनकी खेती के साथ साथ इन फसलों की गुणवत्ता उत्पादकता तथा लाभदायकता बढ़ाने के दृष्टिकोण से इनपर निरन्तर शोध कार्य करते हुए कई हर्बल फसलों की बेहद उन्नत किस्म भी डॉ त्रिपाठी के द्वारा विकसित की गई हैं,जिसकी वजह से उक्त फसलों की अंकुरण दर और उनकी उत्पादन क्षमता में भी भारी मात्रा में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इनके द्वारा विकसित की गई उन्नत किस्म की काली मां दंतेश्वरी काली मिर्च-16 और 'आस्ट्रेलियन टीक' की जुगलजोड़ी ने तो हाल फिलहाल में ही राष्ट्रीय खबरों में बेहद धूम मचाई है। उल्लेखनीय है कि हाल में ही उन्हें 40 लाख रुपए में बनने वाले 1 एकड़ के पाली हाउस का मात्र डेढ़ लाख रुपए में सस्ता टिकाऊ और ज्यादा लाभ देने वाला नैसर्गिक विकल्प नेचुरल ग्रीन हाउस के सफल मॉडल हेतु, देश के कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के हाथों देश के सर्वश्रेष्ठ किसान (Best Farmer Award-23) का अवार्ड भी प्रदान किया गया है। बीएससी ,(गणित), एलएलबी, कार्पोरेट-ला एवं पांच अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्रियों तथा डॉक्टरेट की उपाधि के साथ डॉ त्रिपाठी देश के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे अग्रिम पंक्ति के किसान-नेता के रूप में भी जाने जाते है । सबसे बड़ी बात यह है कि इनके इन रिसर्च तथा नवाचारों के फायदे बस्तर छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के किसान उठाने लगे हैं। डॉ राजाराम त्रिपाठी का नाम देश की पत्रकारिता जगत की शीर्ष संस्था द्वारा बेस्ट रिसर्च आप हर्बल कल्टीवेशन अर्थात वनौषधि कृषि के सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता के प्रतिष्ठित अवार्ड हेतु अंतिम रूप से चयन किये जाने की घोषणा से कोंडागांव,बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के प्रबुद्धजनों, किसानों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर संपदा समाज सेवी संस्थान, आदिवासी शोध एवं विकास संस्थान, साग सब्जी उत्पादक संघ छत्तीसगढ़, सेंट्रल हर्बल एग्रो मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया चैम्फ, भारतीय सुगंधित पौध उत्पादक संघ , आयुर्वेद विश्व परिषद दिल्ली, जनजातीय सरोकारों की दिल्ली से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'ककसाड़' सहित विभिन्न संस्थाओं तथा माँ दंतेश्वरी हर्बल समूह के समस्त सदस्यों ने बेहद प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ त्रिपाठी को बधाई दी है।

## प्रधानमंत्री को डॉ. राजाराम ने लिखा पत्र, मिलकर अनुदेशक-शिक्षामित्र के दर्द करेंगे बयां

उत्तर प्रदेश अनुदेशक संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह के अपील पर अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय समन्यवक डॉ.राजाराम त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश के अनुदेशक-शिक्षामित्र के दर्द को बयां किया है। उन्होंने लिखा है कि, उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले शत-प्रतिशत अनुदेशक-शिक्षामित्र छोटी जोत वाले बेहद छोटे और गरीब किसान परिवारों से आते हैं। कोई अमीर परिवार अपने बेटे को 300 रोजी के काम आखिर क्यों भेजेगा। खेती को लाभकारी तथा आधुनिक बनाने के लिए जब भी हमारी बात किसानों से होती है तब हर बार खेती की साथ अनुदेशक-शिक्षामित्र की दुर्दशा की बात भी सामने निकलकर आती है,क्योंकि अनुदेशक-शिक्षामित्र इन किसान परिवारों का हिस्सा होते हैं। और उनकी यह पीड़ा किसान मां-बाप से देखी नहीं जाती। प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी की रैली में भी अनुदेशक-शिक्षामित्र की दशा सुधारने की बात कही थी। जिसका संज्ञान आज तक नहीं लिया गया और हालत यह है की इन शिक्षाकर्मियों को बीस साल की सेवा के बाद भी 300 की दिहाड़ी पर काम करना पड़ रहा है। अनुदेशक शिक्षा कर्मी संगठन के लोग पिछले कई सालों से देश प्रदेश की हर पार्टी के हर बड़े नेता के सामने अपने शोषण की दास्तान सुना कर न्याय की अपील कर चुके हैं। सबने माना कि इनके साथ अन्याय हुआ है और जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन भी किया पर आज तक कुछ नहीं हुआ। अनुदेशकों द्वारा 17 हजार मानदेय का केस इलाहाबाद हाईकोर्ट के सिंगल बेंच और डबल बेंच से जीतने के बाद भी उत्तर प्रदेश सरकार की उपेक्षापूर्ण नीतियों के कारण आज तक नहीं मिल पाया। शिक्षा कर्मियों तथा अनुदेशकों की ओर से न्याय दिलाने हेतु प्राप्त पत्र के आधार आईफा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में 5 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने माननीय प्रधानमंत्री से मिलने हेतु समय भी मांगा है।

# भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत उपलब्धि बताने जाएंगे घर-घर

## बुद्धिजीवी सम्मेलन का भी आयोजन होगा आयोजन को सफल बनाने साहू और चंद्राकर ने बैठक ली

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने लोकसभा स्तर पर विशेष जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ कर दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धि को लेकर घर घर जाएंगे, 30 मई से 30 जून तक अनेक कार्यक्रम तय किया गया है। इसकी दृष्टि से महासमुंद लोकसभा की बैठक के बाद जिला व मंडलों की बैठक संपन्न हो गई है। विशेष जनसंपर्क अभियान को लेकर भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है, केंद्र की सरकार गरीब शोषित एवं दलितों के कल्याण के लिए समर्पित है, उनके नेतृत्व में देश का गौरव विश्व पटल पर लगातार बढ़ रहा है, देश की सांस्कृतिक विरासत प्रतिस्थापित होते हुए लोग देख रहे है, जिससे नए भारत का सपना साकार हो रहा है। इस संपर्क अभियान को लेकर 5 लोकसभा के कलस्टर प्रभारी चंद्रशेखर साहू, लोकसभा प्रभारी अजय चंद्राकर, लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद जिले के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर अभियान में सक्रियता से हिस्सा लेने का आग्रह करते हुए बताया है कि विशेष जनसंपर्क अभियान लोकसभा स्तर के अलावा जिले के मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसके तहत व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी सम्मेलन, समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क, वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क, और बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पूर्व मंत्री एवं प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि लोकसभा प्रवास के तहत भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी ओम माथुर 12 जून को धमतरी में 11 बजे आयोजित लाभार्थी सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन और राजिम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा के उपरांत 3 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे, 14 जून को केंद्र सरकार की उपलब्धि को लेकर आम सभा गोहरापदर में आयोजित की गई है, 20 जून को गरियाबंद जिला में बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वहीं पार्टी के सात मोर्चा का संयुक्त सम्मेलन विधानसभा स्तर पर होगा। भाजपा के जिला महामंत्री एवं लोकसभा के विशेष जनसंपर्क अभियान के संवाद सदस्य अनिल चंद्राकर ने बताया कि इस अभियान में सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में गांव गरीब और किसानों के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया है, जिसका सीधा लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है, केंद्र की योजनाओं से आम जनता खुश है।

# भूपेश बघेल सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी को लेकर अजय नंद ने ग्रामीणों से की भेंट मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



प्रदेश समन्वयक छत्तीसगढ़ कांग्रेस अजा व जिला खनिज न्यास सदस्य अजय नन्द लगातार सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव गली का दौरा कर किसानों, ग्रामीण जनों, युवाओं, माताओं व महिला समूह की बहनों से भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को लेकर भेंट मुलाकात व जन संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश समन्वयक अजय नन्द ने सराईपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरखरी आश्रीत ग्राम पलसाभाडी, ग्राम पंचायत बटकी व आस पास पारा टोला में जन संपर्क कर छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस सरकार के कामकाज को लेकर किसानो से चर्चा भी कर रहे हैं। युवाओं एवं महिलाओं को भी सरकार द्वारा दिये जा रहे लाभ को भी बताया गया सरकार द्वारा भविष्य में भी किसान हित अच्छा काम किये जाने की बात कही। ग्रामीणों द्वारा प्रदेश समन्वयक अजय नन्द के भेंट मुलाकात जन संपर्क की सराहना करते हुए प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनाने का भरोसा दिलाया है। भेंट मुलाकात में प्राप्त मांगो को उपर तक पहुंचाने व निराकरण कराने का भी आश्वासन दिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अभिमन्यु प्रधान, अशोक प्रधान, जगदीश कलेत, सत्यवान प्रधान, सफेद भोई, जयचन्द नायक, सतपथी तांडी,सुंदर सागर डिग्री भोई,संजय प्रधान, माखन भोई, परमल प्रधान, सूर्य कुमार महाकुर, तरुणी प्रधान,धुबल भोई,लालो साहू, सूरत कवंर, विरेन्द्र महाकुर, प्रहलाद प्रधान, नकुल प्रधान, नंदलाल प्रधान,सतीश प्रधान, जोगी लाल कुमार, दीनबंधु छत्तर, अनुरोध नंद, राजेश छत्तर, संजय कुमार, माखन साय नंद, प्रेमलाल नन्द, मंगल दास, मंहत दास सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान, युवा, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेत्री दीपांजलि बनी महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम के निर्देशानुसार एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर के निर्देशन में सरायपाली की सक्रिय महिला कांग्रेस नेत्री दीपांजलि बारिक को महासमुंद जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व एवं स्थानीय विधायक किस्मत लाल नंद के प्रति आभार और नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष दीपांजलि बारिक को बधाई दी है। महिला कांग्रेस नेत्री दीपांजलि बारिक ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि कांग्रेश हमेशा से प्रतिबद्ध, निष्ठावान और राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। हमारे लिए पार्टी के प्रति ईमानदारी के साथ काम करना हमारी निष्ठा की पहचान के साथ ही हमारी नैतिक जिम्मेवारी भी है। हम पार्टी के निर्देश का पालन करते हुए सरकार की उपलब्धियों और कार्यक्रमों के बारे में जनता को जानकारी दें। बारीक ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी योजनाओं के बारे में लोगों को बताने की जिम्मेवारी हम पार्टी के कार्यकर्ताओं पर है। हम सब पूरे कार्यकर्ता निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें ताकि संगठन और सरकार को मजबूती मिल सके।

# रीपा केंद्र से युवाओं के साथ महिलाएं संचालित कर रही अपना व्यवसाय

## रीपा योजना से आत्मनिर्भर बन रही क्षेत्र की महिलाएं-संसदीय सचिव

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि रीपा योजना से क्षेत्र के युवाओं के साथ ही महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। रीपा केंद्र से युवाओं व महिलाएं अपना व्यवसाय संचालित कर रही है और आय अर्जित कर रही है। ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को आगे बढ़ाने में रीपा योजना बहुत मददगार साबित हो रहा है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल से स्थानीय बाजार की मांग आधारित विभिन्न सामग्रियों को तैयार कर बाजार में विक्रय करने एवं ग्रामीणों को उद्यमी बनाने के दृष्टिकोण से महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क की कल्पना राज्य शासन द्वारा की गई है। राज्य शासन के इस महत्वकांयोजना से ग्रामीण महिलाएं समूह के माध्यम से संगठित होकर कार्य कर रही है। महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क रीपा राज्य शासन की बहुत महत्वकांयोजना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उद्यमी के रूप में आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर बनाना है। रीपा केंद्र शासन द्वारा स्थापित कर स्थानीय ग्रामीणों को समूह के माध्यम से दिया गया है। औद्योगिक पार्क में समूह द्वारा विभिन्न सामग्रियों का उत्पादन किया जा रहा है जिसकी खपत स्थानीय स्तर पर ही हो रही है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने बताया कि बिरकोनी व कांपा में स्थित रीपा केंद्र में शुरूआती चरणों में करीब सौ लोगों को रोजगार मिल रहा है। रीपा केंद्र में सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई है। बिरकोनी के रीपा केंद्र में गोबर पेंट मशीन से राजीव युवा मितान क्लब के करीब दस युवक जुड़कर आमदनी कर रहे हैं। सीएनसी राउटर मशीन से बेहतर कलाकारी की सामाग्री बनाकर महिलाएं आय अर्जित कर रही है। उनकी सामाग्री की डिमांड इतनी है कि सी मार्ट में भी आपूर्ति की जा रही है। दोना पत्तल मशीन व वुवन मशीन से भी कई महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। आने वाले दिनों में फ्लाई ऐश ब्रिक्स मशीन के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने की योजना है। जबकि कांपा स्थित रीपा केंद्र में फ्लाई ऐश ब्रिक्स मशीन से महिला समूहों को आमदनी हो रही है। यहां नेल मेकिंग मशीन व दोना पत्तल मशीन भी महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां पैडी सीड ग्रेडिंग का संचालन भी प्रस्तावित है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को आगे बढ़ाने में रीपा योजना बहुत मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने महिलाओं के साथ ही युवाओं से रोजगार के लिए इस योजना का लाभ उठाने का आव्हान किया।

# छुरा के भगतसिंह वार्ड की महिलाएं पीने व नहाने पानी के लिए परेशान

## तालाब के गंदे पानी से बच्चों को होने लगे खुजली की बीमारी



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत छुरा के भगतसिह 7 नंबर वार्ड वासियों को पीने व नहाने के लिए पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नल कनेक्शन लगा हुआ है लेकिन पानी नहीं इस समस्याओं को अवगत कराने महिलाएं नगर पंचायत जाने के बाद भी कोई सुध नहीं लिया जा रहा है। बच्चे नहाने तालाब जा रहे हैं तालाबों में भी गंदे पानी के चलते बच्चों के शरीर में खुजलीया होने लगे अपने परेशानियों की जानकारी छुरा नगर के समाजसेवी मनोज पटेल व जिले के इंडियन रेड क्रॉस संरक्षक सदस्य को दी महिलाओं व बच्चों की समस्याओं को दूर करने शासन प्रशासन से अपील किया समस्याएं बताने महिलाएं ऐलिका यादव, ईश्वरी, गायत्री, दुखमत, सावित्री, दुलारी, कुमारी,डगेशवरी, बिंदिया, ललिता, प्रभा, सविता, डिगेशवरी, हेमिन, चुन्नीबाई, भलेशवरी, गंगा, पायल, गोपी, पिंकी, नोमिन, उपस्थित थे।

# महिला स्व सहायता समूह का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**सरायपाली।** भारतीय नारी शक्ति सहकारी समिति छत्तीसगढ़ और विहान के सहयोग से सरायपाली ब्लॉक से लगभग 30 किलोमीटर की दुरी में ग्राम रिमजी में दस दिवसीय प्रशिक्षण हुआ जिसमें 6 प्रकार का आचार नींबु आचार,आम आचार, लहसुन आचार, जिमीकन्द आचार,कटहल आचार,आम मीठा आचार, पांच प्रकार के पापड़ आलु पापड़, साबुदाना पापड़,सुजी पापड़, उड़द मूंग दाल पापड़,बेशन पापड़,चावल पापड़, पांच प्रकार के मसाले बिरयानी मसाला, सांभर मसाला, चाय मसाला,गरम मसाला, चाट मसाला आदि का प्रशिक्षण हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र महासमुंद द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम रिमजी से नारी शक्ति , राजदेवी, एकता, राधारानी, बजरंगबली,भावानी आदि महिला स्व



सहायता समूह के 35 महिला ने प्रशिक्षण लिया। आदि प्रशिक्षण लेकर महिलाओं में बहुत ही उत्साह देखने को मिला है और भविष्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देती रामदेव जी के सभी महिला स्व सहायता समूह आदि प्रशिक्षण लेकर महिलाओं में बहुत ही उत्साह देखने को मिला है और भविष्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देगी ग्राम रिमजी के महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं और भविष्य में गृह उद्योग को बढ़ावा देगी ।

# नये शिक्षा सत्र के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर आर. एल. ठाकुर ने तिल्दा विकासखंड के समस्त प्राचार्यों, समन्वयकों, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों की बैठक लेते हुए उपस्थित समस्त लोगों को आगाह किया कि सामुदायिक सहभागिता और जन-सहयोग को विश्वास में लेकर शाला का संचालन बेहतर रुप से किया जा सकता है। सत्र की शुरुआत में ही पाठ्य-पुस्तक और गणवेश वितरण की तैयारी कर जन प्रतिनिधियों के द्वारा वितरण कराना सुनिश्चित करें। यह जानकारी देते हुए अभिमन्यु वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर शुरूआत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाई और नोडल प्राचार्यो को माह में दो बार संकुल की बैठक लेने के निर्देश दिए, साथ ही शाला सुरक्षा के सभी आयामों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 91 करोड़ का कार्य इस जिले को स्वीकृत हुआ है। निर्माण एजेंसियों के साथ सामन्जस्य बनाते हुए समय पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। भवन की सुरक्षा बहुत अहम है। लेआउट जानकारी में होनी चाहिए। निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण समय सीमा में पूर्ण हों। जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला समिति की बैठक में कम उपस्थिति के संबंध में कहा कि आप लोग अपने समयानुसार बैठक बुलाते हैं जिस समय वे अपने कार्य में लगे रहते हैं, प्रयास करें कि बैठक उनके समय और तिथि में हों। हर शिक्षकों को अपने से अन्य विषयों पर भी कमांड होना चाहिए। इन सबके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा क्षेत्र से संबंधित अन्य विषयों पर भी विस्तार-पूर्वक चर्चा की। जाति, निवास और आय प्रमाण-पत्र समय सीमा में बनें। शाला - प्रवेश, शाला त्यागी, नियमित उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, राष्ट्रीय पर्व, स्थानीय तीज-त्यौहार, शाला कैलेंडर, अवकाश और अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अपेक्षा के साथ उपस्थित शिक्षकों से निवेदन किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपनी संस्था के नाम ऊंचा रखने के लिए कोई कसर बाकी ना रखें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी. एल. देवांगन, सविशिअ. एल. के. जाहिरे, डा. आर्य, बीआरसीसी शर्मा के अतिरिक्त 340 शिक्षक -शिक्षिकाओं का आभार प्रदर्शन करते हुए जाहिरे ने कहा कि हमारे जिला शिक्षा अधिकारी लगातार पांच घंटे तक शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के संबंध में अविरल जानकारी दी, हम विश्वास दिलाते हैं कि उनकी अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

# भाजपा नेता के बिगड़े बोल के विरोध में कांग्रेसी सांसद कार्यालय के सामने करेंगे सद्बुद्धि यज्ञ

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के कांग्रेसियों को लेकर बिगड़े बोल के विरोध में नगर पालिका के उपाध्यक्ष व सभापति कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार चंद्राकर सैंकड़ों समर्थको के साथ सांसद कार्यालय के समक्ष भाजपा नेताओं के लिए सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे। भाजपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर हालही में जिला भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों की बैठक के दौरान मीडिया द्वारा रतन जोत को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कांग्रेस नेताओं को लेकर उनके बिगड़े बोल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल के बाद से कांग्रेसियों में जमकर आक्रोश है. नगर पालिका के उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू के मुख्य मार्ग पर स्थित सांसद कार्यालय के सामने भाजपा नेताओं को असंयम होकर अमर्यादित भाषा बोलने को लेकर सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे।

# छत्तौद के वेलनेस सेंटर निर्माण की धीमी गति लोगों में नाराजगी

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा ब्लॉक के समिप ग्राम पंचायत छत्तौद मे पुरानी जर्जर भवन में आयुष : वेलनेस सेंटर, शासकीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। उसी के परिसर मे शासन द्वारा आयुष : वेलनेस सेंटर हेतु नया भवन बनाया जाना है। जिसके लिए नवनिर्मित भवन का निर्माण कार्य कहने को शुरू है। जो की पीछले लगभग चार महिने से प्रस्तावित ठेकेदार के द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। पर अब तक केवल गेट तोडकर, निव खोदा गया है। ज्ञात हो कि 1 जून, दिन गुरुवार को यहां के कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी पीडा व्यक्त करते हुए। बताया कि नवनिर्मित आयुषः वेलनेस सेंटर के लिए सुविधायुक्त भवननिर्माण अब तक पुरा हो जाना था। पर पर्यंत तक छत्तौद के इस वेलनेस सेंटर का चार महिने में केवल निव की खुदाई बस किया गया है। निर्माण कार्य के लिए स्वास्थ्य केंद्र, जो कि चारो तरफसे आहाता से घिरे हुए हैं। उसके मेन गेट को निर्माण कार्य के लिए निकाल दिया गया। जिससे परिसर खुला होने से यहां के समान चोरी हो रहा है। वही पेड पौधो को छति पहुंच रहा है। यहां के कर्मचारी पी टी एस दुलर सिंग साहू व फार्मासीस्ट ने बताया। कि विडंबना है कि पिछले चार महिने से अभी तक मेन गेट तोड कर, केवल निव बस की खुदाई हुआ अब तक न ठेकेदार का अता-पता है। न ही इसे देखने के लिए कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि सुध ले रहे है 7 इस दशा को देख कोई समझ नहीं आ रहा है।या यह कहे कि ऐसा लगता है, कि किसी को कोई मतलब ही नहीं है।

### पुराना भवन जर्जर हो चुका है, छत से पानी टपक रहा है

गौरतलब हो कि यहां के कर्मचारी ने यह भी बताया। कि अभी जिस भवन में आयुष वेलनेस सेंटर, शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय छत्तौद का संचालन हो रहा है। वह भवन पुराने होने के नाम से जर्जर हो चुका है। बारिश में पानी गीरने से पानी छत से टपकने लगता है। वही दिन ब दिन सिलिंग से प्लास्टर गीरते जारहा है। यहा के कर्मचारियों ने यह भी कहा कि हम सोचते हैं कि कब ये वेलनेस सेंटर का नवनिर्मित भवन का लोकार्पण हो। और हम इस जर्जर भवन को खाली कर अपने आप व दवाईयों, समानों को सुरक्षित करे। पर यहां तो बारिस का समय करीब है। पर निर्माण की उम्मीद अभी कोसो दूर लगता है।

# मां गायत्री मंदिर अछोली में कराया जाएगा सामुदायिक भवन का निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



मां गायत्री मंदिर अछोली में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद के नेतृत्व में ग्राम अछोली के ग्रामीण संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अछोली में मां गायत्री मंदिर है। जहां बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ नागरिक पहुंचते हैं। यहां भवन नही होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यहाँ लंबे समय से एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। राशि की घोषणा पर ललित कुमार साहू, नाथूराम साहू, पुकलाल साहू, शंकर साहू, बेदराम साहू, खुबसाय, गन्नू साहू, गोवर्धन साहू, लेखराम साहू, अर्जुन साहू, तिहारू राम साहू, पुनीत राम साहू, मेवाराम साहू, पीतांबर साहू, जीवराखन साहू, सेवाराम साहू, चुरावन साहू, पुनीत राम साहू, इंदुराम राम साहू, यादराम साहू, अंगद राम साहू, किशन लाल साहू, दुजराम साहू, रामलाल साहू, प्रेमलाल साहू, पवन कुमार, किसन साहू, घांसी राम साहू, सुमेंद्र आदि ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है।

# श्री सीमेंट ने नहर गेट की चॉबी प्रशासन को सौंपी, खुला गेट

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



श्री सीमेंट संयंत्र द्वारा ग्राम भरूवाडीह में नव निर्मित कालोनी के पीछे गुजरने वाली नहर को लोहे का गेट लगाकर बंद कर दिया था। जिसे आज गेट को खोलकर उसकी चॉबी जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सौंपी है। जिससे अब ग्रामीण आसानी से आवाजाही कर सकते है। गौरतलब है कि श्री सीमेंट संयंत्र का रिहायसी कालोनी का निर्माण ग्राम भरूवाडीह में किया गया है। इस कालोनी के पीछे से बलौदाबाजार शाखा नहर से निकली हुई 9 नम्बर की सहायक नहर है। संयंत्र प्रबंधक द्वारा करीब 3-4 माह पूर्व नहर के दोनों सिरों पर गेट लगाकर बंद कर दिया गया था। उक्त नहर का उपयोग कृषक एवं ग्रामीण अपने ग्राम ठेलकी, पुरान स्थित खेतों में आवागमन हेतु करते है। वही मवेशियों को भी इसी तरह से ग्राम भरूवाडीह स्थित तालाब में पानी पीने के लिए लेकर जाते है। वर्तमान में गेट लगा दिए जाने के वजह से ग्रामीणों एवं मवेशियों को खेतों में घूमकर जाना पड़ता था।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री के नाम क्षेत्रीय सांसद विधायक नपा अध्यक्ष और जिपं अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

## फेडरेशन ने कहा आश्वासन नहीं समाधान चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन गरियाबंद के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम से बिंद्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर एवं नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष गफ्फू मेमन को ज्ञापन सौंपकर अपने 14 सूत्रीय मांगों को स्मरण कराते हुए शीघ्र पूरा कराने हेतु मांग पत्र सौंपा।

फेडरेशन के महामंत्री बसंत त्रिवेदी से चर्चा करने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि फेडरेशन के प्रांतीय इकाई द्वारा वर्ष 2022 में अपने मौलिक अधिकार महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान अनुसार गृह भाड़ा भत्ता एवं डीए एरियर के लिए निश्चित कालीन तथा अनिश्चितकालीन आंदोलन भी कर चुके है। आंदोलन का स्थगन 2 सितंबर 2022 को प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे से मीडिया के समक्ष सशर्त समझौते अनुसार पूर्ण आदेश जारी होने की प्रत्याशा में किया गया था किंतु सरकार द्वारा आंशिक आदेश ही जारी किया गया साथ ही 14 सूत्रीय



मांगों के समय सीमा में निराकरण हेतु पिंगुआ कमेटी का गठन किया गया था लेकिन उक्त कमेटी द्वारा आज दिनांक तक सरकार को अपना रिपोर्ट नहीं सौंपा गया है जिस कारण कर्मचारी अधिकारियों में व्यापक रोष उत्पन्न हो गया है। कर्मचारियों में उत्पन्न रोष एवं शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया को देखते हुए फेडरेशन ने यह निर्णय लिया है कि अब लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को पूर्ण कराने हेतु चरणबद्ध तरीके से आश्वासन नहीं समाधान चाहिए आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है जिसके प्रथम चरण में दिनांक 3 मार्च 2023 को जिला ब्लॉक स्तरीय रैली निकालकर एवं द्वितीय चरण में दिनांक 28 मार्च 2023 को प्रांत स्तरीय प्रदर्शन हो चुका है। अब हम तृतीय चरण में अपनी मांगों को प्रदेश के मुखिया के संज्ञान में लाने हेतु क्षेत्रीय सांसद, विधायक, नगर पालिका, जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखे जाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। यदि समय रहते हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता है तो प्रांतीय आवाहन में उग्र आंदोलन के लिए हमें बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपा जाते समय प्रमुख रूप से पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज खरे प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव सुदामा ठाकुर प्रांतीय सचिव सुनील यादव जिलाध्यक्ष पन्नालाल देवांशी जिला सचिव बसंत मिश्रा शिक्षक संघ से ऐन के वर्मा प्रकाश देवांगन राजेश्वर विप्रे अनूप महाडिक आदि उपस्थित थे ।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**सरायपाली।** राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के हिंदू महिलाओं की सुरक्षा हेतु व लव जिहाद के विरुद्ध कठोर कानून व्यवस्था बनाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सरायपाली को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम मांग करते हैं कि मृतक साक्षी के आरोपी को मृत्युदंड दिया जाए एवं साक्षी के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप मे 50 लाख रुपए एवं परिवार के एक व्यक्ति को शासकीय सेवा में नौकरी प्रदान करने की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने में फिरोज पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष ,प्रकाश पटेल विधानसभा मंत्री, कोषाध्यक्ष विवेक पुरोहित, संगीत प्रमुख अविनाश लाडला सोशल मीडिया प्रभारी नीरज नायक के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल मीडिया प्रभारी पूनम सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

## पात्रताधारी इच्छुक जोड़ों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक अथवा परियोजना अधिकारी के समक्ष 5 जून तक पंजीयन कराना अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र आमंत्रित है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवार की प्रथम 02 कन्याओं का विवाह कराया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाह योग्य कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। दोनों को अविवाहित तथा कन्या को छत्तीसगढ़ (यथासंभव दुर्ग जिले का) का मूल निवासी होना चाहिए। वर-वधू की उम्र का सत्यापन शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र अथवा जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही किया जायेगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ उम्र का निर्धारण संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत प्रदत्त राशन कार्ड की छायाप्रति, वर-वधू की पासपोर्ट साईज की फोटो, आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा वर-वधू के अविवाहित होने संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। योजना के प्रावधानों के अनुसार पात्र पाए गए जोड़ों का विवाह शासन द्वारा निर्धारित तिथियों, स्थलो पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से किया जावेगा। इस योजना व तहत वर-वधू का विवाह शासकीय व्यय प्रावधानों के अनुसार पूर्व निर्धारित स्थलों पर कराते हुए उन्हें उपहार स्वरूप विभिन्न जीवनोपयोगी सामग्रियां प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत नवीन निर्देशों के अनुरूप वधू को 21,000 रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। वधू का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता होना अनिवार्य है ताकि उपहार राशि सीधे संबंधित के बैंक खाते में प्रेषित की जा सके। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन माह जून 2023 के अंतिम सप्ताह में उपयुक्त तिथियों एवं स्थलों पर किया जाना संभावित है। अनिवार्य परिस्थितियों अथवा जोड़ों के परिजनों की सुविधा अनुसार इन तिथियों में परिवर्तन भी किया जा सकता है। इसकी सूचना संबंधित परियोजना अधिकारियों के माध्यम से यथासमय प्रदान की जायेगी। पात्रताधारी इच्छुक जोड़ों को अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक अथवा परियोजना अधिकारी के समक्ष दिनांक 05 जून 2023 तक विधिवत रूप से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 24 हितग्राही वर्चुअल कार्यक्रम में हुए शामिल



मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय रायपुर से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 1 लाख 5 हजार 395 हितग्राहियों को योजना की दूसरी किश्त 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रूपए की राशि अंतरित की। जिसमें जिले के 8 हजार 664 हितग्राहियों के खाते में 3 करोड़ 61 लाख 20 हजार की राशि अंतरित हुई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले लाभार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता युवाओं के लिए एक छोटा सा सहयोग है। जिससे कि वो अपने आने वाले भविष्य को सशक्त और सुनहरा बना सके। इसी के साथ उन्होंने विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के साथ योजना के संबंध में चर्चा कर उनसे प्रतिक्रिया ली। जिसमें जिले के शिवम् हुमने ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बताया कि उन्होंने एम.ए की पढ़ाई पूर्ण कर ली है। आगे उन्होंने बताया कि वर्तमान में वो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। जिसमें योजना के तहत् प्राप्त राशि उनके लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। इससे वो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें आसानी से ले सकेंगे और निः संदेह अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकेंगे। इसके साथ ही लाजमी साहू ने भी मुख्यमंत्री से बात की और बताया कि वो बी.एस.सी कर चुकी हैं और आने वाले सत्र में एमसीए की पढ़ाई करना चाहती है। योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वो एमसीए की सेमेस्टर फीस के भुगतान के लिए उपयोग में लाएंगे। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को सबल बनाने के लिए चलाई जा रही बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और उपस्थित लाभार्थीयों को बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी। एनआईसी में संपादित हुए इस कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाअध्यक्ष आर.एन. वर्मा, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, रोजगार उपसंचालक राजकुमार कुर्रे इत्यादि उपस्थित थे।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2023-24 के अंतर्गत नियमित प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश आवेदन फार्म प्रारंभ किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि - स्नातक प्रथम वर्ष हेतु (बी.ए/बी.एस.सी./बी.काम/बी.एससी./गृहविज्ञान/बी.सी.ए/डी.सी.ए/बी.बी.ए) 01 से 15 जून 2023 तक। मेरिट सूची जारी करने की तिथि (100 प्रतिशत सीटों हेतु) 16 जून 2023 है। विद्यार्थियों के प्रवेश लिए जाने की अंतिम तिथि (प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि) 16 से 20 जून 2023 तक है। प्रवेश आवेदन फार्म पूर्णतः निःशुल्क है। छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट लिंक्स पर जाकर ऑनलाईन एडमिशन फार्म 2023-24 पर क्लिक कर,वेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। छात्र/छात्राएं उक्त लिंक के माध्यम से सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन करेंगे तत्पश्चात यूजर आई. डी. एवं पासवर्ड प्राप्त कर प्रवेश आवेदन फार्म भरेंगे। प्रत्येक विद्यार्थी अधिकतम एक बार मे 05 महाविद्यालयों हेतु प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। मेरिट सूची जारी होने के पश्चात सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी को उक्त महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। महाविद्यालयों को संबंधित विद्यार्थी के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात तत्काल ऑनलाईन माध्यम से भी उनके डाटा को वेरिफाई अथवा एडमिटेड करना होगा। संबंधित विद्यार्थी के डाटा को महाविद्यालय द्वारा वैरिफाई नहीं करने की स्थिति में भी उक्त विद्यार्थी का डाटा प्रवेश पोर्टल से हटा दिया जाएगा। यदि विद्यार्थी का नाम उसके द्वारा चयन किए गये 05 महाविद्यालयों में से किसी की भी मेरिट सूची में शामिल नहीं है तो उन्हें पुनः नवीन प्रवेश आवेदन फार्म भरना होगा जिसके लिए उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने उसी आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर पुनः प्रवेश आवेदन फर्म भर सकेंगे। मेरिट सूची में नाम आने के बाद भी यदि विद्यार्थी किसी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लेते हैं तो उनके आवेदन प्रवेश लिए जाने की अंतिम तिथि उपरांत स्वमेव निरस्त हो जायेंगे एवं पोर्टल फिर से खुलने पर उन्हें नया प्रवेश आवेदन भरना होगा। स्वशासी महाविद्यालयों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु प्रवेश आवेदन फार्म संबंधित महाविद्यालय द्वारा ही भराए जायेंगे।

## नगरीय निकाय उप निर्वाचन, आज से नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन के तहत दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 42 कसारीडीह पश्चिम तथा नगर पालिका परिषद अहिवारा के वार्ड क्रमांक 14 अम्बेडकर नगर के रिक्त पार्षद पद के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 02 जून 2023, शुक्रवार को पूर्वान्ह 10.30 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जायेगा। प्रकाशन के तत्काल बाद रिटर्निंग ऑफिसर अथवा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 09 जून 2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 10 जून 2023 दिन शनिवार प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 12 जून 2023 दिन सोमवार अपरान्ह 3 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन (रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा) 12 जून 2023 सोमवार को अभ्यर्थिता वापसी के बाद की जाएगी।

## विधायक,महापौर व सभापति ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला भेंट कर छगन साहू, राजेन्द्र सराठे व मेहतरु यादव की सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम कार्यालय अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, जलगृह विभाग एवम उद्यान विभाग में कार्यरत छगन साहू सहा.ग्रेड 3, स्वास्थ्य निरीक्षक राजेन्द्र सराठे एवम भृत्य मेहतरु यादव को विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, अब्दुल गनी,संजय कोहले, हमीद खोखर व अधिकारियों ने सेवानिवृत्ति पर श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रमाण पत्र भेंट कर पूरे सम्मान के साथ विदाई दी। इस अवसर पर राजेश पांडेय, एसडी शर्मा, प्रकाशचन्द्र थवानी, जितेंद्र समैया,आरके पालिया, गिरीश दीवान, आरके जैन, एस के केवलानी, जावेद अली,राजेन्द्र ढबाले, विनोद मांझी,मोहित मरकाम,आरके बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, नारायण ठाकुर ने उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। तीनो कर्मचारियों को सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारी ने अपने अनुभवों को साझा किए। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं सभापति राजेश यादव ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है,आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो। निगम परिवार ऐसी कामना करता है,सेवानिवृत्त के बाद कभी भी आवश्यकता होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया। महापौर ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।कार्यक्रम कर स्टाफकी ओर से उन्हें स्मृति चिह्न स्वरूप पुष्पमाला भेंट किया गया।

## जिला चिकित्सालय में 8 किलो के ओवरी सिस्ट का हुआ ऑपरेशन



**दुर्ग।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक से प्राप्त जानकारी के अनुसार जालबांधा निवासी सुभिया निषाद उम्र 28 साल पिछले 4-5 महीनों से अपने पेट दर्द की समस्या को लेकर जिला चिकित्सालय दुर्ग में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवला देवांगन के पास ईलाज करने पहुंची। सोनोग्राफी के बाद पता चला कि उनके ओवरी में गांठ बना हुआ है। स्त्री रोग विशेषज्ञ ने मरीज को ऑपरेशन कराने की सलाह दी। महिला का ऑपरेशन कर 8 किलो का सिस्ट निकाला गया। इस कार्यक्रमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उज्जवला देवांगन एवं टीम में शामिल डॉ. पूजा वर्मा, डॉ. रिमपल एवं स्टॉफनर्स सीमा द्वारा मरीज के ओवरी सिस्ट का सफलतापूर्वक सर्जरी किया गया।

## चेक के माध्यम से टैक्स जमा कर खाते में पर्याप्त राशि नहीं रखने वाले 76 करदाताओं को जारी किया गया नोटिस

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com




भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 76 करदाताओं के द्वारा टैक्स जमा करने के लिए चेक का उपयोग किया गया था लेकिन खाते में पर्याप्त राशि नहीं रखी गई थी। जिसके चलते निगम के खाते में राशि जमा नहीं हो पाई है। ऐसे करदाताओं को नोटिस जारी किया गया था और राशि जमा करने कहा गया था इनमें से 27 करदाताओं ने टैक्स की राशि जमा कर दी है परंतु 49 ऐसे करदाता है जिन्होंने अभी तक टैक्स की राशि जमा नहीं की है। इन करदाताओं को 3 दिन की मोहलत मयब्याज टैक्स की राशि जमा करने के लिए दी जा रही है उसके बाद भी टैक्स नहीं दिया गया तो निगम अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया भी की जाएगी। बता दे कि भिलाई निगम में टैक्स की राशि जमा करने के लिए कुछ करदाताओं ने चेक का उपयोग किया है परंतु खाता में पर्याप्त बैलेंस नहीं होने के चलते निगम के खाते में इस राशि का आहरण नहीं किया जा सका है। ऐसे सभी करदाताओं को निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर नोटिस जारी किया गया था। आयुक्त ने ऐसे करदाताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी परिपेक्ष में ऐसे करदाताओं की सूची तैयार की गई है।

## सुभाष चौक से जलेबी चौक तक लगेगा पेवर ब्लॉक, महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर, कार्य कराया प्रारंभ



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 एवं 32 सुभाष चौक से जलेबी चौक तक आकर्षक पेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस कार्य का भूमि पूजन आज महापौर नीरज पाल ने किया और कार्य की शुरुआत कराई। शीघ्र ही इस स्थल पर पेवर ब्लॉक लग जाएगा आज से इस कार्य का शुभारंभ महापौर के हाथों हो चुका है। भूमि पूजन के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, सहायक अभियंता वसीम खान एवं उप अभियंता वीरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे। सुभाष चौक से जलेबी चौक तक जाने वाले मार्ग पर स्थल को धूल रहित, कचरा मुक्त, कीचड़ मुक्त और आकर्षक स्वरूप देने के लिए पेवर ब्लॉक लगाने की मांग स्थानीय निवासियों ने की थी। महापौर नीरज पाल ने मांग को सहज स्वीकार करते हुए अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार एक निर्देश दिए थे। सक्षम स्वीकृति प्राप्त करने उपरांत आज कार्य प्रारंभ हो गया है अब शीघ्र ही पेवर ब्लॉक लगने का काम हो जाएगा और स्थल सुंदर और धूल रहित हो जायेगा।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य की बड़ी आबादी में दिखाई दे रहा है सकारात्मक परिवर्तन: गुरू रूद्र कुमार

**दुर्ग।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्र कुमार सेवा सहकारी समिति मार्यादित, करंजा भिलाई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने 1 करोड़ 16 लाख रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत किसान कुटीर भवन, बाजार चौक सीमेंटीकरण कार्य, चबुतरा शेड निर्माण, हाई स्कूल में वाचनालय भवन, सांस्कृतिक भवन चौक सीमेंटीकरण, शीतला तालाब में शेड निर्माण, पुलिया निर्माण, रोड का सीमेंटीकरण इत्यादि कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर श्री गुरू रूद्र कुमार ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध से अवगत कराया। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अंतरित की गई द्वितीय किश्त के बारे में भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने बेरोजगारी भत्ता द्वारा प्रदाय की जा रही 25 सौ रूपए की राशि का उपयोग युवा सकारात्मक दिशा में करें इस बात पर जोर दिया।

## 30 जून तक चलने वाले जनसंपर्क अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों के लिये जितेन्द्र वर्मा ने की जिला स्तरीय समितियों की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



30 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार 30 मई से 30 जून 2023 तक सभी लोकसभा, विधानसभा, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर विशेष जनसंपर्क अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर भाजपा की उपलब्धियों और नीतियों को प्रस्तुत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों, शोषितों एवं वंचितों के कल्याण हेतु अनेकों योजनाओं का संचालन कर देश का गौरव विश्व पटल पर स्थापित कर रही है, वहीं सांस्कृतिक विरासत को प्राथमिकता के आधार पर प्रतिस्थापित करने के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करते हुए नए भारत को आकार दे रही है। इस अभियान के अंतर्गत व्यापक जनसंपर्क, लाभार्थी संपर्क, व्यापारी सम्मेलन, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, जनसभा, समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क जैसे लोकसभा, विधानसभा एवं बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसके अंतर्गत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा लोकसभा संयोजक प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सह संयोजक दयावंत बांधे को बनाया गया है। उक्त कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने लोकसभा संयोजक प्रेमप्रकाश पाण्डेय की सहमति से दुर्ग जिले के प्रत्येक विधानसभा में होने वाले पृथक पृथक कार्यक्रमों के लिए प्रभारी तय किए हैं, जो कि निम्नानुसार है :- वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा एवं भोजन के प्रभारी गणः-नटवर ताम्रकार, अरविंदर खुराना, केएस चौहान, रोहित साहू, चंद्रप्रकाश मांडले। संयुक्त मोर्चा सम्मेलन के प्रभारीगणः- विनोद अरोरा, दिव्या कलिहारी, जीत यादव, अनूप गटागट। लाभार्थी सम्मेलन के प्रभारीगणः-कांतिलाल बोथरा, अमिता बंजारे, माया बेलचंदन, दिनेश देवांगन, साजन जोसेफ योग दिवस के प्रभारीगणः- शिव चंद्राकर, अल्का बाघमार, चंद्रकला मनहर, बानी सोनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ स्तरीय कार्यक्रम के प्रभारीगण :- संतोष सोनी, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, रजा खोखर तथा घर संपर्क अभियान बूथ स्तरीय कार्यक्रम के प्रभारीगण :- ललित चंद्राकर, कांतिलाल जैन, रूप सिंह सिन्हा, जितेंद्र साहू, अशोक बाफना बनाए गए हैं। उक्त जानकारी विशेष जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक दिलीप साहू ने दी है।

### डेयरी से 38 हजार रूपए प्रतिमाह कमा रही हैं 'राजश्री' समूह की महिलाएं

## चंदखुरी गौठान बना स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए आजीविका का जरिया

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम पंचायत चंदखुरी के राजश्री महिला स्व सहायता समूह 5 साहीवाल नस्ल के द्वारा दुग्ध व्यवसाय का संचालन किया जा रहा है। जिससे उत्पादित दुध को पोटिया के साई मिल्क पार्लर में विक्रय कर समूह की दीदियां एक बेहतर आमदनी आय के रूप में प्राप्त कर रही है। इन उच्च नस्ल की गायों के द्वारा प्रतिदिन 30 लीटर दूध की प्राप्ति हो रही है। जिसे मिल्क पार्लर में 42 रूपए प्रतिलिटर की दर से समूह के द्वारा बेचा जा रहा है। अर्थात् दिए गए आंकड़ों के आधार पर समूह की दीदियों को प्रतिमाह लगभग 38 हजार रूपए की आमदनी केवल दूध से प्राप्त हो रही है। समूह की अध्यक्ष टोमिन चंद्राकर ने बताया कि समूह के द्वारा न केवल डेयरी का संचालन किया जा रहा है बल्कि गोधन की सेवा भी की जा रही है। जिसके अंतर्गत साहीवाल नस्ल की गायों को नेपियर घास और यूरिया उपचारित पैरा आहार के रूप में प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही भीषण गर्मी के मद्देनजर गायों को नहलाने से लेकर पीने की पानी की पर्याप्त व्यस्था भी गोठान में की गई है। गौठान में विभिन्न आर्थिक गतिविधियां संचालित कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। शासन की नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के अंतर्गत जिले के ग्राम चंदखुरी के गौठान में विभिन्न प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें गाय पालन की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योकि गाय से न केवल दूध बल्कि खेती के लिए गोबर से खाद प्राप्त होता है। यह एक बहुत अच्छा व्यवसाय है। गाय पालन का व्यवसाय एक आय का स्त्रोत ही नहीं बल्कि लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। समूह की अन्य सदस्य श्रद्धा ठाकुर ने बताया कि गौठानों में संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों के माध्यम से सभी समूह आर्थिक दृष्टिकोण से फल फूल रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि डेयरी से होने वाली आमदनी उनके परिवारिक आर्थिक भार को कम करने में उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसके साथ ही गाय के अन्य उत्पादों के माध्यम से भी समूह की महिलाओं को अतिरक्त आय प्राप्त हो रही है।

## ईडब्ल्यूएस की जमीन में बिल्डर ने तान दिया था बाउंड्रीवाल, निगम को बनानी थी आवास योजना की प्लानिंग



**भिलाई नगर।** कैलाश नगर कुरुद क्षेत्र में चर्च रोड के दलीप परिसर में बिल्डर्स मेसर्स अमृत होम्स प्राइवेट लिमिटेड प्रितपाल सिंह बिंद्रा आत्मज दलीप सिंह बिंद्रा कैलाश नगर कुरूद भिलाई के द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग द्वारा अनुमोदित लेआउट कुरूद पटवारी हल्का नंबर 14/19 तहसील व जिला दुर्ग खसरा नंबर 1608, 1609 का भाग कुल रकबा 2397.94 वर्ग मीटर का 15त्न ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित भूमि हेतु अंकित पहुंच मार्ग को निर्माण नहीं किया गया है और इस स्थल पर बिल्डर्स के द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण करके इसे पृथक किया जा रहा था। जो कि नियम की अवहेलना है और नियम विरुद्ध है। बाउंड्री वॉल के निर्माण होने से इसके लेआउट देने में निगम को परेशानी हो रही थी क्योंकि आवास योजना के तहत इस स्थल पर मकान निर्माण किया जाना है। अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण को हटाने के लिए एवं अनुमोदित मानचित्र के अनुसार ईडब्ल्यूएस भूमि हेतु पहुंच मार्ग को उपलब्ध कराए जाने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 एवं 307 के तहत संबंधित बिल्डर्स अमृत होम्स को 3 मई 2023 को सूचित किया गया था। परंतु फिर भी बिल्डर के द्वारा अवैध बाउंड्री वॉल को हटाने की कार्यवाही नहीं की गई। जिसको देखते हुए निगम की टीम ने पहुंच मार्ग खोलने के लिए अवैध बाउंड्री वॉल को धरासाई कर दिया है।

**IndusInd Bank**

3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, प्रथम तल, सावित्री टावर्स, कोलकाता – 700017

एतद्द्वारा कर्जदारों और सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्राधिकृत अधिकारी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगान्तर्गत प्रतिभूत लेनदार की 30–04–2023 तक बकाया राशि रू. 30,80,88,748.95 (रूपए तीस करोड़ अस्सी लाख अठासी हजार सात सौ अड़तालीस तथा पैसे पिच्यानवे मात्र) + 01–05–2023 से 10.25 प्रतिशत वार्षिक की दर पर आगे ब्याज की वसूली प्रतिभूत आस्तियों की "जैसी है जहां है तथा जो भी है वहां है आधार" पर उक्त अधिनियम और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के प्रावधानों तथा इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुबद्ध किए जाने वाले नियमों एवं शर्तों के तहत बिक्री द्वारा करने का प्रस्ताव करता है। सर्वसाधारण से यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्तियों के क्रय हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।
ईएमडी तथा बिडस जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 30 जून, 2023 अप. 05.00 बजे तक।
ई–नीलामी की तिथि और समय : 03 जुलाई, 2023 मध्या. 12.30 बजे से अप. 01.30 बजे तक
वेबसाइट : https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से
(अधिक विवरण के लिए सम्पर्क करें – प्राधिकृत अधिकारी 9874438785 पर)।

| | |
|---|---|
| कर्जदारों का विवरण | 1. मैसर्स रिद्धि एग्रो इंडस्ट्रीज<br>2. श्री नबीन कुमार जैन (पार्टनर एवं गारंटर) ;<br>3. श्री निशांत कुमार जैन (पार्टनर एवं गारंटर) ;<br>4. श्रीमती फोली देवी जैन (गारंटर) ;<br>5. श्रीमती सरिता जैन (गारंटर) ;<br>6. स्वर्गीय भीखू राम जैन |
| प्रतिभूत आस्तियों का वर्णन | रायपुर में स्थित आवासीय फ्लैट –– सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : आवासीय फ्लैट नंबर 251, 5वां तल, "पार्थिव पैसीफिक मैपल अपार्टमेंट", खसरा नंबर 164/11, 164/12, 165/11 (पार्ट), निर्मित क्षेत्रफल 1045 वर्ग फीट, पी.एच. नंबर 104, भूमि के अविभजित यथानुपात हिस्सा सहित, ग्राम डूमरतालाब, शहीद भगत सिंह वार्ड, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ |

| सम्पत्ति का सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) : |
|---|---|
| रू. 40,85,000.00/– (रूपए चालीस लाख पिचासी हजार मात्र) | रू. 4,08,500/– (रूपए चार लाख आठ हजार पांच सौ मात्र) |

नियम एवं शर्ते :

1. निविदा दस्तावेज जिनमें बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा बिड फार्म दिए गए हैं, इच्छुक बिडर्स द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड, रायपुर, शाखा, छत्तीसगढ़ से प्राप्त किए जा सकते हैं। इच्छुक बिडर्स, पूछताछ के लिए अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी से 9874438785 पर 30 जून, 2023 को अथवा पूर्व सम्पर्क कर सकते हैं।
2. धरोहर राशि जमा सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत (दस प्रतिशत) होगी तथा इच्छुक बिडर्स द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड के पक्ष में डीडी द्वारा अथवा आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा "इंडसइंड बैंक, खाता संख्या 00153564604005, आईएफएससी कोड INDB0000015, शाखा पता : इंडसइंड बैंक अपर वुड स्ट्रीट शाखा, कोलकाता, में निविदा दस्तावेज में निदर्शित और अपेक्षित समर्थन दस्तावेजों के साथ जमा की जाएगी।
3. सुरक्षित मूल्य से कम/ईएमडी रहित/सप्रतिबंध/सशर्त ऑफर्स अमान्य होंगी।
4. इच्छुक पार्टियां प्राधिकृत अधिकारी श्री रोहित स्वरूप से 9874438785 पर सम्पर्क करके सम्पत्ति का निरीक्षण 20 जून, 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 03.00 बजे के बीच कर सकती हैं।
5. प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के पास प्रतिभूत आस्ति का भौतिक कब्जा है तथा उसको/प्रतिभूत लेनदार को किसी ऋणभार की जानकारी नहीं है। तथापि, इच्छुक बिडर्स को ऋणभारों, प्रतिभूत आस्तियों के स्वामित्व और प्रतिभूत आस्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं/सोसायटी मेंटीनेंस प्रभारों की देयता के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। सार्वजनिक नीलामी विज्ञापन प्रतिभूत लेनदार का कोई वादा अथवा कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है और ना ऐसा करता माना जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी तथा/अथवा प्रतिभूत लेनदार उक्त प्रतिभूत आस्ति पर किसी ऋणभार, प्रभार, सरकारी बकाया, तृतीय पक्ष दावा, सोसायटी मेंटीनेंस प्रभारों इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे तथा यह एकमात्र संबंधित क्रेता की जिम्मेदारी होगी।
6. इन प्राप्त ऑफर्स पर विचार किया जाएगा और अंतिम परिणाम की घोषणा 03 जुलाई, 2023 को मध्या. 12.30 बजे से अप. 01.30 बजे तक ई–नीलामी के अंतिम परिणाम के माध्यम से की जाएगी, ऑफरदाता उस समय उपस्थित रह सकते हैं और एक से अधिक ऑफर होने की स्थिति में, यदि चाहें, परस्पर बिडिंग द्वारा अपनी बिड बढ़ा सकते हैं।
7. बिड मूल्य सुरक्षित मूल्य से अधिक पर उद्धृत किया जाएगा तथा बिडर्स अपनी बिड रू. 50,000/– (रूपए पचास हजार मात्र) के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। 8. सफल बिडर को क्रय राशि की 25 प्रतिशत राशि (पहले जमा की गई धरोहर राशि सहित) नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होते ही तत्काल क्लॉज (2) में वर्णित भुगतान की विधि में जमा करनी होगी तथा क्रय राशि की शेष राशि उसको सूचित की गई बिक्री की पुष्टि/मंजूरी के 15 दिन के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित सहमति द्वारा विस्तारित अवधि के भीतर जमा करनी होगी।
9. उक्त अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री स्वतः रद्द मान्य होगी तथा सफल बिडर द्वारा जमा की गई धरोहर राशि सहित पूरी राशि जब्त मान्य होगी। सफल बिडर का उक्त सम्पत्ति पर कोई दावा मान्य नहीं होगा तथा इंडसइंड बैंक लिमिटेड आगे कोई सूचना दिए बिना सम्पत्ति की पुनः बिक्री कर सकेगा।
10. असफल बिडर्स की ईएमडी नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने पर वापस की जाएगी। उच्चतम/सफल बिडर की ईएमडी राशि उसके बिड मूल्य में समायोजित की जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
11. प्राधिकृत अधिकारी के बिक्री के संबंध में यहां इसमें अनुबद्ध सभी अधिकार सुरक्षित हैं तथा प्रतिभूत लेनदार के साथ परामर्श से लिया गया उसका निर्णय सदैव बाध्यकारी होगा। प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम ऑफर स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी या सभी ऑफर्स स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा सार्वजनिक नीलामी/बिक्री आस्थगित/प्रास्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है। नीलामी बिक्री असफल रहने की स्थिति में, प्राधिकृत अधिकारी का तदुपरांत प्रतिभूत आस्तियां प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बेचने का अधिकार सुरक्षित है।
12. इस सूचना तथा निविदा दस्तावेज के बीच कोई विसंगति होने की स्थिति में, निविदा दस्तावेज में दिए गए नियम एवं शर्तें मान्य होंगी।
****विस्तृत नियम एवं शर्ते इंडसइंड बैंक लिमिटेड की वेबसाइट https://www.indusind.com/in/en/personal/auction-notices.html पर अपलोड की गई ई–नीलामी सूचना में भी देखी जा सकती हैं

सरफासी ऐक्ट के प्रावधानों/नियमों के तहत बिक्री के संबंध में
15 दिन का कानूनी नोटिस

कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर इसको 30 दिन का बिक्री नोटिस समझें। कर्जदार/बंधकदाता/गारंटरों को एतद्द्वारा इस बिक्री नोटिस की तिथि से 30 दिन के भीतर उपरिवर्णित पूर्ण देयता का निर्वहन करने और अपनी प्रतिभूत आस्ति छुड़ाने हेतु अंतिम एवं आखिरी अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रतिभूत आस्ति की बिक्री उपरिवर्णित नियमों एवं शर्तों के अनुसार की जाएगी।

तिथि : 02–06–2023
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

# राहुल गांधी बड़बोली आदत

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बड़बोली आदत दिखाते हुए विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मजाक उड़ाने का काम फिर किया है। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को में प्रवासी भारतीयों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी का यह कह कर मजाक उड़ाया कि वे अपने को 'सर्वज्ञानी' की तरह पेश करते हैं। वास्तव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनको अपने ज्ञान के बारे में भ्रम है। उन्होंने कहा, 'भारत में कुछ लोग सोचते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं। यदि उनका ईश्वर से संवाद हो जाए तो वे उनको भी समझा देंगे।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि 'प्रधानमंत्री उनमें से एक हैं।' भाजपा नेताओं की निन्दा करते हुए राहुल ने आगे कहा, 'वे वैज्ञानिकों से बात कर उनको विज्ञान समझा सकते हैं। वे इतिहासकारों को इतिहास, सेना को युद्धकला तथा वायुसेना को उड़ानों के बारे में समझा सकते हैं। लेकिन असलियत है कि वे कुछ नहीं जानते हैं।' हालांकि, व्यंग्यात्मक आलोचना प्रभावी हो सकती है, पर राहुल गांधी इससे बहुत आगे निकल गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 'राजनीति करने के सामान्य तरीके अब कारगर नहीं रह गए हैं।' उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह लोगों को डरा रही है और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों को लगा रही है। लेकिन भारत में कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा विपक्ष को उत्पीड़ित करने के आरोप पहले भी लगते रहे हैं और वर्तमान अवस्थापना इसका अपवाद नहीं है। लेकिन क्या विदेशों में हमें अपने देश की कमियां गिनाना जरूरी है? भारत में भले ही प्रशासन व अनेक अन्य आयामों में अनेक कमियां हों, पर किसी वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा अमेरिका में इनके प्रचार को किसी प्रकार सही नहीं ठहराया जा सकता है। राहुल को भले ही इससे थोड़ा राजनीतिक लाभ मिल जाए, पर इससे दुनिया में भारत की छवि निश्चित रूप से खराब होगी।

इस दृष्टिकोण से राहुल की टिप्पणियों पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया बिल्कुल ठीक है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'अपनी विदेश यात्राओं के दौरान राहुल गांधी भारत का अपमान करते हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे प्रधानमंत्री मोदी का अपमान करना चाहते हैं, पर अंततः भारत की प्रगति पर सवाल उठा कर भारत का अपमान करते हैं। वे भारत की छवि ऐसे समय खराब करना चाहते हैं जब दुनिया हमारे बढ़ते हुए कद को स्वीकार कर रही है।' हालांकि, पहले भी विदेशों में कुछ नेता देश की विकास नीतियों की आलोचना करते रहे हैं, पर कोई राहुल गांधी के स्तर तक नीचे नहीं गिरा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने तत्कालीन नेता विरोधी दल अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा था और इसकी सारी दुनिया में प्रशंसा हुई थी। कुछ घटनाओं को सामान्य प्रवृत्ति की तरह पेश करने की राहुल की अतिरंजना को किसी प्रकार उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आज भारत उस ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसने हमारे देश पर लगभग 200 साल शासन किया था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि देश की अधिकांश जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के प्रति चुनावों के माध्यम से अपना विश्वास व्यक्त किया है और उनकी लोकप्रियता दुनिया के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों से अधिक है। आज सारी दुनिया में भारत तथा विभिन्न देशों में कार्यरत प्रवासी भारतीयों का सम्मान पहले की तुलना में कई गुना बढ़ा है। ऐसे में राहुल गांधी विदेशों में अपनी बेतुकी व बड़बोली टिप्पणियों से देश के बजाय कांग्रेस की ही छवि खराब कर रहे हैं।

# दो हजार रुपये के नोट की वापसी

## दो हजार रुपये के नोट की वापसी से काला धन जमा करने वालों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वे अपनी पहचान छिपा कर इसे बदलने का प्रयास करेंगे।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)




भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये का नोट प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की। हालांकि, उसने यह भी कहा कि वे लीगल टेंडर बने रहेंगे। इस संबंध में जारी अधिघोषणा में कहा गया था, 'आरबीआई की क्लीन नोट नीति के अनुसार 2000 रुपये के नोट को प्रचलन से वापस लेने का निर्णय किया गया है। लेकिन 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे।'

उपरोक्त से प्रथमदृष्टया लगता है कि यह 6 साल पहले की गई नोटबंदी की तरह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 दिसंबर, 2016 को घोषणा की थी कि 500 व 1000 रुपये के करेंसी नोट तत्काल प्रभाव से लीगल टेंडर नहीं रहेंगे। इस प्रकार वर्तमान आदेश नोटबंदी नहीं है। आरबीआई ने इसे केवल अपनी 'क्लीन नोट पालिसी' के अंतर्गत उठाया कदम बताया है। केन्द्रीय बैंक का तर्क है कि 2000 रुपये जैसे उच्च मूल्य के नोट सामान्य रूप से नकदी लेनदेन में प्रयोग नहीं होते हैं। लेकिन इसे 2016 में नोटबंदी के कारण लाया गया था क्योंकि बहुत कम समय में 500-1000 रुपये के नोटों का विकल्प देना था ताकि आर्थिक व्यवधान न्यूनतम किया जा सके। 2000 रुपये के प्रचलन वाले लगभग 90 प्रतिशत नोटों का कुल मूल्य 31 मार्च, 2018 को अपने शिखर समय में 673,000 करोड़ था जिनको 8 नवंबर, 2016 से 31 मार्च, 2017 के बीच जारी किया गया था। इस कदम के पीछे इरादा उनको वापस लेना था क्योंकि आरबीआई अर्थव्यवस्था की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए कम मूल्य वाले, जैसे 500 रुपये के नोट काफी संख्या में जारी कर चुका था।

वैसे भी 2000 रुपये के नोटों का प्रचलन 31 मार्च, 2018 को कुल प्रचलन का 37.3 प्रतिशत था जो 31 मार्च, 2023 को घट कर केवल 10.8 प्रतिशत या 362,000 करोड़ रह गया था। इसके प्रयोग का समय अनुमानतः 4-5 साल था तथा जनता की करेंसी आवश्यकता पूर्ति के लिए 500 रुपये के काफी नोट होने के कारण 2000 रुपये के नोटों की पूर्ण वापसी का निर्णय तार्किक लगता है। आरबीआई के सर्कुलर के अनुसार 23 मई, 2023 के बाद जनता 2000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कर सकती है या उनको अन्य मूल्य के नोटों से बदल सकती है। एक बार में 20,000 रुपये के मूल्य के दस नोट बैंकों में 30 सितंबर, 2023 तक जमा किए जा सकते हैं।

इन नोटों की बदली की सुविधा आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों-आरओ में दी गई है। इस प्रकार 2000 रुपये के नोट रखने वालों को उनसे मुक्ति पाने के लिए 131 दिन का समय दिया गया है जो 2016 में 500-1000 नोट रखने वालों को मिले 52 दिनों की तुलना में ढाई गुना अधिक है। दूसरा, 31 मार्च, 2023 को मूल्य के अनुसार 2000 रुपये के नोटों का हिस्सा प्रचलन में केवल 10.8 प्रतिशत था, जबकि 2016 में 500-1000 रुपये के नोटों का हिस्सा 86 प्रतिशत था। इस प्रकार इस बार व्यवस्था पर बोझ बहुत कम है। क्या यह एक रूटीन कदम है?

मूलभूत स्तर पर 2000 रुपये के नोटों की 'वापसी' की प्रक्रिया आरबीआई की आशा के अनुसार 30 सितंबर, 2023 को पूरी हो जाएगी। लेकिन इसके बावजूद उसने जोर दिया है कि ये 30 सितंबर के बाद भी लीगल टेंडर बने रहेंगे। उस परिदृश्य की कल्पना करें जब इस अंतिम सीमा तक बैंकों में सभी 2000 रुपये के नोट वापस आ जाएंगे, फिर ऐसे में इनके लीगल टेंडर बने रहने की बात निरर्थक है। इसे दूसरे दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए।

यदि इरादा 30 सितंबर, 2023 के बाद भी 2000 रुपये के नोटों का विधिक दर्जा बनाए रखने का है तो इसका अर्थ यह होगा कि उनको भुगतान करने में प्रयोग किया जा सकेगा। फिर ऐसे में इन नोटों के जमाखोर इनको बैंक खातों में जमा करने या बदलवाने के लिए सामने क्यों आएंगे। आरबीआई के इस कदम के पीछे असली इरादे को समझने के लिए हमें देखना होगा कि 31 मार्च, 2023 को 362,000 करोड़ मूल्य के 2000 रुपये वाले नोटों का क्या किया जाएगा।

क्या इनका उद्देश्य लोगों की वैध आर्थिक गतिविधियों में सहायता करना था या इनसे लोगों को अपनी अघोषित आय छिपाने का अवसर मिला था? पहले मामले में, आरबीआई ने 31 मार्च, 2017 के बाद मुख्यतः 500 रुपये के नोट जारी किए थे, ऐसे में 2000 रुपये के नोटों को अब तक गायब हो जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि इन नोटों का अधिकांश काले धन के रूप में रखा गया। प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा रोज मारे गए छापों में भारी संख्या में नोट संदिग्ध नौकरशाहों, राजनेताओं, बिजनेसमैनों, आदि से बरामद हुए हैं। दुर्भाग्य से आरबीआई सर्कुलर तथा बाद में गवर्नर तथा भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी द्वारा दिए स्पष्टीकरणों से इस विभीषिका से निपटने में सहायता नहीं मिलती है।

आरबीआई ने किसी व्यक्ति को एक बार में 2000 के 10 नोट या 20,000 रुपये के नोट बैंक से बदलने की अनुमति दी है। हालांकि, नोटों की अदलाबदली में अपनी पहचान का साझा करने की जरूरत नहीं है। इसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति दिन के किसी भी समय बैंक में जाकर उनको बदल सकता है। इस प्रकार उदाहरणार्थ दिन में 10 बार बैंक जाकर वह एक दिन में अपने 2 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। यदि यही प्रक्रिया 131 दिन तक दुहराई जाए तो वह 262 लाख रुपये के काले धन से मुक्ति पा सकता है। नोट बदली के समय पहचान प्रकट करने पर जोर न देने वाली ऐसी व्यवस्था से उदाहरणार्थ 2000 रुपये के नोटों में 100 करोड़ 'बिना हिसाब वाली नकदी' रखने वाला व्यक्ति इसके बदले 500-1000 रुपये के नोट प्राप्त कर सकता है। इसके लिए चार महीनों तक उसे किसी भी बैंक की शाखा में बार-बार जाना होगा। पहचान सुरक्षित रहने की स्थिति में वह ज्यादा सरल प्रक्रिया भी अपना सकता है।

वह इस बारे में किसी बैंक प्रबंधक से संपर्क कर 100 करोड़ रुपये बदलने के लिए षडयंत्र कर सकता है। ऐसे में बैंक मैनेजर को केवल अपने रिकार्ड में 20,000 रुपये मूल्य की अनेक इंट्रियां दिखानी भर होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के सर्कुलर में किसी व्यक्ति को अपने बैंक खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने की अनुमति दी गई है और इसकी कोई सीमा भी नहीं निर्धारित की गई है। हालांकि, एक निश्चित सीमा से अधिक धनराशि जमा करने की स्थिति में बैंक को यह सूचना आयकर विभाग को देनी होगी। बचत खाते में 2000 रुपये के नोट जमा करने के मामले में यह सीमा 10 लाख रुपये है। लेकिन कालाधन एकत्र करने वाले जमाखोर यह रास्ता नहीं पसंद करेंगे क्योंकि नोट बदलने का दूसरा सरल रास्ता खुला होगा। इस रास्ते के माध्यम से कालेधन के जमाखोर अपनी पहचान छिपा कर आराम से 2000 रुपये के नोट बदल सकेंगे।

कुल मिला कर कहा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा 2000 रुपये की नोट वापसी की यह प्रक्रिया काले धन से मुकाबला करने के बजाय उल्टे काले धन के जमाखोरों को परोक्ष रूप से सुरक्षित क्षेत्र ही प्रदान कर देगी। ऐसे भ्रष्ट कालेधन के जमाखोर बिना अपनी पहचान प्रकट किए अवैध आमदनी वाले 2000 रुपयों के नोटों को 500 रुपये के नोटों में बदल लेंगे। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा भारत सरकार को अपना रास्ता सुधारना चाहिए। पहला, उसे स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि 1 अक्टूबर, 2023 के बाद से 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर नहीं रह जाएंगे। दूसरा, 2000 रुपये के हर लेनदेन के लिए बैंक को संबंधित व्यक्ति की पहचान उजागर करने पर जोर देना चाहिए, फिर चाहे यह पैन के माध्यम से हो या आधार के माध्यम से। तीसरा, 2000 रुपये के नोट खाते में जमा करने के मामलों में बैंकों को कठोरता से केवाईसी मानकों का पालन करना चाहिए।

# मैला ढोना एक अभिशाप

> इस खतरे को समाप्त करने के लिए सरकार को रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करने चाहिए और मशीनीकृत सफाई तकनीकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।



**बिश्वजीत बनर्जी**
(लेखक, दि पायनियर लखनऊ के पॉलिटिकल एडिटर हैं)

मौत भेदभाव नहीं करती है, लेकिन व्यवस्था करती है, बहोरा रामनगर गांव में सामने आई एक भयानक घटना में अपने चचेरे भाई, नंद कुशवाहा और उनके बेटे नितेश को खोने वाली एक दुखी रिश्तेदार रुक्मणी देवी ने कहा। मैला ढोने की पुरातन और अमानवीय प्रथा के शिकार सभी लोगों ने चार लोगों की जान जाने का शोक मनाया है। रविवार की एक उदास सुबह, उस समय त्रासदी हुई जब ये बहादुर आत्माएं एक सेप्टिक टैंक में उतर गईं, इस बात से अनजान कि उनके सामने क्या घातक परिणाम होंगे। यह घटना उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई, एक ऐसा क्षेत्र जो मैला ढोने के लगातार खतरे से ग्रस्त है। इस अपमानजनक प्रथा को मिटाने के लिए कई वादों और विधायी उपायों के बावजूद, यह निर्दोष जीवन और परिवारों को तोड़ते हुए फलता-फूलता रहा है।

मैला ढोने की प्रथा, जिसमें सेप्टिक टैंक, नालियों और सूखे शौचालयों की मैन्युअल सफाई शामिल है, भारत में 1993 से मैनुअल मैला ढोने वालों के रोजगार और शुष्क शौचालयों के निर्माण (निषेध) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। हालांकि, कानून काफी हद तक अप्रभावी बना हुआ है, गरीबी, सामाजिक भेदभाव और वैकल्पिक आजीविका विकल्पों की कमी के कारण हजारों लोग अभी भी इस खतरनाक व्यवसाय में मजबूर हैं।

संयोग से, सरकार, जिसने हाथ से मैला ढोने पर रोक लगाने और इसमें शामिल लोगों के पुनर्वास के लिए कई उपाय पेश किए हैं, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ह्यात्रष्ट) द्वारा हाथ से मैला ढोने वालों की परिभाषा का विस्तार करने की सिफारिश के बावजूद, सेप्टिक सफाई को हाथ से मैला ढोने का काम नहीं मानती है। यह घटना मैला ढोने वालों के सामने आने वाली खतरनाक स्थितियों की याद दिलाती है। नंद ही हमारा एकमात्र कमाने वाला था, रुक्मणी देवी ने रोते हुए कहा, उनकी आवाज दुख से भारी थी। हमने नितेश के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद की थी, लेकिन अब वह भी चला गया है। किसी को हमारी जान की परवाह क्यों नहीं है?

कुशवाहा परिवार पर जो त्रासदी आई है, वह कोई अकेली घटना नहीं है। सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ने वाली संस्था, सफाई कर्मचारी आंदोलन की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में ही मैला ढोने से संबंधित 1,800 से अधिक मौतें हुई हैं। अगस्त 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में, 2017-2021 के बीच, भारत में सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई के कारण 330 लोगों की जान चली गई। सफाई कर्मचारी आंदोलन के एक पदाधिकारी दिनेश कनौजिया ने कहा, प्रत्येक मौत एक छोटे से जीवन का प्रतिनिधित्व करती है, सपने अधूरे रह जाते हैं, और परिवार तबाह हो जाते हैं।

हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार पर रोक और 2013 के पुनर्वास अधिनियम के बावजूद, जिसने हाथ से मैला ढोने वालों के रोजगार को गैरकानूनी घोषित कर दिया था और जिसका उद्देश्य पुनर्वास उपाय प्रदान करना था, कार्यान्वयन दयनीय रूप से अपर्याप्त रहा है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, अपर्याप्त प्रवर्तन और सामाजिक उदासीनता ने इस गंभीर अन्याय को कायम रखा है। हाथ से मैला ढोने के खतरे श्वासावरोध और डूबने के जोखिम से कहीं अधिक हैं। श्रमिकों को अक्सर जहरीली गैसों, रोग पैदा करने वाले रोगजनकों और गंदी स्थितियों के संपर्क में लाया जाता है जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। सामाजिक सुरक्षा जाल और पर्याप्त कल्याणकारी उपायों की अनुपस्थिति उनके आर्थिक संघर्षों को और गहरा कर देती है, जिससे उनके पास सीमित विकल्प रह जाते हैं।

एक दलित कार्यकर्ता, रघुवंशी ने कहा, भारत में मैला ढोने की प्रथा मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि यह व्यक्तियों को अमानवीय स्थितियों, स्वास्थ्य खतरों और सामाजिक बहिष्कार के अधीन करती है। बहोरा रामनगर गांव में हुई त्रासदी को बड़े पैमाने पर अधिकारियों और समाज के लिए एक वेक-अप कॉल के रूप में काम करना चाहिए। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने और इस क्रूर प्रथा को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। वस्तुतः यह समस्या समाज के लिए किसी अभिषाप से कम नहीं है। मौजूदा कानूनों के कार्यान्वयन को मजबूत करना, रोजगार के वैकल्पिक अवसर प्रदान करना, मशीनीकृत सफाई तकनीकों में निवेश करना और जन जागरूकता बढ़ाना मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सतत परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सरकारी निकायों, नागरिक समाज संगठनों और प्रभावित समुदायों के बीच सहयोग आवश्यक है। एक सामाजिक कार्यकर्ता स्मिता यादव ने घोषित किया, सेप्टिक टैंक की गहराई में और अधिक जान नहीं गंवानी चाहिए। यह समय इस शोषणकारी प्रथा की जंजीरों को तोड़ने और एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करने का है जहां गरिमा और समानता कायम रहे।

उसने कहा, चूंकि कुशवाहा परिवार और पूरा समुदाय नंद और नितेश के खोने का शोक मना रहा है, इसलिए उनकी मौत को नहीं भूलना चाहिए। उनकी त्रासदी से हाथ से मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने और एक ऐसे समाज का निर्माण करने के लिए एक सामूहिक संकल्प को प्रज्वलित करना चाहिए जहां हर जीवन का मूल्य और सम्मान हो। आइए हम न्याय की अपनी मांग और मानवीय पीड़ा के इस काले अध्याय से मुक्त भविष्य के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट हों।

# आप की बात

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार
या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## अंध मोदी-विरोध

**राहुल गांधी** कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उन्हें इसकी परवाह तो करनी ही चाहिए कि उनके कथन का क्या और कैसा असर होगा? वे बार-बार कहते हैं कि मुसलमान समेत अन्य अल्पसंख्यक डरे हुए हैं और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। यह उन देशी-विदेशी ताकतों के मन की मुराद पूरी करने वाला है जो दुष्प्रचार करने में लगे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक व खासतौर से मुसलमानों की मुसीबत बढ़ गई है। ऐसा दुष्प्रचार करने वालों में पाकिस्तान भी है। उनका सैन फ्रांसिस्को में दिया बयान प्रमाण है कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में काल्पनिक भय का भूत खड़ा कर उनके वोट हासिल करने की पुरानी नीति पर लौट आई है। राहुल के नए व्यापार- नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान, में सामान पुराना ही है। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में दिल्ली व कुछ अन्य शहरों में सिख नरसंहार तथा हाशिमपुरा, मलियाना, भागलपुर आदि में हुए मुस्लिम नरसंहार को कौन भूल सकता है? राहुल ने कहा कि आज मुसलमानों की वही स्थिति है जो एक समय दलितों की यूपी में होती थी। वे भूल गए कि उस समय केंद्र व यूपी दोनों में कांग्रेस का ही शासन था। इस अंध मोदी-विरोध का नतीजा क्या होगा?

– **परमवीर केसरी,** मेरठ

## न्यायिक सुधार

**यह** हमारे देश की विडंबना ही है कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश में 25 प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी के अच्छे जानकार नहीं है। इसके बावजूद हमारी सुप्रीम कोर्ट में सिर्फअंग्रेजी भाषा में ही सुनवाई होती है। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर अब वक्त आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट की भाषा हिंदी बनाई जाए। जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, आदि के लिए हिंदी की पुस्तक तैयार करके हिंदी में पढ़ाई करवाई जाती है वैसे ही कानून की पढ़ाई भी अभी हिंदी में करवाई जाए और निचली कोर्ट में भी वादियों की भाषा में ही बहस हो ताकि आम जनता उसे अच्छे तरह समझ सके। साथ ही कानून में मौजूद पुराने व अनुपयोगी प्रावधानों को हटा दिया जाना चाहिए। मामूली चूक के लिए सख्त सजाओं के प्रावधान खत्म किए जाने चाहिए क्योंकि इनकी वजह से रिश्वतखोरी बढ़ रही है। अच्छे वकीलों की फीस लगातार बढ़ती जा रही है, न्यायालय फीस बढ़ती जा रही है और फैसला आने का समय भी बढ़ता जा रहा है। इस कारण अब लोग अन्याय सहकर भी न्यायालय की चौखट पर जाने से घबराते हैं। संपूर्ण न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन की जरूरत है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## महिला उत्पीड़न

**सभी** समाजों में औरतों के साथए हर क्षेत्र में भेदभाव हो रहा है फिर वो चाहे घर हो, कार्यस्थल हो, सड़क हो या खेल का मैदान। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबाल में भी महिला खिलाड़ियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पहले से ही उन्हें खेल का मेहनताना पुरुषों की तुलना में आधे से भी कम दिया जाता है। अगस्त महीने में ग्रीष्मकालीन महिला फुटबॉल विश्वकप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड में संयुक्त रूप से हो रहा है। लेकिन इस खेल को टेलीकास्ट करने वाली यूरोप की कई कंपनियां उतना पैसा देने को राजी नहीं हो रहीं हैं जितना कि पुरुष चैंपियनशिप के दौरान दिया जाता है। इसलिए फीफा ने भी ठान लिया है कि इस बार इन खेलों का प्रसारण अधिकार वो किसी को नहीं देगा। शायद यूरोप के दर्शक इस साल इन खेलों का आनंद अपने टेलीवीजनों से नहीं ले सकेंगे। फीफा ने आरोप लगाया है कि प्रसारण कंपनियां 10 से सौ फीसदी कम फीस देने पर अड़ी हुई हैं जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। महिलाओं को अपने अधिकार के लिए फीफा के साथ हो जाना चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एकीकरण एवं सतत विकास विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

शैक्षणिक एकीकरण एवं सतत विकास (अकैडमी इंटीग्रेशन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आई सी एफए आई विश्वविद्यालय में आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात राजगीत से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर कर्नल उमेश कुमार मिश्रा रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पी. के. बाजपेई प्रोफेसर एवं डीन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर रहे, द आई सी एफ ए आई विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे एवं कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय, अधिष्ठाता डॉ. के किशोर कुमार एवं संयोजक डॉ. प्रतीक जगताप थे । इस अवसर पर सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा (सोविनियर) स्मारिका का विमोचन किया गया। कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन का शुभारंभ गीता के श्लोक से किया। उनका यह मानना है कि अंतःविषय संबंध और सतत् विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। वह आज के समय की आवश्यकता है और उन्होंने सभी लोगों को सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की । इस अवसर पर बिट्स पिलानी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एल. के माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैज्ञानिकता किसी एक विषय से जुड़ी ना होकर विविध विषयों के साथ जुड़ गई है। कोविड-19 पर आपने चर्चा करते हुए बताया कि उस दौर में एक आम से आम व्यक्ति ने इस विषय को जिया, इसका भरपूर प्रयोग किया है । हर क्षेत्र जिसने जिसने हमें इस विकास से जोड़ दिया, उसे सतत विकास हम कह सकते हैं। नई शिक्षा नीति के संदर्भ में आपने अपनी बात रखते हुए कहा कि सतत विकास हमें पर्यावरण से भी जोड़ता है।





विशिष्ट अतिथि के रूप में हमारे समक्ष डॉ. पी. के बाजपेई गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं डीन जिन्होंने अपने उद्बोधन में शैक्षणिक एकाग्रता सुधार कार्यक्रम को विषय से जोड़ते हुए एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नैसर्गिक नवीनीकरण और उसे सतत विकास के बाजार में रखने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि सतत विकास के अंतर्गत केवल पर्यावरण नहीं आता बल्कि मनुष्य के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास भी सम्मिलित होता है। समग्र विकास का अर्थ उन्होंने समझाते हुए कहा कि जो तकनीक में दक्ष है अथवा नैनो टेक्नोलॉजी एवं अन्य तकनीकों से लेकर छोटी-छोटी तकनीक को जानने वाला विकास की श्रेणी में नहीं आता जिस व्यक्ति में अनुशासन है और जो 'सर्वे भवंतु सुखिनः' और वसुधैव कुटुम्बकम' युक्ति को आत्मसात करता है वह सचमुच में सतत विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय दिवस में लगभग विभिन्न विषयों के लगभग 200 शोध सार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ निजी विश्व विद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. कर्नल उमेश कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा आज ज्ञान बहुविषयक है, समय बदला परिस्थितियां बदली और ज्ञान को और आधुनिकता की परिपाटी में यह ज्ञान हमें कैसे प्राप्त हो रहा है, कहां से प्राप्त हो रहा है, यह महत्वपूर्ण है । द्वितीय दिवस डॉ. एन.के. नागवानी ने एसोसिएट डीन एन आई टी रायपुर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एप्लीकेशंस को समझाते हुए पीपीटी के माध्यम से बताया एक सामान्य अवधारणा रही है कि कंप्यूटर के आने से सभी तरह के कार्य कम हो जाएंगे लेकिन यह युक्ति गलत साबित हुई वरन कंप्यूटर के आने के बाद से काम की अधिकता बढ़ गई उसका कारण कस्टमर्स का बढ़ना, ऑटोमेशन का बढ़ना है। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ के. निजाम ने सतत विकास के मूल्यों की अवधारणा और उनके क्रियान्वयन को फलीभूत होने के लिए सभी की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

समापन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पुलिस महा निरीक्षक आरिफ शेख उन्होंने वक्तव्य देते हुए कहा कि आज हम जिस जिस दिशा में कदम रख रहे हैं।

# नई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले की नई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक बेमेतरा का पदभार गुरूवार 01 जून 2023 को ग्रहण करने जिला पुलिस कार्यालय पहुंची, जहां उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया, तत्पश्चात् उन्होंने जिले का पदभार ग्रहण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा नवागंतुक पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता को जिले के हालातों एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक जानकारी देकर जिले का चार्ज सौंपा। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ने जिला पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं का जायजा लिया। आईपीएस भावना गुप्ता 2014 बैच की भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे जिला-सूरजपुर एवं अंबिकापुर (सरगुजा) में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रही हैं। जिले का कार्यभार संभालने के बाद नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी को बेहतर पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण पर जोर देने कहा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) राजेश कुमार झा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल, उप पुलिस अधीक्षक कमलनारायण शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक महिला विरूद्ध अपराध कौशल्या साहू एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षकबृज किशोर यादव सहित समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



# गोधन न्याय योजना बना गणेश राम का आर्थिक समृद्धि का आधार

## 30 हजार किलो गोबर बेचकर 60 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त की

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राज्य शासन द्वारा शुरू की गई गोधन न्याय योजना डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम जमरूवा (साल्हे) के पशुपालक कृषक गणेश राम के लिए वरदान साबित होकर उनके लिए आर्थिक समृद्धि का आधार बन गया है। इस योजना के शुरू होने के पूर्व अपने परिवारिक आवश्यकताओं के लिए आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे गणेश राम ने अब तक 02 रुपये किलो में 30 हजार किलो गोबर बेचकर 60 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त की है।

इस योजना के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए गणेश राम ने बताया कि मैं एक बहुत ही साधारण कृषक हूं। जो कि अपने थोड़ी बहुत पैतृक जमीन में खेती-किसानी के साथ-साथ मेहनत मजदूरी और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता हूं। उन्होंने बताया कि उनके पास 08 देशी गाय भी है। जिसका मैं दूध निकालकर बेचने का भी कार्य करता हूं। किंतु इससे उसे कुछ खास आमदनी नहीं हो पाती थी। राज्य सरकार के द्वारा गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के बाद मैं और मेरा परिवार तत्काल बाद गोबर इकठ्ठा कर गोठान में उसे बेचना प्रारंभ किया।

बहुत कम ही समय में मैंने 30 हजार किलो गोबर की बिक्री कर 60 हजार रुपये की शुद्ध आर्थिक लाभ प्राप्त की है।

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर बिक्री की राशि समय पर मिलने से वर्तमान में उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो चुकी है। उन्होंने बताया कि गोबर बिक्री से मिलने वाली राशि का मैं अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य घरेलु चीजों के लिए कर रहा हूं। जिसके फलस्वरूप मैं और मेरा परिवार सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसके अलावा मैंने गोबर खरीदी की राशि से उन्नत नस्ल की दो गायें और खरीदी है। जिसके दूध की बिक्री से मैं अतिरिक्त लाभ भी प्राप्त कर रहा हूं इस कारण मेरी आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है। किसान गणेश राम ने राज्य के किसानों एवं पशुपालकों के सम्मान हेतु गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद देते हुए इस योजना की भूरी-भूरी सराहना की है।

# समाज के मुख्य धारा से भटके नाबालिग को जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने रेस्क्यू कर भेजा बाल गृह

## कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशन मे जिला स्तरीय टीम ने दो नाबालिग को रेस्क्यू कर बाल गृह में दिया संरक्षण

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले में बच्चों में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति एवं सड़क जैसी परिस्थिति में रहने वाले चिन्हांकित बच्चों के रेस्क्यू एवं उचित संरक्षण के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स गठित किया गया है। टॉस्क फोर्स में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर, श्रम निरीक्षक सी आर नंदा, औषधि निरीक्षक जितेन्द्र पाटीदार, सहायक राजस्व निरीक्षक मनीष सिंह ठाकुर, निवेदिता मिश्रा, अजित कुमार तिर्की, समाज शिक्षा संगठक बाल कल्याण, पुलिस अधिकारी विशेष किशोर पुलिस इकाई संजय जायसवाल, एस एल पेन्द्रा, एस के भास्कर जीपी बैनर्जी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई चाईल्ड लाईन के अधिकारी कार्मचारी शामिल है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने कार्ययोजना अनुसार अभियान चलाते हुए कवर्धा शहर के अंबेडकर चौक, बस स्टैड, चौपाटी, पंचर दुकान, मेडिकल स्टोर्स, कबाड़ दुकानों विभिन्न चिन्हांकित स्थानों में कार्यवाही करते हुए दो नबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के माध्यम से बाल गृह भेजा गया। कार्यवाही के दौरान टॉस्क फोर्स में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सी आर नंदा श्रम निरीक्षक, मोदिता गुप्ता सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, अंजना तिवारी, इरशाद बेगम सहित पुलिस विभाग एवं समाज सेवी संस्था के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के बच्चों के लिये नशा मुक्त एवं बाल शुलभ सुराक्षित वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम, शिविर, कार्यशाला प्रशिक्षण आदि आयोजन कर लोगों को बाल अधिकार संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही समाज के मुख्यधारा से भटके देखभाल एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों के संरक्षण एवं पुर्नवास के लिये निरंतर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कुल 130 देखभाल एवं संरक्षण की जरूरतमंद बच्चों को शासकीय बाल गृह में संरक्षण देकर पुर्नवार्शित किया गया है।



# देश के महिला पहलवानों के सम्मान में सड़क पर उतरे युवा कांग्रेस, बृजभूषण सिंह की अर्थी निकाल गंदे नाले में बहाया

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

दिल्ली में महिला पहलवानों के साथ केंद्र सरकार के द्वारा किए जा रहे रवैय्ये के खिलाफबालोद के युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अब खुलकर सामने आए। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के पुतले का शव यात्रा निकाल नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर के सामने गंदे नाले पहुचे। जहां पुतलेनुमा शव को गंदे नाले में बहा दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इनका माने तो देश की महिला पहलवानों के साथ जो अन्याय हो रहा हैं। वह उचित नहीं हैं। देश के लिए मेडल लेन वाले बेटियों का अपमान है।



युथ कांग्रेसियों में दिखा जमकर आक्रोश

विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू ने बताया कि देश की महिला पहलवान अपने साथ हुए अन्याय के विरुद्ध दिल्ली की सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रही है और आरोपी कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। तो वही देश के बेटियों के समर्थन में हम युवा कांग्रेस ने बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह की अर्थी निकालकर बालोद शहर में भ्रमण करवाया और गंदे नाले में अर्थी को बहा दिया। आपको बता दे कि ऐसा पहली बार किसी नेता को लेकर आक्रोश देखा गया, जब उसकी अर्थी निकालकर गंदे नाले में बहा दी गई हो। इस दौरान यूथ कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी भी की। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, साजन पटेल, दीपक पाल, मोहनिश पारकर वैभव शर्मा, दिनेश्वर साहू, देवेंद्र साहू, शेख गुलाम, फैज अली, फ़रहान खान, शहनवाज खान, गजेंद्र ढीमर, शावेश खान, कृष्णा साहू, प्रमोद, अरशद अली, सन्नी नेताम, निशार अली, गब्बर सोनी,अरमान अहमद, अरविंद साहू एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

# सड़क हादसे में मृत छात्रा रंजना के अंतिम संस्कार में शामिल हुए संसदीय सचिव, परिवार को बंधाया ढांढस, श्रद्धाजंलि अर्पित कर परिजनों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

गुंडरदेही-धमतरी मुख्यमार्ग पर सड़क हादसे में मृत बीएससी की छात्रा रंजना गायकवाड़ के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं कार्यक्रम के लिए अपने ओर से आर्थिक सहयोग की और प्रशासन से भी तत्काल 25 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग दिलाई। जल्द ही मुख्यमंत्री स्वेक्षा अनुदान निधि से चार लाख रुपए दिलाने का भरोसा दिलाया। बता दें बोरगहन (फुंडा) की रहने वाली छात्रा रंजना अपनी बहन के साथ फार्म भरकर लौट रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन की ठोकर से छात्रा की मौत हो गई। इस घटना पर संसदीय सचिव ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए वाहन चालक के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही करने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया। वहीं अधिकारियों से कहा कि नियमित सभी थाना क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले बड़े वाहनों की जांच की जाए। बिना बीमा, बिना फिटनेस और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। साथ में सलीम खान, संतराम चंद्राकर, बलदेव साहू, कन्हैया मधुकर शामिल हुए।

# निषाद समाज का वार्षिक महासभा संपन्न

**कुम्हारी।** भिलाई चरोदा परिक्षेत्र का वार्षिक महासभा का आयोजन निषाद समाज द्वारा निषाद भवन चरोदा में आयोजित किया गया था, जिसमे निषाद समाज के पदाधिकारियों द्वारा निषाद समाज के आराध्य देव श्रीराम भक्त गुहा व प्रभु श्रीराम के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समाज के वार्षिक आय व्यय पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में महिला प्रकोष्ठ का चुनाव भी हुआ जिसमे रत्ना निषाद अध्यक्षा चुनी गई। शिव निषाद को सर्वसहमति से चरोदा बस्ती का अध्यक्ष बनाया गया। इस सामाजिक कार्यक्रम में निषाद समाज भिलाई चरोदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष अशोक निषाद व पदाधिकारी बहादुर निषाद, टेक सिंह पारकर, गणेश निषाद, श्यामलाल निषाद, सालिक राम निषाद, जन्ननाथा निषाद, लिकेश, जितेंद्र, टिकेश्वर, आठों पाली के पांच गहिया निषाद समाज के महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ सहित समाज के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने वन मंत्री अकबर का पुतला फूंका



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे कबीरधाम द्वारा सिग्नल चौक कवर्धा में वनविभाग के मंत्री अकबर भाई का पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम न्यायिक जांच ,डी एफ ओ की बर्खास्तगी और दोषियों पर उच्चतम कार्यवाही के लिए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं के साथ छल हो रहा है ,युवाओं को ठगा जा रहा है। कभी पीएससी में धांधली कभी व्यापम में धांधली अब हमारे जिला कबीरधाम में वन विभाग द्वारा आयोजित वनरक्षक भर्ती में नेता और अधिकारियों की मिलीभगत से धांधली हो रहा है। नैतिकता के आधार पर वन मंत्री अकबर भाई को इस्तीफा दे देना चाहिए। अजित जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि 29 मई 2023 को फिजीकल टेस्ट के नतीजे आए है जिसमे दो अभ्यर्थियों द्वारा 200 मीटर क्रमशः14.7 सेकंड, और 19.6 सेकंड में पूरी की है, जो कि विश्व रिकार्ड टूटने जैसा है क्योंकि अब तक 19.19 सेकंड में 200 मीटर रेस पूरा करने का विश्व रिकार्ड जमेका के धावक उसैन बोल्ट के नाम है। इससे साफसाबित हो रहा है कि युवाओं के साथ नाइंसाफी किया जा है जिसे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे बर्दास्त नही करेगी। यदि कार्यवाही नही हुई तो आने वाले दिनों में वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण एवं अपराध नियंत्रण में महिला कमाण्डों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं अपराध नियंत्रण के कार्य में महिला कमाण्डों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कलेक्टर ने कहा कि महिला कमाण्डों के रूप में 60 साल की महिला सदस्यों का जुड़ना हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कलेक्टर शर्मा जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित महिला कमाण्डों प्रोत्साहन कार्यशाला में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे। इस कार्य शाला में महिला कमाण्डों के संरक्षण पद्मश्री शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्वत एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला कमाण्डों उपस्थित थी। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि हमारे महिला कमाण्डों का जुनून एवं जज्बा वास्तव में काबिले-तारीफ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का इस मुहिम सें जुड़ना एवं उसे आगे बढ़ाना अपने आप में अभूतपूर्व है और पद्मश्री शमशाद बेगम ने इस पुनीत कार्य को पिछले 17 सालों में न केवल सजाया एवं संवारा बल्कि और आगे भी बढ़ाया है। वर्तमान में इस मुहिम में 12 हजार महिलाएं जुड़ी हुई है। शर्मा ने महिला कमाण्डों से महिला उत्थान एवं मातृ-शिशु सुपोषण कार्य में भी सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर शर्मा ने महिला कमाण्डों को प्रोत्साहन स्वरूप टॉर्च, व्हीसील, एवं लाठी भेंट कर उनके रचनात्मक एवं बेहतरीन कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दी। इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम ने बताया कि वर्तमान में बालोद जिले के 500 ग्रामों में 12500 महिला कमांडो कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे महिला कमाण्डों प्रतिदिन रात्रि कालीन गश्त करने तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने और अच्छे कार्य को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए पात्र व्यक्ति को उसका लाभ दिलाने का भी कार्य कर रहीं है।

# अमृत महोत्सव में बच्चियों के साथ अमानवीय व्यवहार : महेंद्रविरदी



**थानखमरिया।** बरसों से देश की हर स्त्री का मन पीड़ा और भय के एक अनचाहे मेल को जी रहा है। कानून, समाज और घर- परिवार, सब बेबस नजर आते हैं। ना बदलाव की कोई उम्मीद, न त्वरित करवाई का सिस्टम न हीं दोषियों को सजा देने। दिल्ली के जंतर मंतर में महिला पहलवानों को घसीटा जा रहा है बच्चियो के साथ अमानवीय व्यवहार बहुत ही दुखदाई है जिस धरती पर मानवता का संदेश दिया गया हो वहां बेटियों की इस तरह दुर्दशा दुःख देती है। यह धरती अल्ताफहुसैन हाली की धरती है।हाली ने कहा था माऔ, बहनों,बेटियों, दुनिया की जन्नत तुमसे है, ये उदगार है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जो 22 जनवरी 2015 को हरियाणा की पानीपत से' बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ,अभियान की शुरुआत पर व्यक्त कर रहे थे। बेटियों के खिलाफअपराध करने वाले को बीजेपी सरकार खुली छूट दे रखी है बेटियों की सुरक्षा और हित की परवाह नहीं जब वह आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जा रही है और बेटियों की आंखों में आंसू है। एक जापानी महिला ने स्वामी विवेकानंद से पूछा था जिस देश का दर्शन इतना ऊंचा है वहा के लोग पराधीन क्यों है?क्या हम इसी विचारधारा की ओर बढ़ रहे हैं,अतीत के विचारधारा को दिखे तो अतीत चेहरा बदलकर वर्तमान में शामिल हो गया है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य महेंद्र वीरदी ने कहीं।

## छोटे-छोटे कार्य के लिए राजधानी का चक्कर लगाना पड़ता है फिर भी काम नही हो रहा है : सुनील केशरवानी

# कवर्धा विधानसभा के बैजलपुर में लगा जोगी सदस्यता कैम्प

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जोगी कांग्रेस द्वारा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर जोगी मितान बनाया जा रहा है। बैजलपुर बाजार में सैकड़ो लोगो ने 9990649064 में फोन लगाकर तथा 222.द्भद्दठ्ठह्लड्ड-ष्ठद्दह्लद्दह्वद्य.द्वठ्ठ में फार्म भरकर जोगी कांग्रेस का सदस्य बने ।जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि बैजलपुर क्षेत्रवासीयो में बड़ा उत्साह है जिस कारण पार्टी का सदस्य बन रहे है। जिस आशा से पिछले विधानसभा में कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी अकबर भाई को क्षेत्रवासियों ने वोट दिए थे वो उनकी पूरी आशाओं को तोड़ चुके है। छोटे छोटे कार्य के लिए रायपुर जाना पड़ता है उसके बावजूद कार्य नही हो पा रहा है ,लोगो में आक्रोश है यह आक्रोश 2023 के चुनाव में जरूर दिखेगा ।जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि गांव गांव जाए और 15 वर्ष बीजेपी के और ये 5 वर्ष कांग्रेस के लूट को बताए इन दोनों पार्टियों ने छत्तीसगढ़ को छला है । जिला में जिस तरह जोगी कांग्रेस की सक्रियता है हर मुद्दे को लेकर सबसे आगे आकर लड़ाई लड़ती है जिसे जिला की जनता देख रही है , निश्चित ही जिला के दोनों विधानसभा में परिवर्तन होगा और नए विचारधारा ,छत्तीसगढ़ प्रथम विचारधारा की जीत होगी ।कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अजित जोगी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नारायण साहू ने किया ।इस दरमियान जोगी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल ,दलीचंद ओगरे , मोती टेकाम , जेडी मानिकपुरी,शिव चन्द्रवंशी ,धर्मेश कश्यप ,रामलाल सहित जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।



# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर समर्थन संस्था के तत्वाधान में एल आई सी एच एफएल हृदय परियोजना अंतर्गत दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र ग्राम पंचायत परसाही में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । समर्थन संस्था द्वारा जानकारी देते हुए गाँव में माहवारी स्वच्छता पर जागरूक के लिए ''खुल कर बोलो चप्पी तोड़ो'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ किशोरी बालिकाओं, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकताओं द्वारा रैली निकालकर, स्लोगन व नारे के माध्यम से किया गया। साथ ही किशोरी बालिकाओं द्वारा ग्राम स्तर पर माहवारी स्वच्छता हेतु जागरूकता लाने हेतु सार्वजनिक स्थानों की दीवारों पर माहवारी स्वच्छता सम्बन्धित नारा लेखन का कार्य किया गया। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं द्वारा माहवारी स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर किशोरी बालिकाओं का चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से माहवारी चक्र के होने के कारणो को बता कर, माहवारी के समय ध्यान रखने योग्य आवश्यक जानकारी दी गई। व पैड निपटान के उचित तरीकों के बारे में बताया गया। गढ्ढे खोद कर जमीन में दबा देना चाहिए ताकि वह सही तरिके से प्रगलन हो जाए और वातावरण स्वच्छ बना रहे। संस्था कार्यकर्ता वर्षा यादव द्वारा बताया गया कि माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं व परेशानियों को अपने घर में माताओं, बड़ी बहनों, स्कूल में अपनी महिला शिक्षिकाओं को, गाँव में मितानिन दीदी से साझा करें। माहवारी के दौरान स्वच्छ पैड का ही प्रयोग करें व पैड को सही ढंग से निपटान करें। कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पंच नवीन टण्डन द्वारा समुदाय को यह जानकारी दी गई कि माहवारी ईश्वर की देन है, हमें मनुष्य समाज में इसे एक बुराई और कलंक के रूप में नही देखना चाहिए बल्कि यह एक वरदान व हम सब के इस जीवन को प्राप्त करने का प्रथम कारण बताया उन्होंने बताया सभी स्त्री जाति का सम्मान करना चाहिए और पुरूषों को माहवारी विषय पर शिक्षा की जरूरत हैं ताकि वे इसे लज्जा की दृष्टि से न देखें बल्कि महिलाओं की सहायता करें। महिलाओं को पैड प्रशिक्षण दिया गया। ताकि वे स्वयं से कपड़े का बनाया हुआ पैड इस्तेमाल कर स्वच्छता से पैड का निपटान करें।



# छत्तीसगढ़ की पहचान बहुत पुरानी है हमारी सभ्यता बहुत पुरानी है : भूपेश

## छत्तीसगढ़ की पहचान मानचित्र में लाने की हम कोशिश कर रहे हैं

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के शुभारंभ के बाद पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राचीन नगरीय रायगढ़ जिला में तीन दिवसीय रामायण महोत्सव होना हम सभी के लिये गौरवशाली क्षण है और विधिवत इसका शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ है। तीन दिन पूरा जिला राममय रहेगा। सारे चैनल और यूट्यूब में यह कार्यम लाईव दिखाया जा रहा है। यह एक अच्छी पहल है, सभी का सहयोग, जिला प्रशासन, संस्कृति विभाग का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जो पहचान है वो सिर्फ नक्सलियों की वजह से पहचान नही या फिर खदानों की वजह से पहचान नही बनी है, बल्कि हमारी जो पहचान है बहुत ही प्राचीन है। हमारी सभ्यता बहुत प्राचीन है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने 15 साल राज किया। लेकिन कभी उन्होंने राम गमन पर्यटन परिपथ का निर्माण किये क्या, हमने तो शिवरीनारायण, राजीम में इसका बढिया आयोजन किया और लगातार कोरिया जिले से शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ की हमारी जो पहचान है उसे दुनिया के मानचित्र में लाने की हम कोशिश कर रहे हैं। हमारी संस्कृति बहुत उच्च है, हमारी परंपरा बहुत उच्च है। हमारे इतिहास बहुत प्राचीन है, हमे उसे लेकर आगे बढ़ना चाहिए जबकि भाजपा को तो सिर्फ सत्ता हासिल करना है। भाजपा के द्वारा राम के नाम पर सिर्फ वोट मांगने का काम किया गया, गाय के नाम पर वोट मांगने का काम किया गया। कभी भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम नही किया गया।केन्द्रीय मंत्रियों को छत्तीसगढ़ में बुलाये जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच साल तक इन्होंने तो किया है अब चुनाव का समय आ रहा है तो वे आ रहे हैं और आने के बाद तरह-तरह की बात करेंगे। संकट के समय कोई खड़ा नही हुआ। केरला स्टोरी को लेकर भाजपाईयो के द्वारा मुद्दा बनाने की बात पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने हंसते हुए जवाब दिया कि वो कर्नाटक चुनाव निपट गया, अब कोई नई स्टोरी आयेगी। भाजपा सरकार मुद्दो लेकर नही चल रही जबकि कांग्रेस मुद्दो को लेकर काम रही पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने कभी न तो किसान के लिये काम किया और न गरीब के लिये, न आदिवासियों के लिये न युवाओं के लिये, उन्होंने किया तो सिर्फ लड़ाने का काम किया है। भाजपा सिर्फ लड़ाने का काम करती है। भाजपा समाज को धर्म को लड़ा रही है, जिसके कारण देश जलने लगा है। भाजपा के गोठान चलबो अउ खोलबो पोल के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने एक बार फिर हंसते हुए जवाब दिया कि जब चुनाव नजदीक आ रहा है तो वे वहां वोट खोजने ज रहे हैं। गउ माता की सेवा करने नही गए हैं, गउ माता की सेवा तो हम कर रहे हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय रामायण मंडली कम्बोडिया की 12 सदस्यीय टीम की संगीतमय प्रस्तुति



रायगढ़ के रामलीला मैदान में तीन दिनों तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर यहां से करीब 4500 कि.मी.दूर 12 सदस्यीय कम्बोडिया की अंतर्राष्ट्रीय रामायण टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अपने आकर्षक वेशभूषा के साथ 25 मिनट की प्रस्तुति में दर्शकों का दिल जीत लिया। मौका था अहिरावण हनुमान प्रसंग का। कम्बोडिया रामायण टीम द्वारा अहिरावण प्रसंग की संगीतमय प्रस्तुति की गयी। इस प्रसंग में रावण के भाई अहिरावण श्री राम को मूर्छित कर पाताल लोक ले जाए जाते हैं। हनुमान राम को सकुशल लाने के लिए पाताल लोक जाते हैं जहां हनुमान का सामना उनके पुत्र मकरध्वज से होता है। युद्ध में दोनों की लड़ाई होती लेकिन इसमें किसी की जीत या हार नही होती। अंत में हनुमान, श्रीराम को वापस लाते हैं। इस प्रसंग को बड़े ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुति दी गई।

# विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर ने विधानसभा अध्यक्ष महंत से की पंचायतों को निर्माण कार्य देने की मांग

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ चरणदास महंत के प्रयासों से आने वाले दिनों में शक्ति विधानसभा क्षेत्र सहित शक्ति विकासखंड में ग्रामीण इलाकों में करोड़ों रुपए के नए स्कूल भवनों का निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष का निर्माण आवश्यकता अनुसार होना है, तथा उपरोक्त निर्माण कार्य को शासन द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी विभाग आरईएस को एजेंसी बनाकर दिया जाना प्रस्तावित है, तथा इस बात को लेकर जनपद पंचायत शक्ति के विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित राठौर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत को पत्र लिखकर एवं स्वयं उनसे मुलाकात कर मांग की है कि उपरोक्त समस्त निर्माण कार्यों को ग्राम पंचायतों को सीधा दिया जाए जिससे कार्यों की गुणवत्ता भी बनी रहे एवं ग्राम पंचायतें भी निर्माण कार्य होने से सुदृढ़ होंगी एवं कार्य भी समय सीमा में पूर्ण होंगे ,वही विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर का कहना है कि महंत जी ने शक्ति क्षेत्र में प्रत्येक ग्रामीण इलाकों में आवश्यकता अनुरूप स्कूल भवन तथा अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की पहल की थी, तथा ये सभी निर्माण कार्य होने से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा वही विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर का कहना है कि पूर्व में भी विधानसभा अध्यक्ष महंत के प्रयासों से स्वीकृत कार्यों को ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्माण एजेंसी बनाकर दिया गया था,जिससे समय पर कार्य भी पूरा नहीं हो पाता तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी कहीं न कहीं प्रभावित होती है, एवं आने वाले दिनों में प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी सयि हो गए हैं, तथा उन्होंने भी शीघ्र ही एक बैठक आयोजित कर उपरोक्त समस्त कार्यों को संबंधित पंचायतों को सीधे देने की बात कही है,उल्लेखित हो की शक्ति विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में विकास के ढेरों कार्य चल रहे हैं, गांव- गांव में जहां सामाजिक भवन, पंचायत भवन, सीसी रोड इत्यादि का निर्माण हो रहा है, तो वहीं आगामी दिनों में भी नए निर्माण कार्यों को फटाफट स्वीकृति मिलने लगी है, तथा स्थानीय विधायक डॉ चरणदास महंत पूरी सयिता के साथ अपने एक विधायक के रुप में जिम्मेदारियों का सजगता से निर्वहन कर रहे हैं, तथा वे एक लोकप्रिय विधायक के रुप में पूरे प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

**सक्ती।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में संपन्न कराया जाना है। आयोग के निदेर्शानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों में राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट ( बीएलए ) नियुक्त किया जाना है। इसके संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 2 जून को 12 बजे सभी राजनैतिक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बम्हनीडीह में शासन के निदेर्शानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 1 मई को विद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित थे। पर्यावरण की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई इस कार्यम में प्राचार्य महोदय ने अपनी उद्बोधन में कहा कि आज ऐसी विडंबना आ गई है कि हमें पर्यावरण दिवस मनाना पड़ रहा है। पहले सभी तरफ हरियाली थी जिसके कारण तापमान कम रहता था। पर औद्योगिकीकरण एवम पर्यावरण दोहन के कारणआज तापमान बढ़ रहा है। खाद्य पदार्थों का अपव्यय, ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, प्रदूषण, औद्योगिकीकरण जैसी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों को नियंत्रित करना बहुत जरूरी है। मोनल मैम ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया पर्यावरण दिवस हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन हम पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर जानकारी अर्जित करते हैं एवं हमारे बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रतिज्ञा लेते हैं। हमें जीवन भर हमारे पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिए।

# कलेक्टर ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, एनजीओ और सभी नागरिकों से स्ट्रीट सिचुएशन वाले बच्चों की हरसभंव मदद करने की अपील

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और सभी नागरिकों से स्ट्रीट सिचुएशन वाले बच्चों की मदद के लिए हरसभंव प्रयास करने की अपील की है। उन्होंने ऐसे स्ट्रीट सिचुएशन वाले ऐसे बच्चों के संज्ञान में आने पर तत्काल निःशुल्क नंबर 1098 और जिला बाल संरक्षण इकाई के संपर्क नंबर 8963997174, 9301359339 पर सूचित करने का आग्रह किया है।


कलेक्टर ने कहा है कि स्ट्रीट सिचुएशन वाले बेसहारा बच्चों की स्थिति गंभीर चिंता का विषय है। ये बच्चें अपनी उत्तरजीविता भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय, एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के संघर्षो एवं चुनौतियों का सामना करते है। यह उन बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लघंन है। इन बच्चों को आर्थिक लैंगिक एवं अन्य प्रकार के शोषण, बंधक होने मानव तस्करी, दुर्घटनाओं के शिकार होने का गंभीर खतरा भी बना रहता है। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट सिचुएशन वाले बच्चों की पहचान कर उन्हे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संरक्षण प्रदान करते हुए शिक्षा एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है। स्ट्रीट सिचुएशन की श्रेणी अंतर्गत ऐसे बच्चे आते हैं जो बच्चे बिना सहारे के सड़कों पर अकेले रहते हैं, ऐसे बच्चें जो दिन में सड़को पर रहते है और रात में निकट की झुग्गी, झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते हैं तथा अपने परिवार के साथ सड़कों पर रहने वाले बच्चे इस श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।

### नवगठित सक्ती जिले के 3295 हितग्राहियों के खाते में द्वितीय किस्त की 82 लाख रुपए से अधिक की राशि हुई अंतरित

**सकती।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपने निवास कार्यालय रायपुर से 31 मई को वर्चुअल कार्यम के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 1 लाख 5 हजार 395 हितग्राहियों के खाते में दूसरी किस्त 32 करोड़ 35 लाख 25 हजार रूपए की राशि का अंतरण किया गया। इसी म में नवगठित सक्ती जिले के तीन हजार दो सौ पंचानबे हितग्राहियों के खाते में दूसरी किस्त की 82 लाख 37 हजार पांच सौ रुपए की राशि अंतरित हुई। मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर के कार्यम में उपस्थित युवाओं के साथ ही विभिन्न जिलों के लाभार्थी युवक-युवतियों से चर्चा कर उनकी प्रतिया ली। उन्होने लाभार्थियों के नाम, पता, योग्यता, पारिवारिक स्थिति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उनके भविष्य की योजना आदि के बारे में जानकारी ली और उन्हे बधाई दी।

# गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य को लेकर कलेक्टर नूपुर की कड़ी फटकार

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले की कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने नवीन जिला सक्ती में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न निर्माण कार्य के एजेंसी सीजीएमएससी के अधिकारियों और प्रगतिरत कार्यों में कार्य कर रहे ठेकेदारों के कार्यों की समीक्षा की,उल्लेखनीय है कि नवीन जिला सक्ती में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। नवीन जिले में हमर लैब, नया एमआरसी, बीपीएचयू तथा 10 बेड, 20बेड और 6 बेड वार्ड के स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी कलेक्टर द्वारा सतत समीक्षा की जा रही हैं। इसी तारतम्य में निर्माण एजेंसी और कार्यरत ठेकेदारों के कार्यों की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई,सीजीएमएससी द्वारा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में रिनोवेशन के लिए वर्ष 2022 में 3.5 लाख का कायार्देश समंधित ठेकेदार को किया गया था, जिसके उपरांत ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य में अधूरा और गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। साथ ही ठेकेदार द्वारा 6 बेड वार्ड चिसदा, करही , छपोरा, मोंहन्दी कला, 20 बेड वार्ड मालखरौदा में निर्माणकार्य किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर ने ठेकेदारो द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु सीजीएमएससी के ईई को निर्देशित किए है। बैठक में सीजीएमएससी के अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज सिंह राठौर, डीपीएम अर्चना तिवारी, समस्त बीएमओ आदि उपस्थित थे।

# भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य बने डॉ. चरणदास महंत

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे भारत देश में 700 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क वाली इंडियन रेडॉस सोसाइटी जो कि एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है एवं आपदाओं के समय यह संगठन लोगों को राहत प्रदान करता है, तो वहीं कमजोर लोगों एवं समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल को भी प्रोत्साहित करता है,भारतीय रेडॉस सोसायटी मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, एकता एवं सर्वभौमिकता के साथ सिद्धांतों पर चलते हुए आज सेवा की मिसाल बन गई है,इसी भारतीय रेडॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने 31 मई को इसकी सदस्यता ग्रहण की, तथा भारतीय रेडॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के महामहिम राष्ट्रपति एवं केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री होते हैं, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत द्वारा 31 मई बुधवार को अपने जांजगीर-चांपा प्रवास के दौरान विश्व की मानवीय संवेदनाओं के प्रति समर्पित संस्थान इंडियन रेडास सोसायटी जांजगीर-चांपा के अंतर्गत आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर पर उन्होंने जिला रेडॉस जांजगीर-चांपा की सदस्यता बुक पर स्वयं अपने हाथों से सदस्यता से फार्म भरकर आजीवन सदस्यता ग्रहण करते हुए इस महाभियान में अधिक से अधिक आमजनों को भाग लेने प्रोत्साहित किया,इस अवसर उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में जिस तरह से सोसायटी के सदस्यों सेवा कार्य किया जाता है वह अनुकरणीय हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर देवेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग एवं रेडॉस सोसाईटी के सदस्य उपस्थित थे, ज्ञात हो कि विगत दिनों शक्ति जिले की कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना ने भी जिला स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान रेडॉस सोसाइटी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं इस समिति में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के भी निर्देश जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को दिए थे

### दलेगा किसान किताब का नाम मुख्यमंत्री ने लोगों से मांगा सुझाव मिलेगा एक लाख रूपए का पुरस्कार

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिनांक 15 मई 2023 को जिला बलौदा बाजार भाटापारा के विधानसभा क्षेत्र भाटापारा के ग्राम कड़ार में आयोजित भेंट मुलाकात के दौरान भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका या किसान किताब की कृषक के जीवन में महत्ता को दृष्टिगत रखते हुये इसे एक नया सम्मान जनक नाम देने का आव्हान आम जनता से किया गया है और इसके नामकरण के लिए आम जनता से प्रस्ताव आमंत्रित करने एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है,मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप नामकरण को अंतिम रूप देने के लिये प्रतिभागियों से सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु विभाग द्वारा एक ऑनलाईन वेब पोर्टल तैयार किया गया हैं।

## रामकुमार गबेल ने कहा- सामाजिक समरसता, मानवता, समाजवाद एवं आपसी भाईचारे के प्रतीक कबीर जी

# कबीर प्रागट्य दिवस पर 4 जून को गबेल समाज संगठन का होगा वृहद आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




शक्ति शहर में लगातार दूसरी बार गबेल समाज संगठन शक्ति द्वारा 4 जून को कबीर प्राकट्य दिवस कार्यम का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर जहां गबेल समाज संगठन शक्ति के 107 परिवारों ने इस आयोजन को महोत्सव के रूप में यान्वित करने का निर्णय लिया है, तो वहीं इस पूरे कार्यम में शक्ति जिले सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से समाज बंधु शामिल होंगे,उपरोक्त कार्यम को लेकर गबेल समाज संगठन शक्ति के प्रमुखों की बैठक भी विगत दिनों संपन्न हुई थी एवं उपरोक्त कार्यम के संबंध में एक भेंटवार्ता में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वर्तमान जनपद सदस्य तथा आर के स्टोन शर शक्ति के संचालक रामकुमार गबेल ने बताया कि 4 जून का कार्यम शहर के सामुदायिक भवन गौरव पथ मार्ग में होगा, इस कार्यम को लेकर जहां वृहत रूप से तैयारियां की जा रही है तो वही समाज के सभी वर्ग के लोगों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है,तथा गबेल समाज के वरिष्ठ जन,महिलाएं, नवयुवक एवं युवतियां भी इस कार्यम को मूर्त रूप देने में लगी हुई हैं, साथ ही शक्ति शहर के प्रमुख मार्गों पर निकलने वाली कबीर प्रागट्य दिवस की शोभायात्रा भी ऐतिहासिक यात्रा के रूप में होगी एवं 4 जून को शक्ति जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से समाज बंधु बाइक पर सवार होकर कबीर दास जी के जय घोष एवम घोष के साथ रैली के रूप में शहर में पहुंचेंगे, तथा शोभायात्रा के कार्यम में शामिल होंगे, वही रामकुमार गबेल ने बताया कि सामुदायिक भवन में होने वाले इस कबीर प्राकट्य महोत्सव के दौरान समाज के प्रतिभावान- मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा तो वही समाज के वरिष्ठ जनों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रमुख योगदान देने वाले सम्मानीय जनों का भी सम्मान कार्यम होगा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम कुमार गबेल ने कहा कि ने कहा कि..नकबीरा खड़ा बाज़ार में, मांगे सबकी खैर,ना काहू से दोस्ती,न काहू से बैर।संत कबीरदास जी सत्य ,अहिंसा ,सामाजिक समरसता, समानता, मानवता, समाजवाद एवं आपसी भाईचारे के प्रतिक थे। वे आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणाोत हैं,वही 4 जून को होने वाले कार्यम को लेकर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री नोबेल कुमार वर्मा ने भी समस्त समाज बंधुओं को इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है, तथा पूरे उत्साह के साथ इस दिन सभी लोगों को कबीर दास जी का सुमिरन करने एवं उनके बताए मार्गों पर चल कर अनुसरण करने की भी बात कही है।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े चाम्पा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




चाम्पा पुलिस स्टाफ पेट्रोलिंग एवं जुर्म जरायम पतासाजी हेतु भोजपुर तरफ रवाना हुए थे जिनको देखकर एक मोटर सायकल में सवार दो व्यक्ति देखकर भागने लगे। जिसको चाम्पा पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ा गया। जिनको पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर एक व्यक्ति द्वारा अपना नाम चन्दन बाबा उर्फ भाऊ एवं दूसरे व्यक्ति द्वारा अपना नाम विनय बाल्मीकि दोनों निवासी बेलदार पारा चाम्पा का रहने वाला बताया गया। जिनको मोटरसाइकिल के सम्बंध में पूछताछ करने पर उक्त मोटर सायकल को 20-25 दिन पूर्व ग्राम कोसमन्दा के पास से चोरी करना और माह अगस्त 2022 में खरसिया क्षेत्र से एक होंडा साइन मोटर सायकल तथा एक डिस्कव्हर मोटर सायकल चोरी कर अपने कब्जे में रखना बताया गया।

# भाजपा के पूर्व मंत्री के सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने सांसद कार्यालय के समक्ष किया यज्ञ

**पंडित के साथ मंत्रोच्चारण करते हुए 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम' गाते हुए हवन कुंड में दी आहुति**

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com





भाजपा के द्वारा कांग्रेस सरकार को लेकर की गई बयानबाजी के विरोध में कांग्रेसियों ने सांसद कार्यालय के सामने भाजपा के महासमुंद लोकसभा प्रभारी व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया गया। नगर पालिका के उपाध्यक्ष व सभापति कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए सांसद कार्यालय पहुंचे, जहां सांसद कार्यालय की सुरक्षा का पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किया गया था। कांग्रेसियों ने सांसद कार्यालय के अंदर प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने बाहर ही रोक दिया। इस दौरान वे सड़क पर बैठ गए और वहीं पंडित के साथ मंत्रोच्चारण करते हुए ''रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम'' गाते हुए हवन कुंड में आहुतियां दी। बता दें कि भाजपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर हालही में जिला भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों की बैठक लेने आए थे उस दौरान मीडिया द्वारा रतन जोत को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कांग्रेस नेताओं को लेकर उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से कांग्रेसियों में जमकर आक्रोश है। इसी पर विरोध जताने नगर पालिका के उपाध्यक्ष व सभापति कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ शुक्रवार को महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू के मुख्य मार्ग पर स्थित सांसद कार्यालय के सामने भाजपा नेताओं को असंयमित होकर अमर्यादित भाषा बोलने को लेकर सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, बीज निगम सदस्य दाऊ लाल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, श्रम विभाग सदस्य लक्ष्मी देवांगन, पार्षद निखिल कांत साहू, डमरूधर, राजेश नेताम, जगत महंत, भूमिका ध्रुव, निर्तेंद्र बैनर्जी, राजा कोसा, नरेंद्र कोसिक, समीर, सचिन गायकवाड, सुनिल चंद्राकर, राजेंद्र कौशिक, गोविंद चंद्राकर, सहबाज राजवानी, तन्मय चंद्राकर, निशा, राजू साहू, तोमन कागजी आदि मौजूद रहे।

## पुराना कृषि उपज मंडी महासमुंद में तैयार हो रहा भव्य व्यवसायिक परिसर

**महासमुंद।** पुराना कृषि उपज मंडी का खाली जगह कई सालों से बेकार पड़ा हुआ था जिसे व्यवस्थित करते हुए व्यवसायिक परिसर का भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता एवं प्रगति का मंडी समिति एवं किसान प्रतिनिधियों की टीम ने गुरुवार को निरीक्षण किया और ठेकेदार को जल्द काम पूर्ण करने की निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि पहले चरण में 27 दुकानों का नीलाम किया जाना है। पुराने कृषि उपज मंडी महासमुंद में बन रहे दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे किसान नेता व जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे मंडी उपाध्यक्ष गोविंद साहू मंडी सदस्य धनवार यादव दीपक साहू जब्बार चंद्राकर चमन सिंह मंडी सचिव आर एल साहू तथा राजिम से आए किसान नेता तेजराम विद्रोही आदि ने व्यवसायिक परिसर की भव्यता को देखकर कहा कि इसी तरह छत्तीसगढ़ के सभी मंडियों में कॉन्प्लेक्स बनना चाहिए।

# राहगीरों की समस्याओं का हुआ अंत

**संसदीय सचिव के प्रयासों के चलते सड़क मरम्मत कार्य की मिली स्वीकृति**

पायनियर संवाददाता बागबाहरा
www.dailypioneer.com



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आवागमन में राहगीरों को हो रही समस्याओं का समापन निकट है छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारकाधीश यादव के प्रयासों के चलते विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों के मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिली है जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत खुर्सीपार से साल्हेभाठा तक की सड़क के लिए 48 लाख 07 हजार रुपए, धौराभाठा से कुर्रूभाठा तक की सड़क के लिए 40 लाख 23 हजार तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सोना सिल्ली से घोच तक की सड़क के लिए 1करोड़ 8 लाख 29 हजार , रेवा से डोंगरीपाली तक की सड़क के लिए 17 लाख 41 हजार, रेवा से सराईपाली तक की सड़क के लिए 17 लाख 54 हजार एवं ञ्ञ 10 से छिंदौली तक की सड़क के लिए 52 लाख 58 हजार की स्वीकृति शासन के द्वारा जारी कर दी गई है। उपरोक्त सड़कों के मरम्मत कार्य की स्वीकृति मिलने पर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# आस्था समिति के सदस्यों ने किया नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक से सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले की नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव से जिले के प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था आस्था समिति एवं उनके द्वारा संचालित परियोजनाएं चाइल्डलाइन 1098 एवं लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के समस्त कार्यकर्त्ता ने किया सौजन्य मुलाकात एवं स्वागत इस अवसर पर संस्था प्रमुख दौलत राम कश्यप के द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव को बताया कि संस्था जिले में विगत दो दशक से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं आस्था समिति बच्चों महिलाओं से संरक्षित जनजाति बैगा गरीबों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चाइल्ड लाइन 1098 भारत सरकार मंत्रालय महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है लाइन परियोजना के द्वारा जुलाई 2015 से अब तक 3086 से अधिक बच्चों को संरक्षण एवं पुनर्वास की सेवाएं प्रदान किया गया है। चाइल्ड लाइन 1098 राष्ट्रीय एजेंसी निशुल्क एवं सेवा है उनके लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है। बाल विवाह रोकथाम, नशा उन्मूलन, बच्चों को अपराधियों से बचाने के लिए चाइल्डलाइन सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विस्तार से जानकारी दी जिसमें बताया कि एचआईवी / एड्स के रोकथाम हेतु नाकों के मार्गदर्शन एवम ष्द्द्दह्युड्डुष्ह्य के सहयोग से विगत 14 वर्षो से सफलता पूर्वक कार्य किया जा रहा है।

# मिशन लाइव अभियान की शुरुआत




पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने 05 जून 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ''मिशन लाईफ अभियान'' के अंतर्गत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सचिव,सरपंच एवं पंच का होगा। आयोजित ग्राम सभा में कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु केंद्र व राज्य सरकार एवं स्थानीय स्तर पर जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। ग्राम सभा की बैठक में ''मिशन लाईफ अभियान'' के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यो पर चर्चा,जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की चर्चा तथा प्रगति हेतु ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित किए जाने के साथ ग्राम के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई,अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी गतिविधियां आदि भी की जाऐंगी।

# पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक

**रात्रि गश्त में कोताही बर्दाश्त नहीं: लाल उमेद सिंह**

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों सहीत थाना चौकी कैंप प्रभारियों की समीक्षा बैठक में नक्सल परिदृश्य एवं जिले की भौगोलिक परिस्थितियों के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान ईमानदारी से कर्तव्यनिष्ठ के साथ लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखते हुए धार्मिक स्थलों वित्तीय संस्थान हाट बाजारों में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान गणवेश धारण करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। वहीं थाना एवं चौकियों में साफ-सफाई सहित लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मामला दर्ज उपरांत अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, इससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास जगेगा। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनता की सेवा करने का मुख्य उद्देश्य है वही खेल के माध्यम से हम अत्यधिक लोगों से जुड़ सकते हैं जिसके कारण पुलिस को कई मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि गस्त के साथ ही बैंक एटीएम आदि की नियमित चेकिंग करने तथा सेंसिटिव एरिया में सतत निगरानी रखने के निर्देशित दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले के आम जनता को परेशानी ना हो इसके लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित के साथ निरंतर पेट्रोलिंग करने को कहा। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाने वालों एवं मोबाइल से बात करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफदिखना चाहिए। व्ही अवैध मादक पदार्थ शराब, गांजा,नशीली कफ शिरफ, जुआ सट्टा,ओवर लोडिंग आदि के विरुद्ध प्रभावी करवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिय गए। बैठक में अतिरिक्त अधीक्षक सुशील नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन प्रशांत कतलम,डीएसपीयो में अभिषेक झा,रितेश चौधरी, नारद कुमार सूर्यवंशी, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन डी.के.सिंह, पुलिस अधीक्षक रमेश मरकाम सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# सीटू ने मनाया 54वां स्थापना दिवस ,निरंकुश सरकार से मुकाबले का किया आह्वान





पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

30 मई को सीटू के स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। यूनियन कार्यालय में उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा के कर कमलों से ध्वजारोहण किया गया। दूसरे चरण में यूनियन कार्यालय प्रांगण में 'ट्रेड यूनियन आंदोलन और वर्तमान चुनौतियों पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस परिचर्चा का संचालन करते हुए यूनियन के अध्यक्ष कामरेड पुरुषोत्तम सिमैया ने कहा कि देश की आजादी में के समय ही ट्रेड यूनियन का गठन हो चुका था ,और ट्रेड यूनियनों ने भी देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, लेकिन आजादी के बाद ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस नाम की यूनियन ने वर्ग संघर्ष के रास्ते को छोड़कर सत्ता के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाया जिससे मजदूर वर्ग के नुकसान की आशंका बढ़ गई। इस विचारधारा के विरुद्ध मजदूर हितों को संरक्षित करने के लिए 30 मई 1970 को सेंटर आफइंडियन ट्रेड यूनियन सीटू का गठन किया गया । तत्कालीन ज्योति बसु, कामरेड बीटी रणदिवे जैसे ईमानदार एवं संघर्षशील नेताओं के नेतृत्व में इस यूनियन का गठन हुआ, और यूनियन ने पूरे देश में समाजवादी व्यवस्था कायम करने की मुहिम के तहत काम करना प्रारंभ किया। आज भी अपने उद्देश्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ आगे बढ़ रही है। यूनियन के सचिव कामरेड प्रकाश क्षत्रिय ने कहा कि हमारा देश जिस तरह तमाम संसाधनों से परिपूर्ण है उस हिसाब से देश की आम जनता को राहत नहीं मिल रही है ,सरकार पूंजीवादी व्यवस्था की पोषक बन चुकी है और पूंजीपतियों के इशारे पर चलते हुए मजदूर वर्ग के विरुद्ध नीतियां बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद आई भाजपा सरकार ने तो हद ही कर दी जब हमारे 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 संहिताओं में बदल दिया गया । इसी तरह किसानों के लिए तीन काले कानून भी सरकार ने बनाए, जिसे किसानों ने बड़े आंदोलन के जरिये रद्द करवाया। देश में बेरोजगारी की दर जिस तरह से बढ़ रही है उससे ऐसा प्रतीत होता है आगे आने वाले समय में रोजगार का स्तर और गिरेगा। इसलिए ट्रेड यूनियन लगातार सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्षरत है, उन्होंने कहा कि अब तक हमने देश में दर्जनभर से ज्यादा हड़तालें की और सरकार को मजदूर विरोधी नीतियां बनाने से काफी हद तक पीछे धकेला है। लेकिन यह तभी संभव है जब देश का मजदूर वर्ग किसानों की तरह आंदोलन के लिए तत्पर रहें।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## बूथ स्तर पर पार्टी को करें मजबूती प्रदान-रामविचार

पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



स्थानीय भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ताओ को कार्य करना है। हम सभी को गर्भ है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, के कार्यकाल के नव वर्ष पूर्ण होने पर देश का मान सम्मान देश विदेश में बढ़ा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जयसवाल ने कहा कि चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करे। मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता,अनूप तिवारी,अरूण कुमार केशरी, दीनानाथ यादव, संजय सिंह, सहित पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि में संपन्न हुवा।

# राष्ट्रीय रामायण महोत्सव धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन है

**बलौदाबाजार।** एक विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि रामायण महोत्सव समाज को संदेश देने के लिए है राज्य को उस दिशा में ले जाने का प्रयास है जो अयोध्या के राजा राम के समय था राम राज्य आज तक के सर्वश्रेष्ठ राज्य प्रणाली मानी गई है जहां सभी के साथ न्याय होता था ,न्याय क्या है न्याय यह है कि सभी को सामान अवसर मिले ,स्वतंत्रता मिले कोई किसी के जीवन में बाधा न बने अवरोध न बने । अगर आप राम के चरित्र को देखेंगे तो समझ आएगा की रामराज्य स्थापित करने के पूर्व उन्होंने समाज के सभी अवरोधों को हटाया। निखादराज को गले लगाकर उन्होंने जातीय असमानता के अवरोध को समाप्त किया ,अहिल्या का उद्धार कर उन्होंने स्त्रियों को मिल रहे अनुचित दंड को निरस्त कर दिया ,शबरी के जूठे बेर खा कर प्रेम की सर्वोच्चता को मान्यता दी ,बाली का वध कर पीड़ित के साथ खड़े होने की प्रेरणा दी हनुमान और अंगद को भेजकर रावण को हर संभव समझाने का प्रयास किया ताकि अनावश्यक हिंसा से बचा जा सके ,अपने उत्कृष्ट नेतृत्व से वानरों द्वारा न सिर्फ़दैत्यों का संहार किया बल्कि उन्हीं के द्वारा समुद्र में सेतु बंधन कर उनकी सृजन शिलता को उभारा ,विभीषण से संधि कर लंका वासियों को संदेश दिया कि राम आक्रांता नहीं है लंका विभीषण के अधीन रहेगा और वे सुरक्षित रहेंगे। सुरेंद्र शर्मा ने कहा की रामायण हर आदमी का मार्ग दर्शन करता है चाहे वही किसी जाती का हो किसी धर्म का हो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रामायण महोत्सव का आयोजन कर देश को यही संदेश देना चाहते है सबके लिए न्याय सुनिश्चित करना चाहते है यह आयोजन सिर्फ़सांस्कृतिक आयोजन न होकर बहुत बड़ा संदेश है ।

# रतनइंडिया की रिवोल्ट मोटर्स ने छत्तीसगढ़ के रायपुर और दुर्ग सहित भारत भर में 11 डीलरशिप की भव्य शुरुआत की घोषणा की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी, रतनइंडिया की रिवॉल्ट मोटर्स, छत्तीसगढ़ में रायपुर और दुर्ग सहित पूरे भारत में एक साथ 11 नई डीलरशिप खोलने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है, जो देश में कंपनी और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रायपुर और दुर्ग शहर में शोरूम का भव्य उद्घाटन अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और देश भर में स्थायी परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए रिवोल्ट मोटर्स की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। 11 नई डीलरशिप रणनीतिक रूप से पुणे (दूसरी डीलरशिप), रायपुर, औरंगाबाद, नांदेड़, दुर्ग, सांगली, बुलढाणा, बेगूसराय, झुंझुनू, आगरा और हरिद्वार सहित पूरे भारत के प्रमुख शहरों और प्रमुख क्षेत्रों में स्थित होंगी। यह विस्तार पूरे देश में ग्राहक आधार तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रिवॉल्ट मोटर्स के समर्पण को प्रदर्शित करता है।Revolt Motors ने भारत में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग देखी है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और टिकाऊ परिवहन विकल्पों की इच्छा से प्रेरित है। इन 11 नई डीलरशिप के लॉन्च के साथ, कंपनी का लक्ष्य इस गति को भुनाना है, ग्राहकों को एक उच्च गुणवत्ता वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल प्रदान करना है जो प्रदर्शन, दक्षता और सामर्थ्य के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

# एनएमडीसी ने मई महीने में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया

पायनियर संवाददाता हैदराबाद
www.dailypioneer.com



सरकारी खनन कम्पनी एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 के दूसरे माह में लौह अयस्क का 3.71 मिलियन टन का उत्पादन किया और 3.62 मिलियन टन बिक्री की , जो कंपनी के इतिहास में मई महीने में अबतक का सबसे अधिक उत्पादन और बिक्री है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 16 प्रतिशत और बिक्री में 37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी ने वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत की है। देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने स्थापना के बाद से अप्रैल और मई माह का अबतक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वित्त वर्ष 2024 में किया है। वित्त वर्ष 2024 में एनएमडीसी के संचयी उत्पादन और बिक्री में क्रमशः 13.7 प्रतिशत और 22 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कंपनी ने लौह अयस्क का 7.22 मिलियन टन उत्पादन किया और 7.05 मिलियन टन बिक्री की। इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने बुधवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024 में भारत के लौह अयस्क उत्पादन की मात्रा में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। इस मात्रा में सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 की शुरुआत में रिकॉर्ड उत्पादन और बिक्री के साथ गति को सही दिशा दी है। आधुनिकतम तकनीक और डिजिटलीकरण में हमारा निवेश कंपनी और उद्योग को अत्यंत लाभ प्रदान कर रहा है।

## राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना हुआ अनिवार्य

**बेमेतरा।** शासन के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का 100 प्रतिशत ई केवाईसी की कार्यवाही 30 जून 2023 तक पूर्ण कराया जाना अनिवार्य है। एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन हेतु सभी राशनकार्ड हितग्राहियों की आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियो की आधार की जानकारी गलत दर्ज होने अथवा आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है अतः विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई केवाईसी के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। अतः जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों को प्रदाय किये गये ई-पॉस उपकरण में ई केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है जो कि पूर्णतः निःशुल्क है ई केवाईसी की कार्यवाही हेतु राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान में जाकर ई केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 23.10.1973 को जशनमल पिता श्री हरिमल तनवानी निवासी गुढ़ियारी, रायपुर छ.ग. के द्वारा एक किता खुली भूमि जिसका खसरा नंबर 353/3-4, 354, 355, एवं 386/1 का भाग शीट नबंर 63, प्लाट नबंर 01 रकबा 0.29 डिसमिल याने 12480 वर्गफूट वाके मौजा रामसगार पारा प.ह.नं. 47, रायपुर खास तह. व जिला रायपुर में स्थित भूमि को श्री बसंतलाल वल्द रतनसी भाई कोरानी निवासी रामसगार पारा, रायपुर के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि बसंत लाल कोरानी की मृत्यु के पश्चात् उपरोक्त भूमि उनकी पत्नि श्रीमति रेखा जैन को प्राप्त हुई है। तद्पश्चात श्रीमति रेखा जैन ने उपरोक्त संपत्ति का बंटवारा अपने दोनो पुत्रो श्री मनीष कोरानी एवं पूर्वेश कोरानी के बीच कर दी है जिसका कि पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय में दिनांक 21.03.2023 को किया गया है।

यह कि पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 23.10.1973 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है, जिसकी प्रथम सूचना संबंधित थाना आजाद चौक में दिनांक 01.06.2023 को दी गई।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर मनीष कोरानी के द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन मेरे पक्षकार बैंक ऑफ बडौदा, फाफाडीह रायपुर में प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ विक्रय विलेख दिनांक 23.10.1973 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा अपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**सो सूचना जाने ।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक 02.06.2023

भवदीय
**विजय राठौर,** अधिवक्ता
ऑफिस-भारत गैस गोडउन के पीछे, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर छ.ग. मो. - 9425202167

मुहर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

**// ईश्तहार //**

कमांक क / वा / नजूल / 2023 मुंगेली. दिनांक 24.05,2023

**श्री राजशेखर यादव पिता रामकुमार यादव निवासी मोहल्ला जवाहर वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)........................आवेदक**

**बनाम**

**छ.ग. शासन........................अनावेदक**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री राजशेखर यादव पिता श्री रामकुमार यादव निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा मोहल्ला पड़ावपारा मुंगेली स्थित नजूल सरकार के नाम पर शासकीय अभिलेखों में दर्ज शासकीय नजूल भूमि शीट नंबर 28 बी प्लाट नंबर 01 क्षेत्रफल 1669 वर्गमीटर में से क्षेत्रफल 28 वर्गमीटर पर अतिक्रमण करते हुए उपयोग किया जा रहा है। उपरोक्त भूमि को शासन की योजना के अनुसार अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र कमांक एफ-4-07 / सात-1/2019 दिनांक 26-10-2019 के अनुसार उपरोक्त अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अनावेदक को उक्त भूमि व्यवस्थापन के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 09/06/2023 को 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किस प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 19.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

मुहर

## न्यायालय तहसीलदार जरहागांव जिला–मुंगेली (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-6/ 2022-23
ई कोर्ट क्र. 202303251300036
ग्राम बरेला प.ह.नं. 37

ग्राम बरेला के आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक उर्मिला सोनी पति स्व. रमेश जाति सोनार निवासी करही तहसील जरहागांवव जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बरेला प.ह.नं. 37 तहसील जरहागांवव जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नं. 1122/1शा 218 रकबा 0.286 हे. कुल रकबा..........हे. फौती नामांतरण /अभिलेख सुधार/ डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका/ खाता विभाजन हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में जिस किसी प्रकार की कोई दावा /आपत्ति हो तो वह स्वयं या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 05/6/23 समय 11:00 बजे दिन को तहसील कार्यालय जरहागांव में दावा /आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/5/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
जरहागांव

मुहर

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)

Email ID- eedha-phe-cg@nic.in Telephone Number-07722-238719

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र-ए" में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु निम्नलिखित आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 19/31.05.2023, 136576 | विकासखंड धमतरी के ग्राम भिड़ावर _Retro_3rd call | 32.38 |

नोटः- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा, दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल से दिनांक 02.06.2023 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 20.06.2023 सांय 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

जी.-01975/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
धमतरी (छ.ग.)

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

**// निविदा सूचना //**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2023/ /325/121 भिलाई, दिनांक 31.5.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा विभाग प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 40 आई टी आई ग्राउण्ड आंगनबाड़ी के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 2 | वार्ड क्र 41 बी ई सी चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (छ.ग. सूर्यवंशी समाज) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 3 | वार्ड के 43 बापू नगर सतनाम धाम परिसर में शौचालय निर्माण, बाउण्ड्रीवाल एवं भवन का संधारण कार्य। | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 4 | वार्ड क्र 43 स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास मंच निर्माण कार्य। | 5.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 5 | वार्ड क्र. 45 श्रीराम चौक बाल मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 5.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 6 | वार्ड क्र 46 दुर्गा मंदिर खुर्सीपार भिलाई अंतर्गत अक्कूपल्ली युवाजन सेवा समिति का भवन संधारण कार्य। | 4.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 7 | वार्ड क्र 48 मांझी चौक राजभर समाज भवन निर्माण कार्य | 10.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 8 | वार्ड क्र 48, जोन 03 केनाल रोड स्थित सतनाम भवन में बोर खनन कार्य । | 1.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 9 | वार्ड क्र 48 स्थित खुर्सीपार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (छ.ग. रजक कर्मचारी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 10 | वार्ड क्र. 48 स्थित खुर्सीपार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (आन्ध्रा तेलकुला साहू समाज) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 11 | वार्ड क्र 49 सुभाष मार्केट कलिंगा समाज भवन के समीप भवन (हॉल) निर्माण कार्य। | 12.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 12 | वार्ड क्र. 49 जोन 02 खुर्सीपार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (मदरसा हमीदिया अरबिया) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 13 | वार्ड क्र. 49 जोन 02 खुर्सीपार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। अखिल भारतीय सोनकर खटिक समाज) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 14 | वार्ड क्र. 49 जोन 02 खुर्सीपार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (हिन्दू खटिक समाज) | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 15 | वार्ड क्र. 50 सद्गुरु कबीर आश्रम के समीप भवन निर्माण कार्य। | 5.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 16 | वार्ड क्र. 50 शास्त्री नगर स्थित रेड्डी समाज हेतु अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य। | 8.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 17 | वार्ड क्र. 50 शास्त्री नगर स्थित क्षेत्रीय साहू मित्र सभा स्थित भवन में किचन शेड शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था कार्य। | 7.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 18 | वार्ड क्र. 51 राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार में अध्यात्म सेवा केन्द्र में भवन निर्माण कार्य । | 5.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |
| 19 | वार्ड क्र. 51 विश्वकर्मा मंदिर में डोम शेड निर्माण कार्य। | 5.00 | 21.06.2023 | 28.06.2023 |

निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilajnagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**(घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें)**

जोन आयुक्त
जोन 4 शिवाजी नगर,
नगर पालिक निगम, भिलाई

# एनीकट से पांच घंटे में 90 हजार क्यूबिक मीटर पानी बहा, जल संसाधन के गेटकीपर और निगम के वॉचमेन को थमाया नोटिस

## बसंतपुर थाने में एफआईआर दर्ज, जांच प्रतिवेदन में अवैध खनिज, रेत का उत्र्खनन नहीं होने का दावा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शिवनाथ नदी के मोहरा एनीकट से गेट खोलकर लाखों लीटर पानी बहा दिए जाने के मामले में जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के टाईम किपर और नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वॉचमैन को शो-कॉज नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही एनीकट से पानी बहाए जाने के मामले में विभागीय लोगों की संलिप्तता और गहरा गई है। बावजूद इसके जल संसाधन विभाग जांच से इंकार कर रहा है।

जल संसाधन विभाग ने पानी बहा दिए जाने के मामले में कलेक्टर और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि रिपोर्ट में क्या है इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच शो कॉज नोटिस थमाए जाने की कार्रवाई की गई है। मोहारा एनीकट के गेट की एक चाबी जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के संबंधित कर्मचारी टाईम किपर एवं एक चाबी नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कर्मचारी वॉचमैन के पास रहती है। जिसे शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव से भी प्रतिवेदन प्राप्त किया गया है। जिसके अनुसार मोहारा प्लांट इंचार्ज एवं सिफ्ट इंचार्ज को स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

जिला प्रशासन ने यह भी कहा है कि, उप संचालक खनिज राजनांदगांव से मांगे गए प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें अधिकांशतः क्षेत्र में पानी भरा पाया गया तथा उस क्षेत्र में अवैध खनिज, रेत का उत्र्खनन नहीं होना पाया गया है। खनिज अमले द्वारा संबंधित क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है। जल संसाधन विभाग के ईई जीडी रामटेके अब भी इस प्रकरण में किसी विभागीय व्यक्ति की संलिप्तता से सीधा इंकार कर रहे है। जबकि जिस तरह गेट खोले गए हैं उसे देखकर संदेह गहरा रहा है। इस मामले में बसंतपुर पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जा चुकी है।मोहारा एनीकट से रात के अंधेरे में लाखों लीटर पानी बहा दिए जाने के मामले को लेकर रेत तस्करों के अलावा विभागीय संलिप्तता को लेकर भी संदेह गहराया हुआ है।

### जलस्तर घटाने की साजिश

शिवनाथ नदी के कई हिस्सों से खनन कर रेत तस्करी की जा रही है। इनकी शिकायतों की भरमार है। गौरतलब है कि, अलग-अलग जगहों पर पानी की आपूर्ति के लिए बैराजों से पानी छोड़ा जाता है जो कि नदी में एनीकट के सहारे स्टोर किया जाता है। इससे नदी में जलस्तर बढ़ जाता है और खनन मुश्किल हो जाता है। इस जलस्तर को कम करने ही तस्करों द्वारा गेट खोल दिए जाने की बात सामने आ रही है।

### 9 हजार क्यूबिक मीटर पानी बहाया

अज्ञात व्यक्ति यों द्वारा 31 मई 2023 को मोहारा एनीकट के 5 गेट खोल दिये गये थे। गेट खोले जाने के पूर्व मोहारा एनीकट में 1.26 मि.घन मी. जल भराव था। अज्ञात व्यक्ति यों द्वारा गेट खोले जाने पर लगभग 4-5 घंटे तक गेट से पानी बहता रहा। इससे एनीकट में लगभग 15 से.मी. पानी का लेबल कम हो गया एवं लगभग 90000 क्यूबिक मीटर पानी बह गया। जिसकी सूचना मिलते ही जल संसाधन विभाग द्वारा तत्काल गेट को बंद करा दिया गया था।

### तीन पालियों में होगी गश्त

नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को रात्रिकालीन पुलिस पेट्रोलिंग कराने के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है। एनीकट में रात्रिकालीन निगरानी हेतु तीन पालियों में प्रत्येक पालियों में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एनीकट के आस-पास अंधेरा होने के कारण 250 वॉट का लाईट लगाया गया है। इसके अतिरिक्त अधिकारी-कर्मचारियों को सतत निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया है। इन परिस्थितियों के पश्चात भी राजनांदगांव शहर के पेयजल आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी।

# म्यूनिसिपल मैदान छीना, किसी तरह के आयोजन नहीं हो सकेंगे

- नागरिकों में आक्रोश, जिम्मेदारों की चुप्पी भी बनी वजह
- खिलाड़ियों के लिए बड़ी आपदासाबित हुआ फैसला



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में 30 लाख की लागत से लॉन घास लगाए जाने का भारी विरोध हो रहा है। जिला प्रशासन ने एक तरफा निर्णय लेते हुए शहर के मध्य बहुपयोगी मैदान को मनमाने तरीके से बदलने का काम शुरु कर दिया है। इससे यहां होने वाले धार्मिक आयोजन, क्रिया-कलाप, खेल और अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए मैदान की उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

शहर के मध्य मौजूद म्यूनिसिपल मैदान कई मायनों में अहम है। पूरे वर्ष यहां बड़े आयोजनों का सिलसिला जारी रहता है। यह विशाल धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र भी रहा है। बीते डेढ़ दशक से इस ग्राऊंड में भव्य दशहरा उत्सव भी आयोजित किया जाता रहा है। लेकिन मैदान की दशा-दिशा से छेड़छाड़ के बाद इन आयोजनों का भविष्य दिखाई नहीं दे रहा है। ग्राऊंड की कमी से जूझते नगर में खिलाड़ियों के लिए म्यूनिसिपल मैदान ही बड़ा सहारा रहा है। लेकिन अचानक जिला प्रशासन ने इसमें लॉन ग्रास लगाने का फै सला ले लिया। इससे मैदान की उपयोगिता कम हो जाएगी। सीधे तौर पर इसका असर सभी वर्गों को प्रभावित कर रहा है। नागरिकों में इस निर्णय को लेकर आक्रोश है।

### चुप्पी साधे हुए हैं जिम्मेदार

बड़ा विषय है कि जिला प्रशासन के इस निर्णय पर महापौर चुप्पी साधे रहीं। दूसरे जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले में कोई दखल नहीं दिया। सत्तापक्ष की चुप्पी इस मामले में समझ से परे है। शहर की ऐतिहासिक धरोहर रहा म्यूनिसिपल मैदान यूं भी दिनों दिन सिमटता रहा है। खेल और खिलाड़ियों के लिहाज से भी इस मैदान को संरक्षित किए जाने की महती आवश्यकता है। शहर में बड़े आयोजनों के लिए स्थानों का अभाव है। इन आवश्यकताओं को नज़र अंदाज करते हुए किए जा रहे मैदान के पुर्ननिर्माण से सिवाए नुकसान के कुछ और हासिल होता नज़र नहीं आ रहा है।

### दलदल में तब्दील हो जाएगा मैदान

हालही में म्यूनिसिपल स्कूल में मिट्टी बिछाने और लेवल करने का काम शुरु किया गया है। इसके पूरा होने के बाद ही इस पर लॉन ग्रास बिछाई जाएगी। इधर मॉनसून की दस्तक भी जल्द ही हो जाएगी। इस स्थिति में यहां बिछाई गई मिट्टी दलदल में तब्दील हो जाएगी। मिट्टी को ठीक तरह से लेवल कर सेट न किए जाने से भी मुश्किलें बढ़ेंगी। इस होने वाली दिक्कतों का सामना छात्रों और शिक्षकों को करना पड़ेगा।

# स्कूलों के मरम्मत कार्यों की धीमी गति से कलेक्टर नाराज



पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने आगामी निर्वाचन संबंधित तैयारियों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का चिन्हांकन कर उसका भौतिक सत्यापन कर लें। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों के लिए पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करने कहा।

कलेक्टर ने कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से जिले में खाद-बीज के भंडारण, उपलब्धता एवं वितरण आदि की जानकारी ली और जिले में किसानों को खाद-बीज की कमी न हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में बने कम्पोस्ट खाद का उठाव खरीफ फसल की बुआई से पहले करवाएं। इसके लिए समितियों में भंडारण को पूर्ण करवाते हुए ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट का वितरण करवाएं। किसानों द्वारा कम्पोस्ट खाद की जहां ज्यादा मांग है उसे प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं।

### जीर्णोद्धार कार्य की गति धीमी

कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता के कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी सीईओ को जिले में जितने भी आवेदनों का सत्यापन हो चुका है उन्हें नियमानुसार जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करते हुए पात्रतानुसार निर्धारित समय-सीमा में युवाओं के लिए स्कील ट्रेनिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले में स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे शाला भवन जीर्णोद्धार कार्यों के धीमी गति पर नाराजगी जताई तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# जिला प्रशासन के अफसर अपने चेंबर से शहर की विरासत से खिलवाड़ करने वाले फैसले थोप रहे हैं : मोनू बहादुर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लॉन घास लगाने के प्रशासनिक फैसले को जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने मैदान की उपयोगिता और खिलाड़ियों की भावना से खिलवाड़ करार दिया है। उन्होंने कहा कि बरसों से यह मैदान संस्कारधानी में धार्मिक क्रिया-कलापों, आयोजनों का साक्षी रहा है। लेकिन जिला प्रशासन के बेसिर-पैर के फैसले और डीएमफ की राशि के दुरुपयोग करने की मंशा इस मैदान को बर्बाद कर चुकी है। भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल का मैदान शहर के खेल इतिहास की धरोहर है। यहां दिग्गजों ने हॉकी का खेल खेला है। शहर में बड़े - बड़े धार्मिक आयोजनों का केंद्र यह मैदान रहा है। आज भी यहां दशहरा, धार्मिक कथाएं और विभिन्न आयोजन होते हैं। शहर के बीच मौजूद यह मैदान कई मायनों में सभी वर्गों के लिए उपयोगी रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अफसर अपने चेंबरों में बैठकर शहर की विरासतों से खिलवाड़ करने वाले फैसले थोप रहे हैं जिसका विरोध सभी वर्ग कर रहे हैं। म्युनिसिपल स्कूल के मैदान में लॉन घास लगाए जाने के बाद इसकी उपयोगिता सीमित रह जाएगी। यहां खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है। शहर में पहले से ही मैदानों का अभाव है। धार्मिक आयोजन भी इससे प्रभावित होंगे। कुल मिलाकर यह एक बेतुका निर्णय है जिसके एवज में यहां लाखों रुपए खर्च उसका दुरुपयोग किया जा रहा है।



मोनू बहादुर ने कहा कि म्युनिसिपल स्कूल के मैदान के विषय में निर्णय लेने से पहले खेल संघों, खिलाड़ियों, धार्मिक आयोजन कताओं सहित जनप्रतिनिधियों से राय-मशविरा किया जाना चाहिए था ताकि एक सही फैसला लिया जा सकता। लेकिन महज निजी स्वार्थ और छिपी हुई मंशाओं के प्रभाव में लिए गए निर्णय ने हमारी विरासत उजाड़ कर रख दी है।

उन्होंने यह भी कहा कि मैदान में अभी काम शुरु किया गया है। यहां मिट्टी डाली जा रही है और लेवल किया जा रहा है। इधर, मॉनसून करीब है और स्कूल भी खुलने वाले हैं। इस स्थिति में बारिश होने पर पूरा मैदान कीचड़ में तब्दील हो जाएगा। यह एक बड़ी समस्या साबित होगी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए। उन्हें दलदल से गुजरकर स्कूल जाना होगा। गाड़ियां, साइकलें खड़ी करने के लिए पार्किंग की जगह भी उपलब्ध नहीं होगी।

भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि सारी समस्याओं की जड़ जिला प्रशासन का एकतरफा और अनुपयोगी निर्णय है जिससे नागरिकों को सिवाए नुकसान और कुछ हासिल नहीं हो रहा। बेहतर होगा कि किसी तरह के निर्णय लेने से पहले जिम्मेदार अफसर बैठकों और अपने चेंबर से बाहर निकलकर वास्तविकता परखें और अपने फैसलों की समीक्षा करें।

# विदर्भ की एकतरफा जीत, यूपी ने रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को हराया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को एकतरफा मुकाबले में 38 रन से और यूपीक्रिकेट एसोसिएशन ने रोमांचक मुकाबले में एलबीशास्त्री नई दिल्ली को 3 विकेट से हरा कर 18वीं रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया टी 20 फ्लडलाईट क्रिकेट टूनार्मेंट में अपना विजय अभियान प्रारंभ किया। रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए पहले मैच में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने राजस्थान को असानी से 38 रन से पराजित कर दिया। मैच में विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 175 रन बनाए थे। राजस्थान के बल्लेबाज विदर्भ के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाए और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 137 रन ही बना सके। खेले गए दूसरे रोमांचक मुकाबले में एलबी शास्त्री नई दिल्ली को उत्तरप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के हाथों 3 विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा। नई दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खो कर 152 रन बनाए थे। यूपी ने 19.3 ओवर में जीत के लिए आवश्यक 153 रन बनाकर 3 विकेट से मैच अपने पक्ष में कर लिया।

# सिक्युरिटी वैक्यूम को खत्म करते हुए अंदरूनी इलाको के डेवलपमेंट के लिए करेंगे काम : आईपीएस रत्ना सिंह

- मोहला-मानपुर जिले में पहली महिला पुलिस अधिक्षक रत्ना सिंह ने लिया चार्ज

पायनियर संवाददाता < मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

जिले के प्रथम पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के तबादले के बाद अब जिले की नई पुलिस कप्तान रत्ना सिंह ने जिला पुलिस की कमान संभाल ली है। 2019 बैच की आईपीएस रत्ना सिंह धुर नक्सल प्रभावित मोहला-मानपुर जिले की पहली महिला पुलिस अधीक्षक बनी है। जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद आईपीएस रत्ना सिंह प्रेस कांफ्रें स के जरिये आंचलिक मीडिया से मुखातिब हुईं। इस दौरान सवालों का जवाब देते हुए क्षेत्रीय विकास व नक्सलवाद समेत तेंदुपत्तों में माओवादी आगजनी जैसे मसलों पर उन्होंने अपनी मंशा जाहिर की।

**सवाल -** इससे पहले आप सीमावर्ती बस्तर में ही रही हैं। यहां पे आपका क्या कुछ प्लान है, किस तरह से काम होगा

**आईपीएस रत्ना सिंह-** मेरी ये पहली पोस्टिंग है। मुझे पहला एसपी चार्ज मिला है मोहला-मानपुर जिले का। ये बहुत अच्छी जगह हैजितना मैंने अपने पहले के एसपी सर से सुना था।इससे पहले मैं एडिशनल एसपी भानुप्रतापपुर थी। लगातार ऑप्स प्लान होते रहते थे तो थोड़ा इस एरिया के बारे मे भी जानकारी है। बाकी बतौर एसपी मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि जो पुलिस के एसपेट्स हैं, सभी एस्पेक्ट्स चाहे वो लॉ एन ऑर्डर हो,चाहे वो साइबर क्राइम हो, चाहे वो नक्सल फंट में हम काम कर रहे हों, साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग पर हम काम करना चाहते हैं। इससे पहले चरण पादुका बहुत अच्छी स्कीम चल रही थी उसको कंटीन्यू रखते हुए कम्युनिटी पुलिसिंग में हम आगे और भी अच्छा काम करेंगे। साथ ही एक महिला अधिकारी होते हुए मेरा ये भी प्रयास रहेगा कि जिस भी तरीके से मैं किसी महिला, बच्चे से कनेक्ट होती हूँ तो मेरा जस्टिस करने का अपनी तरफ से उन्हें मोटिवेट करने का पूरा प्रयास रहेगा। मेरी जो ट्रेनिंग हुई है, मेरी जो पढ़ाई हुई है उससे कुछ बैटर मैं कर पाऊं सभी के लिए।



**सवाल -** पुलिस प्रसासन व डिस्टिक एडमिनिस्ट्रेशन दोनों के तालमेल से डेवलपमेंट पर काम किया जाएगा

**आईपीएस रत्ना सिंह-** बिल्कुल! इसमें एक और पक्ष एड करूंगी। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेसन, पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन और आप सब। आप सब के सहयोग से ही यहाँ काम चल पाएगा। हम जो काम करेंगे और आप जो सहयोग करेंगे वो जनता तक पहुंच पाएगा। इसलिए उम्मीद है कि बेहतर कॉपरेशन व कोर्डिनेशन बना रहेगा।

**सवाल -** ये जिला बस्तर व माहाराष्ट्र के बीच माओवादियों के लिए कॉरिडोर का काम करता है। नक्सलीज़म यहां हावी है। डेवलपमेंट भी रुका हुआ है।पुलिस प्रसासन व डेवलपमेंट इसमें किस तरह से तालमेल होगा और कैसा काम होगा यहाँ पर एडमिनिस्ट्रेशन के साथ

**आईपीएस रत्ना सिंह-** आपने बिल्कुल ठीक कहा है, जैसे कि पता है यहां पर प्रेजेंस है नक्सल्स का। पुलिस का काम यही रहता है कि हम वहां पर जाके पहले सुरक्षा वैक्यूम जो रहा है अब तक हम उसको फिल करें। हम उसको एक सुरक्षित जगह बनाएं। साथ ही साथ मे डेवलपमेंट आएगा। अब जैसे बहुत सारी जगह हैं जहाँ पर हम सड़क बनवाते हैं जहाँ सड़क नही है। एक बार सड़क बन जाती है तो हॉस्पिटल्स आएंगे, स्कूल्स आएंगे। तो हम सिक्युरिटी वैक्यूम्स को खत्म करते हुए हमारा ये प्रयास रहेगा कि जो डेवलपमेंट इंटीरियर इलाके में आना बचा हुआ है हम उसको ज्यादा से ज्यादा और जल्दी से जल्दी करा पाएंगे।

**संवाददाता प्रमोद निर्मल -** तेंदुपत्तों को आग के हवाले कर दिया गया है। 15 दिनों के भीतर करीब तीन दर्जन तेंदूपत्ता फड़ों में माओवादियों ने आगजनी की वारदात को अंजाम दिया है।नक्सलवाद तेंदूपत्ता सीजन में काफी हावी नजर आ रहा है, तो इसमें आगे क्या प्लान होगा

**आईपीएस रत्ना सिंह-** ऐसी घटनाएं कांकेर में भी आई हैं। यहाँ मोहला-मानपुर में भी ऐसे केसेज़ हुए हैं। जितने भी ऐसे केसेज़ हमारे संज्ञान में आए हैं हमारा सब से यही अनुरोध रहेगा कि वो आगे पुलिस थाने में आकर एफआईआर कराएं। अपने तरफ से हम सर्चिंग करके और हर तरीके से हम ढूंढ ही रहे हैं। जिनकी वजह से ये नुकसान हुआ है, हमारा प्रयास ये रहेगा कि जल्दी से जल्दी उनके ऊपर कार्यवाही हो।

### आगे की तस्वीर आने वाला वक्त बताएगा....

.....पहली बार इस बीहड़ इलाके में एक महिला आईपीएस को सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। इस बात में कोई दोराय नहींकि बस्तर व महाराष्ट्र के बीच माओवादियों के जंक्शन के तौर पर काम आने वाले इस इलाके में सुरक्षा और विकास दोनों टेढ़ी खीर बना हुआ है। बहरहाल इलाके में सुरक्षा की कमान बतौर एसपी एक नारी शक्ति ने संभाल ली है। बुलंद हौसलों के साथ उन्होंने कह भी दिया है कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा व विकास दोनों के लिए काम करेंगे। आगे इलाके की तश्वीर क्या होगी ये आने वाला वक्त बताएगा।

## आग बुझाते समय पड़ोस में रहने वाले माँ-पुत्र झूलसे

# सिलेंडर फटने से घर में लगी आग, सब कुछ जलकर राख

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर से लगभग 10 किमी दूर ग्राम संबलपुर में बीते गुरुवार की रात्रि करीबन 9 बजे गैस सिलेंडर के फटने से दो घरों में आग लग गई। आग लगने से घरों में रखे सारे समान जलकर राख हो गया है। आग की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई है जबकि दो मवेशी को हल्के चोंटे आयी है। वही पास ही में रहने वाले मां- पुत्र आग बुझाते समय झूलस गया है। जिनका इलाज गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्रशासनिक अमला आगजनी के कारणों को अज्ञात मानते हुए आशंका जता रहे हैं कि पहले आग लगी होगी फिर सिलेंडर फटा होगा, जो ब्लॉस्ट होकर पूरे घर को चपेट में ले लिया। ग्राम संबलपुर निवासी पीड़ित चैतराम (58) ने बताया कि वह अपने परिवार में 15 सदस्यों के साथ कच्ची मकान में अलग-अलग रहते हैं। वे सब खाना खाने के बाद सोने की तैयारी में थे। उसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई जो तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। आग लगने की जानकारी ग्रामीणों ने गंडई थाना एवं फायर ब्रिगेड को दी। इधर ग्रामीण ने पास ही के तालाब के पानी से आग बुझाने में लगे रहे। सूचना पर नगर पंचायत से फायर ब्रिगेड वाहन घटना स्थल पर पहुंचा जब तक गांव वालों ने आग पर काबू पा लिया था। घटना की जानकारी होने पर गंडई तहसीलदार रात में ही दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। हालांकि रात होने की वजह से किसी भी तरह की कागजी कार्यवाही उनके द्वारा नही की गई। लेकिन दूसरे दिन शुक्रवार को प्रकरण बनाया गया।



**सूझबूझ से बचा कईयों का घर :** जिस समय यह हादसा हुआ उस समय पीड़ित चैतराम के घर में दो और सिलेंडर रखे हुए थे। ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने पर घर में रखे दो सिलेंडर को सूझबूझ दिखाते हुए दूसरे रास्ता से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि रात में हवा शांत होने की वजह से आग अन्य जगहों पर नहीं फै ल सकी। अन्यथा कइयों के घर चपेट में आ सकते थे। चैतराम के घर से लगे सुरेश पिता आजु राम विश्वकर्मा का घर भी आग के चपेट मे आने से जलकर राख हो गया है। आग बुझाते समय सुरेश विश्वकर्मा के भतीजा शंकर पिता भूपेंद्र विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष एवं उसकी भाभी पुष्पा विश्वकर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष झूलस गई हैं। शंकर का एक हाथ और पुष्पा की पीठ जल गई है। उनका इलाज़ गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

**मजदूरी के सहारे जीवन यावन, बेघर हुए लोग :** पीड़ित चैतराम यादव के दो पुत्र कचरू, ओमकार और एक बेटी सती बाई है। पुत्री सती बाई शादी के बाद से मायके में बैठी हुई है जिसका एक लड़का भी है। सभी परिवार कच्चे घर में रहते हैं। इसी तरह घायल परिवार भी कच्ची मिट्टी के घर में निवासरत है। ये दोनो ही परिवार मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करते हैं। घायल शंकर और उसकी माँ पुष्पा बाई देवर सुरेश के खाने कमाने शहर चले जाने के कारण अपने देवर सुरेश के घर में रह रही थी। जो चैतराम के घर में आग लगने कि वजह से खुद की घर में आग न फैले करके आग बुझाने में लगे थे।

घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल तत्काल पहुंचा। घटना में एक बछड़ा मौके पर दम तोड़ दिया। वही दो अन्य मवेशी भी झुलस गए हैं उनका इलाज़ पशु चिकित्सक गंडई के द्वारा किया गया। वही घर से लगे पड़ोस परिवार के मां बेटे भी चपेट में आए हैं। उनका इलाज़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में चल रहा है। आरबीसी 6/4 के तहत प्रकरण बनाया गया है, जिसकी क्षति संबंधित को जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

**-अमरदीप अंचल,**
तहसीलदार गंडई

# रेलवे स्टेशन में बंद पड़ा है फौव्वारा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ट्रेनों का संचालन बंद किए जाने और बेवक्त ट्रेनों की आवाजाही से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं। कोरोनाकाल में लॉकडॉऊन के बाद से व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है। इस बीच रेलवे स्टेशन को सजाने-संवारने का काम किया गया। इसके तहत ही स्टेशन के सामने फौव्वारा तैयार हुआ था। इसे तैयार किए जाने के बाद से आखिरी बार यह कब चालू रहा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। ट्रेनों का संचालन समय पर किए जाने, दूसरी ट्रेनों का फे रे शुरु किया जाना तो अब तक मुमकिन नहीं हो सका है। लेकिन राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर की व्यवस्थाएं भी बुरी तरह प्रभावित हैं।

# बीजेपी के दौरान कागजों में बनीं सालेकेरा पुलिया का नवनिर्माण कराकर विनय भगत ने ग्रामीणों को दी सौगात

## लकड़ी की पुलिया से वृहद पुलिया के साथ और एक वादा पूरा, उच्चस्तरीय पुलिया का लोकार्पण कर ग्रामीणों को दी बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जशपुर विधायक विनय भगत अपने कार्यों से लोगों के दिलों में यूं तो राज करते ही हैं उनका जनसम्पर्क के लोग कायल हैं। पहली बार जशपुर के इतिहास में क्षेत्र में इतना दौरा करने वाला विधायक मिला है। वहीं बता दें जशपुर विधायक विनय भगत के द्वारा सालेकेरा पुलिया निर्माण की वादा आज पूरा हो गई। विधायक विनय भगत ने सर्वप्रथम सालेकेरा पहुंचकर सरना स्थल में बने 3 लाख की लागत से नवनिर्मित देवगुड़ी निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किये। ततपश्चात क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग करीब 7 करोड़ की लागत से बनकर तैयार उच्चस्तरीय पुलिया का जशपुर विधायक विनय भगत हजारों लोगों के बीच इस बड़े नवनिर्मित पुलिया की विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किये। ग्रामीणों ने विधायक विनय भगत का ऐतिहासिक स्वागत सत्कार किये ग्रामीण अपने बीच विकास पुरुष विधायक विनय भगत के कार्य देखकर गांव में जश्न का मौहल था और उस जश्न में विधायक के साथ साथ कांग्रेसियों ने भी भाग लिया। और खुशी हो भी क्यों न क्योंकि उनका बहुप्रतीक्षित मांग जो आज पूरा हो गया जिसके लिए वो कितने विधायक कितने सांसद को पत्र लिखा मिलकर समस्या बताई लेकिन किसी ने उनकी सुध लेने नहीं पहुंचे और आज महज 4 साल में ही जशपुर विधायक विनय भगत उनकी मांगों को पूरा करके दिखा दिए। यही कारण है कि विधायक विनय भगत अब तक के सबसे लोकप्रिय विधायक बन चुके हैं। गांव के वरिष्ठ बुजुर्गों ने कहा लकड़ी की पुलिया से वृहद उच्चस्तरीय पुलिया बनाने वाले विधायक विनय भगत का हम समस्त ग्रामीण जन से मुलाकात करने आये थे चुनाव से पूर्व तब यहां लकड़ी की पुलिया थी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और विधायक विनय भगत जो वादा किये थे जिसे पूरा कर के दिखाया है ये हम सभी ग्रामीणों के लिए बहुत बड़ा वरदान साबित होगा।

# जिला का विहंगम उद्यान अशोक वाटिका पूर्णता की ओर अग्रसर

## राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया उद्यान भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर राजकिशोर प्रसाद वार्ड क्र. 14 स्थित कोरबा के हृदय स्थलीय में निर्माणाधीन अशोक वाटिका उद्यान जो पूर्णता की ओर अग्रसर है, इसका भ्रमण कर कार्यो का अवलोकन किया। इनके साथ विशेष रूप से कोरबा प्रवास पर आई महिला आयोग छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय ने अवलोकन किया। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने बताया कि पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल के समय इस उद्यान में शहर के प्रबुद्धजन एवं आमनागरिक भ्रमण एवं योगाभ्यास करने यहाँ आया करते थे एवं लोगों की इस उद्यान को विकसित करने हेतु बहुप्रतीक्षित मांग थी, चूंकि यह उद्यान वन विभाग क्षेत्रांतर्गत आता था, जिसका संचालन उनके द्वारा किया जाता था, मेरे मंत्री पद धारण करने उपरांत जब मुझे यह ज्ञात हुआ कि यह क्षेत्र राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है तब कोरबा प्रवास के दरम्यान पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन पर इस उद्यान के संबंध में जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई गई, तब मुख्यमंत्री ने 10 करोड़ रूपये इस उद्यान के जीर्णोद्धार एवं विकास हेतु देने की घोषणा की। इसी के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा इस उद्यान के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया, जो वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं शेष 25 प्रतिशत कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जावेगा।

# राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में आयोजित राजीव युवा मितान क्लब सदस्यों के बैठक में शामिल हुए। उन्होंने मितान क्लब के सदस्यों को शासन की योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज में बदलाव ला सकती है लोगों को जागरूक करें, योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाएं। जिस उद्देश्य से क्लब के सदस्य हैं बेहतर कार्य करें। गांव का विकास व जन जागरूकता में अपनी भागीदारी निभाएं। क्लब के सदस्यों का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना है। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा क्लब के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं युवा मितान क्लब के सदस्य शामिल हुए। विभाग के अधिकारियों ने जैसे वन, कृषि,खाद्य, महिला बाल विकास, पंचायत एवम् लाइवलीहुड में संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने हेतु सदस्यों से आग्रह किया गया। कलेक्टर ने कुपोषण से मुक्त करने के लिए गांव में गतिविधियां संचालित करने, खेल गतिविधियां, राशन, आयुष्मान कार्ड, आधार लिंक जैसे अन्य प्राथमिकता के कार्यों को आम जनों को लाभान्वित करने कहा। उन्होंने स्कूल, छात्रावास, आश्रम, आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा गया।

# वार्ड क्रमांक 20 में सड़क डामरीकरण कार्य शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 20 एवं 21 के अंतर्गत आजाद चौक से लेकर सरस्वती शिशु मंदिर तक की आंतरिक सड़क का डामरीकरण का कार्य कराये जाने हेतु महापौर राजकिशोर प्रसाद ने डामरीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर कार्य शुभारंभ कराया। इस मौके पर महापौर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के लगातार प्रयासों से कोरबा शहर तथा निगम के उपनगरीय क्षेत्रो के साथ-साथ कोरबा जिले की मुख्य सड़कों का पूर्व में कायाकल्प करने के उपरांत अब शहर के अंदर स्थित बस्तियों के आंतरिक सड़कों का डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत कोरबा शहर के सभी प्रमुख मार्गो व आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों की सडकों की डामरीकरण, सड़कों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं, जो निरंतर जारी हैं। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सड़क संबंधी समस्याओं का सम्पूर्ण निदान किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, नारायण दास महंत बंटी शर्मा, मोहम्मद शाहिद खान, सुभाष राठौर, ज्ञानेश्वर, बाबू राव, शरद यादव, तुलेश श्रीवास एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जनसुनवाई संपन्न

## बिना तलाक के दूसरा विवाह अमान्य व अवैधानिक: डॉ. किरणमयी नायक

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य अर्चना उपाध्याय ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर की 178वीं और कोरबा जिले में 5वीं जनसुनवाई संपन्न हुई। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि मृतक भाई ने अनावेदक पक्ष से उधार में कपड़ा लिया था जिसके बकाया राशि का अनावेदक गण अनावेदिका से पैसे मांग रहे है। अनावेदक ने बताया कि 15 से 20 साल पहले आवेदिका के भाई ने 385 रुपया नहीं दिया था अनावेदक द्वारा बताया कि छोटी सी राशि की मांग नहीं किया गया है। ऐसे दशा में प्रकरण को चलाए जाने का कोई मतलब नहीं है इस हेतु प्रकरण को नस्ती बद्ध किया गया। जनसुनवाई के एक अन्य प्रकरण में दोनों पक्ष की बातों को सुना गया। एक-दूसरे के खिलाफ की गई शिकायतों को सुनने एवं दस्तावेजों को देखने में समय लगने के कारण दोनों पक्षों को समझाइश दिया गया। साथ ही दोनों पक्षों को अपने-अपने दस्तावेजों की तीन प्रति शपथ पत्र तैयार करवा कर आयोग में जमा कराने के निर्देश दिए गए। आवेदिका के प्रकरण की अगली सुनवाई रायपुर में रखी जाएगी। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित, अनावेदक 02 और 03 उपस्थित रहे एवं शेष अनावेदक अनुपस्थित थे। आवेदिका ने बताया कि उसके पति ने दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया है, जबकि आवेदिका से विधिवत् तलाक नहीं हुआ है। उनकी अनुपस्थिति होने पर थाना उरगा व थाना दीपका के तहत नौकरी व निवास है। दोनों थाना के माध्यम से अनावेदक को उपस्थित कराने के लिए थाना प्रभारी द्वारा पत्र प्रेषित की जाए। आवेदिका अपने पति का ऑफिस व घर का पता लिखकर जमा करें। इस प्रकरण में दूसरी लड़की के माता-पिता एवं आवेदिका के सास, ससुर और पति का नाम दर्ज किया जाए एवं शेष अनावेदक गणों का नाम हटाया जाए। प्रकरण की अगली सुनवाई रायपुर में रखा जाएगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित, अनावेदकगण उपस्थित रहे। अनावेदक ने बताया कि उसके बेटे की मृत्यु 19 फरवरी 2023 में हुई है और अनावेदिका उस समय नहीं थी। केवल उसके अंतिम संस्कार में उपस्थित हुई। अनावेदक ने पहले ही घर को अपने बेटे के नाम पर कर दिया था जो कि मकान अनावेदिका ने अपने खुद की कमाई से बनाया था। वर्तमान में वह अपनी बेटी के साथ नागपुर में रहती है, स्वास्थ्य खराब होने से बार-बार सुनवाई में आने में असमर्थ है। वह केवल अपने पोते उम्र 14 वर्ष से कभी कभी मिलना चाहती है।

# कोरबा व कटघोरा के जंगल में विचरण कर रहे शताधिक हाथी

## ग्रामीणों को किया गया सतर्क

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल के जंगलों में शताधिक हाथी विचरण कर रहे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। वन विभाग ने संभावित खतरे को देखते हुए ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। जानकारी के अनुसार 33 हाथी कटघोरा वनमंडल के केंदई, पसान व एतमानगर रेंज में है जबकि 82 हाथियों का 3 अलग-अलग दल कोरबा वनमंडल अंतर्गत कुदमुरा, पसरखेत व कोरबा रेंज में अपनी सक्रियता बनाए हुए है। 41 हाथियों का दल धरमजयगढ़ से करतला रेंज के ग्राम तरईमार पहुंचा और उत्पात मचाते हुए यहां एक ग्रामीण के धान की खरही को चट कर दिया। वहीं खेतों में लगे फेंसिंग खंभों को भी नुकसान पहुंचाया। हाथियों का दल यहां काफी देर तक उत्पात मचाता रहा। ग्राम तरईमार में खरही व फेंसिंग खंभों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का यह दल कुदमुरा रेंज की सरहद पर पहुंच गया और सरहद को पार करने के बाद धोबनीमार जंगल के कक्ष क्रमांक पी.1140 में डेरा जमा दिया। वर्तमान में हाथियों का यह दल यहां विश्राम कर रहा है। बड़ी संख्या में हाथियों की पहुंचने की सूचना मिलने पर कुदमुरा से वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वहीं धोबनीमार व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे जंगल की ओर न जाएं क्योंकि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों का आगमन हो गया है और वे जंगलों में घूम रहे हैं। उधर कोरबा परिक्षेत्र के दरगा में मौजूद 41 अन्य हाथियों का झुंड एक बार फिर 2 झुंडों में विभक्त हो गया है। एक झुंड में जहा 23 हाथी हैं और वह दरगा पहाड़ पर घूम रहे हैं और दूसरे झुंड में हाथियों की संख्या 18 बताई गई है जो पसरखेत व कोरबा रेंज की सीमा पर स्थित छिंदकोना पहुंच गए हैं। हाथियों का यह दल बहरहाल शांत है। हाथियों ने कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के सेमरहा में 15, एतमानगर के बंजारी में 12 तथा केंदई के लालपुर डंपिंग एरिया में 6 हाथी अपनी मौजूदगी बनाए हुए हैं। इस तरह जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल के जंगलों में 100 से अधिक हाथी घूम रहे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। उसके अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

# कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजना की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित मिशन वात्सल्य योजना की समीक्षा बैठक लेकर बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के लंबित प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बाल विवाह नियंत्रण के संबंध में जानकारी ली तथा बाल विवाह नियंत्रण में प्रगति लाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन वात्सल्य योजना में रिक्त पदों की भर्ती हेतु कहा गया। इस अवसर पर मिशन वात्सल्य, नवा बिहान और सखी वन स्टॉप सेन्टर के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार पाण्डेय एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने कलेक्टर को एजेण्डावार जानकारी देते हुए बाल संरक्षण योजना के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में अधिक समय से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने संस्थाओं में संरक्षित बच्चों को नये सत्र 2023-24 में स्कूल दाखिला कराने के लिए कहा। साथ ही अशासकीय संस्थाओं में संरक्षित बच्चों को कौशल विकास के तहत् प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल देखरेख संस्थाओं में आवश्यक व्यवस्था हेतु शासन के मापदण्ड अनुसार भोजन, नाश्ता, संस्थाओं का साफ-सफाई, बच्चों का सुरक्षा, स्वास्थ्य जाँच एवं संस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करने की बात कही। जिले में बाल विवाह रोकथाम प्रकरणों की संख्या से असंतुष्टि जाहिर करते हुए, बाल विवाह रोकथाम के क्षेत्र में और अधिक कार्य करने के लिए निर्देशित किया है।

# कलेक्टर ने सभी से रेडक्रॉस में आजीवन सदस्यता ग्रहण करने की अपील की



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

2 जून को राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी छ.ग. के निर्देशानुसार एम.के. राउत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के साथ विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आज रेडक्रास सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। विडियो कान्फ्रेंस में एम.के. राउत द्वारा सदस्यता हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के लिए चर्चा की गई। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत को रेडक्रास के सदस्य बनाते हुए अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर की प्रशंसा की। बैठक मे एजेन्डा अनुसार शव वाहन एम्बुलेंस क्रय करने, मेडिकल स्टोर, फर्स्ट एड प्रशिक्षण आयोजित, नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित, टी.बी. मरीजों को पौष्टिक पोषण आहार प्रदाय करने एवं सदस्यता अभियान चलाने हेतु विषयों पर चर्चा की गयी। कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारियों को रेडक्रास की आजीवन सदस्यता लेने प्रोत्साहित किया। बैठक पश्चात कलेक्टर द्वारा सभी हाई स्कूल व हायर सेकण्ड्री स्कूलों में फर्स्ट एड प्रशिक्षण आयोजित, जिला चिकित्सालय में शव वाहन उपलब्ध कराने, नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित एवं शासकीय दिव्यांग स्कूल पेण्ड्री में स्कूल बस उपलब्ध कराने के लिए रेडक्रास सोसायटी एवं समाज कल्याण के माध्यम से कार्य करने हेतु निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वंदना सिसोदिया, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे, डॉ अनिल जगत, डी पी एम उत्कर्ष तिवारी एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पिछड़ी जनजाति के 140 शिक्षित युवाओं को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति

## विधायक और कलेक्टर ने शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर विधायक विनय भगत एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की उपस्थिति में जिले के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं में कुल 140 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं का काऊंसलिंग के माध्यम से पदांकन किया गया है। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को बधाई दी तथा बेहतर टीचिंग कार्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा समाज के लोगों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### परीविक्षा अवधि शुरू

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं को उनकी पात्रतानुसार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत् शिक्षा विभाग द्वारा कुल 142 विशेष पिछड़ी जनजातियों के शिक्षित चयनित युवाओं को छ.ग. शासन के नियमानुसार 03 (तीन) वर्ष की परिवीक्षा अवधि में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति आदेश जारी किया गया था।

# आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑफलाईन आवेदन 9 जून तक

जशपुरनगर. जिला शिक्षा अधिकारी, सह सचिव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 05 मई 2023 तक निर्धारित की गई थी। जिले में संचालित नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तपकरा, कोतबा एवं दोकड़ा में प्रवेश के लिए सीट रिक्त होने के कारण ऑफलाईन के माध्यम से आवेदन 09 जून 2023 तक तक प्रस्तुत कर सकते हैं। संस्था प्रमुख द्वारा 16 जून 2023 तक रिक्त सीट से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी कर सीट पूर्ति की कार्यवाही की जाएगी।

# 15 चिरायु टीम दूरस्थ अंचल के आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का कर रही है स्वास्थ्य परीक्षण

## बीमार बच्चों को निःशुल्क ईलाज के लिए सरकार भेजती है बड़े अस्पतालों में

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित चिरायु योजना दूरस्थ अंचल के बच्चों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। बच्चों के गंभीर बिमारी को चिन्हांकित करके उनके लिए इलाज की व्यवस्था करती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बच्चों के ईलाज के लिए बड़े से बड़े अस्पताल में भेजा जाता है और प्रशासन ईलाज का पूरा खर्च वहन करता है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग के टीम जिले के आंगनबा?ी केन्द्रों में जा करके नन्हें-मुन्हें बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है और गंभीर बिमारी से प्रभावित बच्चों का पोर्टल में एंट्री करके ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही। स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम आज कांसाबेल विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र चिड़ौरा, पत्थलगांव विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र गाला, फरसाबहार विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र तपकरा, टोंगरीटोली, बगीचा विकासखण्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र रौनी सहित अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के प्रयास से 90 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों को चिरायु योजना का लाभ मिला। मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना के तहत 6 हजार विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करके निःशुल्क दवाई दी गई है।


# एनएच 43 का मरम्मत कार्य शुरू आवागमन होगी सुगम, पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत



**जशपुरनगर।** एनएच 43 पत्थलगांव से कुनकुरी तक सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। विगत दिनों पीडब्ल्यूडी प्रमुख अभियंता के.के.पिपारी द्वारा एनएच 43 का दौरा कर निरीक्षण किया गया था। प्रमुख अभियंता के निर्देशानुसार बंदरचुआ से डुगडुगीया कुनकुरी तक स?क मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिससे आवागमन में सुगम होगी। एनएच 43 के उप अभियंता अशोक शेसर ने बताया की मरम्मत कार्य टी.बी.सी.एल शहडोल द्वारा किया जा रहा है। पत्थलगांव में मरम्मत कार्य प्रगति पर है। लुडेग में री एलाइनमेंट का कार्य प्रारंभ हो गया है।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय की 50 एकड़ की दान की भूमि पर कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



क्र. दिनांक 31.05.2023

प्रति,

श्रीमान् सचिव महोदय (भारसाधक)
छत्तीसगढ़ शासन
कृषि विभाग
मंत्रालय,रायपुर(छ.ग)

विषयः— कृषि शोध विज्ञान केन्द/कृषि महाविद्यालय खोले जाने की मॉग संबंधी.

संदर्भः— कार्यलय,मुख्यमंत्री निवास,छत्तीसगढ़ शासन से आपको प्रेषित पत्र कमांक 2500723004570/मु.मं.नि./2023,रायपुर दिनांक :28/03/2023.

महोदय,

आपको उपरोक्त संदर्भित पत्र प्रेषित किया गया है,जिसकी छायाप्रति इस पत्र के साथ आपके सादर अवलोकन हेतु संलग्न कर प्रेषित है.

संदर्भित पत्र में आपके द्वारा उपरोक्त विषय में कृत कार्यवाही से मुझे अवगत कराने हेतु लिखा गया है.किंतु आपकी ओर से मुझे आज तक अवगत नही कराया गया है.

अतः प्रार्थना है, कि कृपया मेरे पत्र पर कृत कार्यवाही से मुझे यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें.

संलग्न — 01 से 03 तक अपके सादर अवलोकन हेतु

भवदीय
(डॉ.ए.आर.बंजारे)

खरौद नगर में लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय को सन् 1965 में ग्राम खोरसी,पटवारी हल्का नंबर 0019,राजस्व निरीक्षक मंडल राहौद, तहसील पामगढ़ में ग्राम खोरसी के मालगुजार स्वर्गीय बद्रीनाथ दुबे ने 50 एकड़ की भूमि दान में दी थी। लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद का शासकीयकरण होने पर सन 1981 में लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय की समस्त चल-अचल संपत्ति शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के नाम पर दर्ज हो गई, जिसमें ग्राम खोरसी की 50 एकड़ भूमि भी सम्मिलित थी। कॉलेज के शासकीयकरण के बाद उक्त 50 एकड़ भूमि का उपयोग चोरी-छिपे कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा किया जाता रहा, जिस पर तत्कालीन प्राचार्य डॉ ए.आर.बंजारे ने कलेक्टर जांजगीर और राजस्व विभाग पामगढ़ से सहयोग लेकर स्वार्थी तत्वों से भूमि को कॉलेज के अधीन कराते हुए उनके चंगुल से मुक्त कराया। इस संबंध में तत्कालीन जिला कलेक्टर जांजगीर ओ.पी चौधरी ने 2014 में विशेष रुप से ध्यान देते हुए सहयोग किया। 19/10/2022 को भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शिवरीनारायण प्रवास पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कॉलेज खरौद के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ.ए.आर बंजारे ने इस आशय का मांग पत्र दिया कि 50 एकड़ की उक्त भूमि का उपयोग करने शासन खोरसी में कृषि विज्ञान शोध केंद्र/कृषि महाविद्यालय की स्थापना कर दे। इस मांग पत्र को मुख्यमंत्री ने अत्यंत गंभीरता से लिया और जमीन के कागजात की मांग की जिसे डॉक्टर बंजारे ने तुरंत ही मंच में उन्हें सौंप दिया।इस मांग पत्र पर कार्यवाही करते हुए माननीय मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी विशाल कुमार महाराणा ने खोरसी में कृषि महाविद्यालय/कृषि शोध विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन,मंत्रालय के सचिव (भारसाधक) को 28/03/2023 को पत्र लिखा जिसमें इस बात का भी जिक्र किया गया कि कृषि महाविद्यालय/कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने की कार्यवाही की सूचना आवेदक डॉक्टर ए.आर.बंजारे को भी दी जावे।सचिव (भारसाधक) द्वारा आवेदक डॉक्टर ए.आर.बंजारे को आज तक कोई सूचना नहीं दी गई है। इस पर डॉ बंजारे ने 31/05/2023 को भारसाधक अधिकारी महोदय को पत्र प्रेषित किया है। अब देखना यह है, कि इस पर सचिव कृषि विभाग(भारसाधक) मंत्रालय रायपुर के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है अथवा कार्यवाही को लंबित रख दिया जाता है।

# विद्युत अधोसंरचना विकास योजनाओं से उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ : सीएमडी देवांगन

**- केंद्रीय रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन के चेयरमेन विवेक देवांगन ने स्मार्ट मीटरिंग की समीक्षा की**





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कार्पोरेशन (आरईसी-ग्रामीण विद्युतीकरण निगम) नई दिल्ली के चेयरमेन सह प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन (आईएएस) ने छत्तीसगढ़ में विद्युत विकास की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) व स्मार्ट मीटरिंग योजना की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तेज गति से विकास ओर अग्रसर है। यहां विकास की बहुत अधिक संभावना है। बिजली की निर्बाध आपूर्ति के मामले में छत्तीसगढ़ दूसरे राज्यों की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। अधोसंरचना विकास की नई योजनाओं से भविष्य में लाइन लॉस में कमी आएगी, जिसका लाभ उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली के रूप में मिलेगा। आरईसी के चेयरमेन देवांगन ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डगनिया स्थिति मुख्यालय सेवा भवन में उच्च अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे के साथ आरईसी के निदेशक संजय बंसल और चीफ प्रोग्रामिंग मैनेजर प्रदीप फैलोस विशेष रूप से उपस्थित थे। एमडी खरे ने बताया कि प्रदेश में आठ क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जिनके माध्यम से 60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाने का विशाल तंत्र है। वर्तमान में प्रदेश में विद्युत की अधिकतम मांग 5878 मेगावाट पहुंच चुकी है। इतनी अधिक मांग को भी बिना किसी कटौती के पूरी की गई। आरईसी के चेयरमेन देवांगन ने छत्तीसगढ़ में विद्युत आपूर्ति को उत्कृष्ट बताते हुए संतोष जताया और विद्युत अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए आरईसी से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग, कृषि पंपों के फीडर पृथकीकरण, वितरण हानि दूर करने की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ को अच्छा कार्य करना है। मुख्य अभियंता (परियोजना) राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि स्मार्ट मीटर के लिए तीन पैकेज में निविदा प्रक्रिया की जा रही है, जिसमें से पैकेज-01 में अंबिकापुर, रायगढ़ व बिलासपुर क्षेत्र तथा पैकेज-02 में रायपुर के लिए निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पैकेज-03 में राजनांदगांव,दुर्ग और जगदलपुर क्षेत्र के लिए पुनः निविदा आमंत्रित की जा रही है। पहले चरण में शासकीय संस्थाओं में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड केबलिंग के प्रस्ताव पर भी चर्चा की। सीएमडी देवांगन ने आरडीएसएस की प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि प्रस्तावित नई योजनाओं के लिए भी सहयोग देने की बात कही। उन्होंने अधिक लाइन लास वाले क्षेत्रों में इसे रोकने के लिए एआई बेस्ड मानिटिरिंग के पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ करने कहा। बैठक में कार्यपालक निदेशक (संचारण एवं संधारण) भीम सिंह, आलोक सिंह, सरोज तिवारी, ज्योति नन्नोरे, शारदा रानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उद्योग, वाणिज्यकर एवं आबकारी मंत्री तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान जिले में संचालित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली। जिसमें तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा अर्न्तगत सृजित मानव दिवस मजदूरी के भुगतान आधार पेमेंट स्वीकृत आंगनबाड़ी पीडीएस एवं पंचायत भवन के निर्माण कार्य की प्रगति सहित मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना का कार्य स्कूल खुलने से पहले सभी मरम्मत कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौठानों में नियमित रूप से आजीविकामूलक कार्य संचालित करने एवं महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने सभी जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से गौठानों का निरीक्षण कर समूह की महिलाओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## इंजीनियरिंग स्नातकों को नगरीय विकास के क्षेत्र में काम करने का मिलेगा अवसर

**इन्टर्नशिप के लिए 416 युवाओं को मिलेगा**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग डिग्री धारी युवाओं को अब स्वच्छ ट्यूलिप इन्टर्नशिप के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सैनिटेशन, यूज्ड वॉटर, आई.ई.सी. जैसे क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राज्य के समस्त निकायों में लगभग 416 युवाओं को मौका दिया जा रहा है। इस इन्टर्नशिप के लिए बीई, बीटेक या सामान्य योग्यताधारी युवा 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने राज्य के युवाओं को इस पहल से जुड़ने की अपील की है। नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस इन्टर्नशिप के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता मॉडल में काम करने का अवसर मिलेगा और ए.आई.सी.टी.ई. पोर्टल से प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। इन्टर्नशिप सफलता पूर्वक पूर्ण करने वाले युवाओं को पूरी अवधि हेतु 4 हजार रूपये तक का स्टायफण्ड नगरीय निकायों द्वारा दिए जाने का प्रावधान है।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403